RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 294
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 31 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

प्रज्ञानानंदा का घर पहुंचने पर नायकों की तरह स्वागत
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

इंडिया की बैठक आज से, सीट बंटवारे जैसे मुद्दे होंगे अहम

- दो दिवसीय बैठक में समवन्य समिति की स्थापना व लोकसभा चुनाव के लिए साझा न्यूनतम कार्यक्रम का मसौदा तैयार करने के लिए टीम का भी होगा गठन
- 28 राजनीतिक दलों के 63 नेता भाग लेंगे, पटना और बेंगलुरु के बाद विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक

टीएन रघुनाथ। मुंबई

मुंबई में संवाददाता सम्मेलन में महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले, शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे तथा राकांपा प्रमुख शरद पवार।

मोदी सरकार द्वारा इस साल के अंत में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ लोकसभा चुनाव कराने की संभावना को देखते हुए, विपक्ष इंडिया गठबंधन बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रहे दो दिवसीय बैठक में सीट-बंटवारे, समन्वय समिति की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए साझा न्यूनतम कार्यक्रम का मसौदा तैयार करने के लिए एक टीम का गठन का करेगा।

हालांकि मीडिया में ऐसी अटकलें हैं कि उत्तर-पश्चिम मुंबई के होटल ग्रैंड हयात में होने वाली दो दिवसीय बैठक में इंडिया गठबंधन अपने चेहरे की घोषणा कर सकता है, लेकिन ऐसा मुश्किल ही है। बैठक में 28 राजनीतिक दलों के 63 नेता भाग लेंगे। पटना और बेंगलुरु के बाद विपक्षी गठबंधन की यह तीसरी बैठक है। गठबंधन विपक्ष के लिए एक लोगो तथा विपक्ष को एकजुट रखने की रणनीति जैसे मुद्दों पर विचार कर सकता है। मुंबई बैठक के मेजबानों में शामिल राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा कि 'देश में लोग' बदलाव चाहते हैं और इंडिया गठबंधन बदलाव के लिए एक व्यवहार्य विकल्प प्रदान करेगा। यह संकेत देते हुए कि बैठक में सीट-बंटवारे पर बातचीत हो सकती है, पवार ने कहा, इंडिया गठबंधन ने अब तक सीट-बंटवारे पर बातचीत शुरू नहीं की है। पहली दो बैठकें (पटना और बेंगलुरु में आयोजित) बहुत महत्वपूर्ण थीं। कल से हम न्यूनतम साझा कार्यक्रम (शेष पेज 9)

एक दिन पहले मुंबई पहुंची ममता बनर्जी

मुंबई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की दो दिवसीय बैठक की पूर्व संध्या पर बुधवार को यहां पहुंचीं। शिवसेना (यूटीबी) के नेता आदित्य ठाकरे और महाविकास आघाड़ी (एमवीए) में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) तथा कांग्रेस के सदस्यों ने शहर के हवाई अड्डे पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख बनर्जी का स्वागत किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, उनके पिता व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद मंगलवार शाम मुंबई पहुंचे थे। कांग्रेस की मुंबई इकाई के एक नेता ने बताया कि बुधवार शाम तक दक्षिणी राज्यों के नेताओं के भी यहां पहुंचने की उम्मीद है।

रोवर ने लैंडर की तस्वीर ली, मुस्कुराया देश



चंद्रयान-3 मिशन के प्रज्ञान रोवर ने बुधवार को विक्रम लैंडर की एक तस्वीर खींची। इसरो द्वारा साझा की गई तस्वीर रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरा (नैवकैम) द्वारा ली गई है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, स्माइल प्लीज (कृपया मुस्कराएं)। प्रज्ञान रोवर ने आज सुबह विक्रम लैंडर की तस्वीर खींची। लैंडर और रोवर को एक चंद्र दिवस (पृथ्वी के 14 दिन के बराबर) तक कार्य करने के लिए विकसित किया गया है।

बसपा अकेले ही लड़ेगी लोकसभा व चार राज्यों में विधानसभा चुनाव

- पार्टी प्रमुख मायावती ने विपक्षी गठबंधन इंडिया और भाजपा से समान दूरी बनाए रखने की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि बीएसपी विरोधियों के जुगाड़, जोड़तोड़ से ज्यादा समाज के टूटे-बिखरे हुए करोड़ों उपेक्षितों को आपसी भाईचारा के आधार पर जोड़कर उनके गठबंधन से सन 2007 की तरह अकेले आगामी लोकसभा तथा चार राज्यों में विधानसभा का आमचुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि इस बारे में मीडिया बार-बार भ्रान्तियां न फैलाएं। बसपा अध्यक्ष ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि एनडीए व इंडिया गठबंधन अधिकतर गरीब-विरोधी जातिवादी, साम्प्रदायिक, धन्नासेठ-समर्थक व पूंजीवादी नीतियों वाली पार्टियां हैं। जिनकी नीतियों के विरुद्ध बीएसपी अनवरत संघर्षरत है और इसीलिए इनसे गठबंधन करके चुनाव लड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने कहा कि वैसे तो बीएसपी से गठबंधन के लिए यहां सभी आतुर हैं, किन्तु ऐसा न करने पर विपक्षी द्वारा खिसयानी बिल्ली खंभा नोचे की तरह भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाते हैं। इनसे मिल जाएं तो सेक्युलर, न मिलें तो भाजपाई। यह घोर अनुचित तथा अंगूर मिल जाए तो ठीक वरना अंगूर खट्टे हैं, की कहावत जैसी। इसके अलावा इमरान मसूद पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बीएसपी से निकाले जाने पर सहारनपुर के पूर्व विधायक कांग्रेस व उस पार्टी के शीर्ष नेताओं की प्रशंसा में व्यस्त हैं, जिससे लोगों में यह सवाल स्वाभाविक है कि उन्होंने पहले यह पार्टी छोड़ी क्यों और फिर दूसरी पार्टी में गए ही क्यों? ऐसे लोगों पर जनता कैसे भरोसा करे।

सर्वे: अस्सी प्रतिशत भारतीयों की पसंद नरेंद्र मोदी

- पीयू रिसर्च सेंटर के एक सर्वेक्षण के मुताबिक पूरी दुनिया में भारत के बारे में लोगों की राय आमतौर पर सकारात्मक
- 10 में से लगभग सात भारतीय मानते हैं कि उनका देश हाल के समय में अधिक प्रभावशाली हो गया है

एजेंसी। वाशिंगटन

पीयू रिसर्च सेंटर के एक सर्वेक्षण के अनुसार करीब 80 प्रतिशत भारतीयों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर अनुकूल राय है और 10 में से लगभग सात भारतीय मानते हैं कि उनका देश हाल के समय में अधिक प्रभावशाली हो गया है।

जी20 शिखर सम्मेलन से पहले जारी सर्वेक्षण की रिपोर्ट में कहा गया है कि पूरी दुनिया में भारत के बारे में लोगों की राय आमतौर पर सकारात्मक थी और औसतन 46 प्रतिशत लोगों ने देश के बारे में अनुकूल राय व्यक्त की, वहीं 34 प्रतिशत के विचार प्रतिकूल थे। 16 प्रतिशत लोगों ने कोई राय ही नहीं रखी। रिपोर्ट के अनुसार इजराइल में भारत को लेकर ज्यादातर सकारात्मक राय है, जहां 71 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनकी राय भारत को लेकर अच्छी है। पीयू ने कहा कि यह सर्वेक्षण 20 फरवरी से 22 मई तक किया गया जिसमें भारत समेत 24 देशों के 30,861 वयस्क प्रतिभागी शामिल हुए। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र (शेष पेज 9)

नई दिल्ली में रक्षाबंधन के मौके पर स्कूल के बच्चों ने प्रधानमंत्री को राखी बांधी। इस मौके पर नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी।

गौरक्षक बिट्टू बजरंगी को जमानत मिली

भाषा। गुरुग्राम, नूंह

इस महीने की शुरुआत में नूंह में हुई सांप्रदायिक झड़पों के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए कथित गौरक्षक बिट्टू बजरंगी को बुधवार को एक अदालत ने जमानत दे दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। बजरंगी को 17 अगस्त को नूंह की अदालत में पेश किया गया जिसके बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वह फरीदाबाद जिले में स्थित नीमका जेल में बंद है। नूंह पुलिस ने बताया कि बुधवार को बजरंगी की जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) संदीप कुमार की अदालत ने उसे जमानत दे दी। बिट्टू बजरंगी उर्फ राजकुमार को सहायक पुलिस अधीक्षक ऊषा कुंडू की शिकायत पर नूंह सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था। प्राथमिकी के अनुसार सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पहचाने गए बजरंगी ने अपने कुछ अज्ञात समर्थकों के साथ कथित तौर पर एएसपी कुंडू के नेतृत्व वाली पुलिस टीम से दुर्व्यवहार किया था और धमकी (शेष पेज 9)

अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 31 अगस्त 2023 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 2 सितंबर 2023 को प्रकाशित होगा।

क्विक न्यूज

सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दिग्विजय सिंह पर मामला दर्ज

दमोह। जिले में एक जैन मंदिर को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस बीच, भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख वी डी शर्मा ने लोगों को गुमराह करने के लिए सोशल मीडिया एक्स (पूर्व ट्विटर) पर सिंह के अकाउंट को निलंबित करने की मांग की। राज्यसभा सदस्य सिंह (76) ने 27 अगस्त को एक्स पर अपने आधिकारिक अकाउंट पर एक पोस्ट में दावा किया था कि बजरंग दल के कुछ कथित असामाजिक तत्वों ने 26 अगस्त की रात कुंडलपुर (दमोह में) में जैन मंदिर परिसर में तोड़फोड़ की और वहां एक शिवलिंग रखा। जबकि ऐसा नहीं हुआ था। सिंह ने इस पोस्ट में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक को टैग किया था।

मणिपुर हिंसा मामले में सीबीआई ने जांच संभाली

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर में जातीय हिंसा के सिलसिले में दर्ज 27 प्राथमिकियों की जांच की जिम्मेदारी संभाल ली है, जिनमें 19 मामले महिलाओं के खिलाफ अपराध के हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मणिपुर में लगभग चार महीने पहले शुरू हुई हिंसा में 160 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार सीबीआई ने अब तक राज्य पुलिस द्वारा उसे सौंपे गए 27 मामलों में फिर से प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें, महिलाओं के खिलाफ अपराध के 19, भीड़ द्वारा शस्त्रागार में लूट के तीन, हत्या के दो और दंगे व हत्या, अपहरण तथा सामान्य आपराधिक षडयंत्र से संबंधित एक-एक मामला शामिल है। एजेंसी ने इन मामलों को फिर से दर्ज किया है, लेकिन पूर्वोत्तर राज्य में मौजूदा स्थिति की संवेदनशीलता के कारण इनका विवरण सार्वजनिक नहीं किया है। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई के दलों ने अपराध स्थलों के मुआयने के बाद संदिग्धों और पीड़ितों से पूछताछ शुरू कर दी है।

बच्चों संग रहने मां और दादा-दादी आ रहे कोटा

- इस साल अबतक सबसे ज्यादा 22 छात्रों ने यहां आत्महत्या की, पिछले साल 15 ने दी थी जान
- व्यस्त दिनचर्या, कठिन प्रतिस्पर्धा, बेहतर करने के नियमित दबाव के चलते अक्सर अवसाद में आ जाते हैं बच्चे

एजेंसी। कोटा

इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों के मुख्य केंद्र के रूप में प्रख्यात राजस्थान के कोटा शहर में दूसरे राज्यों से पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं से चिंतित उनकी मां या दादा-दादी अब उनके साथ रहने के लिए यहां आ रहे हैं।

छात्रों के अभिभावक के यहां उनके साथ रहने का यह मकसद है कि उनका बच्चा अवसाद में आकर आत्महत्या करने जैसा कोई कठोर कदम नहीं उठाए। बिहार के सीतामढ़ी की रहने वाली 80 वर्षीय नीरु देवी हाल में कोटा में रहने आई हैं क्योंकि उनका पोता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में दाखिले के लिए यहां इसकी प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा है। यहां मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तैयारी के दौरान छात्रों द्वारा महसूस किए जाने वाले दबाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, हम घर पर सुकून से नहीं रह पा रहे थे। इस साल अबतक सर्वाधिक संख्या में 22 छात्रों ने यहां आत्महत्या की है, जिनमें से दो ने 27 अगस्त को महज कुछ घंटों के अंतराल में आत्महत्या की। पिछले साल 15 छात्रों ने आत्महत्या की थी। व्यस्त दिनचर्या, कठिन प्रतिस्पर्धा, बेहतर करने का नियमित दबाव, माता-पिता के उम्मीदों का बोझ और घर से दूरी ऐसी समस्याएं हैं, जिनका सामना यहां दूसरे शहरों और देश के अन्य हिस्सों से आकर पढ़ाई करने वाले ज्यादातर छात्र महसूस करते हैं। अब कई माता-पिता अपने बच्चों को छात्रावासों में छोड़ना नहीं चाहते।

इसके बजाय वे कोटा में किराए पर मकान लेकर अपने बच्चों के साथ ही रहने का विकल्प चुन रहे हैं। मध्य प्रदेश के सतना की रहने वाली संध्या नाम की महिला अपने बेटे के साथ कोटा में रह रही हैं, जबकि उनके पति घर पर रहकर अन्य जिम्मेदारियों का निवर्हन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अब कम चिंतित हूं। मेरा बेटा रात को पढ़ता है...मैं उसे अपने हाथ से बनाकर चाय या कॉफी देती हूं। वह जानता है कि मैं उससे बात करने और माहौल को सहज बनाने के लिए उसके साथ हूं। वह इस महीने दो बार बीमार पड़ा था और मैं उसकी देखभाल करने के लिए मौजूद थी। मैं चाहती हूं कि वह संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) उत्तीर्ण करे, लेकिन मैं इस प्रक्रिया में अपने बेटे को खोना नहीं चाहती...हम यहां छात्रों के आत्महत्या करने के बारे में सुनते हैं और हम खतरा मोल नहीं ले सकते।

कोटा में हर साल करीब ढाई लाख विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं, जैसे कि इंजनीरियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए जेईई और मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए राष्ट्रीय अर्हता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी करने यहां आते हैं। नीरु देवी नाम की एक महिला ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम तमाम तरह की खबरें सुन रहे हैं। इसलिए हमने उसे हॉस्टल में नहीं रखने बल्कि उसके साथ रहने का फैसला किया... अब मैं उसके साथ रह रही हूं और अगर वह अच्छा प्रदर्शन नहीं करता है तो या सहज महसूस नहीं करता, तो उसकी मां यहां आ जाएगी। चंडीगढ़ की रहने वाली और (शेष पेज 9)

कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे बेटे के साथ रह रही मध्य प्रदेश की संध्या द्विवेदी।

दिल्ली में अमेजन प्रबंधक की गोली मारकर हत्या

- हमलावरों ने हरप्रीत और उसके मामा गोविंद पर की फायरिंग, घायल अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मृतक हरप्रीत गिल की फाइल फोटो

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन में वरिष्ठ प्रबंधक के तौर पर कार्यरत व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार की रात करीब साढ़े 11 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि सुभाष विहार में पांच अज्ञात लोगों ने हरप्रीत गिल (36) और उनके मामा गोविंद सिंह (32) पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया कि सिर में गोली लगने से घायल हुए गिल को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि गोविंद का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि गोलीबारी से पहले दोनों पक्षों के बीच बहस हुई थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तरपूर्व) जॉय तिर्की ने बताया कि गोली गिल के सिर के दाहिनी ओर से कान के (शेष पेज 9)

वकील की दिनदहाड़े चेंबर में गोली मारकर हत्या

गाजियाबाद तहसील में दो हमलावरों ने दिया वारदात को अंजाम, अधिवक्ताओं में भारी रोष-हंगामा

मनोज चौधरी की फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जांच करने पहुंची पुलिस, साथ में वकीलों की भीड़।

गाजियाबाद में बुधवार को चेंबर में घुसकर वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के वक्त वह अपने चैंबर में खाना खा रहे थे। तभी दो हमलावर आए।

उन्होंने वकील की कनपटी पर गोली मारी और फरार हो गए। वकील की मौके पर ही मौत हो गई। घटना का पता चलते ही बड़ी संख्या में वकील इकट्ठा हो गए हैं। पुलिस मौके पर जांच कर रही है। शुरुआती जांच में मृतक वकील के बहनाई पर हत्या का शक जा रहा है। प्रदेश में वकीलों के प्रदर्शन के चलते तहसील में काफी पुलिस फोर्स तैनात थी, इसके बावजूद हमलावर हत्या करके फरार हो गए। इससे पुलिस सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

वहीं, पुलिस के मुताबिक, फुटेज में दो संदिग्ध युवक कैद हुए हैं। दोनों दोपहर करीब 1:38 बजे मुंह पर रुमाल बांधकर बाइक से तहसील में घुसे थे। पुलिस दोनों संदिग्ध युवकों की तलाश कर रही है। मामला सिहानी गेट थाना क्षेत्र की सदर तहसील का है।

बुधवार दोपहर करीब 2 बजे मनोज चौधरी 35 चैंबर नंबर-95 में खाना खा रहे थे। उनके साथ तीन अन्य लोग भी बैठे थे। तभी 2 अज्ञात युवक चैंबर में घुस आए। जब तक कोई कुछ समझ पाता, उन्होंने मनोज चौधरी की कनपटी पर गोली मारी और भाग गए। वारदात के बाद चैंबर में बैठे लोग चीखते हुए बाहर की ओर भागे। वहीं, गोली की आवाज सुनकर भगदड़ मच गई। घटना का पता चलने पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर दिनेश कुमार पीए निपुण अग्रवाल कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद वकील का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। चेंबर में मौजूद अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। वारदात से वकीलों में गुस्सा है। वकीलों के हंगामे की आशंका के चलते कई थानों का फोर्स तहसील परिसर के आसपास तैनात कर दिया गया है। हत्या किस वजह से हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

हालांकि शुरुआती जांच में पता चला है कि मनोज चौधरी का बहनोई से विवाद चल रहा था। वारदात के बाद से वह लापता है। इसलिए उसी पर वारदात का शक है। फि लहाल पुलिस टीमें उसको खोज रही हैं। मनोज चौधरी तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव भी लड़ चुके थे। सदर तहसील का चेंबर नंबर-95 मुनेश त्यागी का है। वह गांव दुहाई के रहने वाले हैं और बैनामा लेखक हैं। इसी चेंबर में वकील मनोज चौधरी उर्फ मोनू बैठते थे। वारदात के चश्मदीद बैनामा लेखक मुनेश त्यागी हैं। मुनेश त्यागी ने बताया, दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास मैं, अधिवक्ता मनोज चौधरी, मुंशी जितेंद्र और गौरव खाना खा रहे थे।

इस दौरान दो नकाबपोश बदमाश चैंबर में घुस आए। उन्होंने मनोज चौधरी कनपटी में गोली मार दी और पैदल ही भाग गए। हम कुछ समझ ही नहीं पाए। चंद सेकेंड में ये सारा घटनाक्रम हुआ। मृतक मनोज चौधरी उर्फ मोनू की बहन सरिता ने अपने पति और देवर पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

सरिता ने बताया, पति से मेरा विवाद चल रहा है। इसी वजह से 24 जून से अपने मायके में रह रही हूं। तीन दिन पहले मेरे पति और देवर ने भाई मनोज को धमकी दी थी। मनोज गोविंदपुरम के रहने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

खाड़ी देशों में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

- यूपी-बिहार के बेरोजगारों को करते थे चिन्हित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले की फेज-। थाना पुलिस ने बुधवार सुबह एक सूचना के आधार पर कुवैत में नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। फेज-। थाने के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि एक व्यक्ति ने मंगलवार रात रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दुबई और कुवैत भेजने के नाम पर दो लोगों ने उसके साथ 40 हजार रुपए की ठगी की है।

दुबे के मुताबिक, घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने बुधवार सुबह एक सूचना के आधार पर शेर आलम और हशरे आलम नामक दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शेर और हशरे के खिलाफ पहले भी दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। दुबे के अनुसार, आरोपियों के पास से पुलिस ने दो लैपटॉप, दो सीपीयू, दो मॉनिटर, एक प्रिंटर, 22 पासपोर्ट, 17 फर्जी वीजा, 110 विजिटिंग कार्ड, तीन रजिस्टर, तीन मोबाइल फोन और 23 हजार रुपए नगद बरामद किया है।

उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों को नौकरी के लिए खाड़ी देशों में भेजने के नाम पर अपने जाल में फसाते हैं तथा उनसे लाखों रुपए की ठगी करते हैं।

दिव्यांग बच्चों की अश्लील वीडियो बनाकर इंटरनेट पर डालने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले के सेक्टर-20 थाना क्षेत्र के सेक्टर-30 में एक डॉक्टर को मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों का इलाज करने के नाम पर उनका अश्लील वीडियो बनाने और इंटरनेट पर डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्तहरिश चंदर ने बताया कि सेक्टर-20 थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर डॉ. गुरदीप सिंह को गिरफ्तार किया, जो सेक्टर-30 में क्लीनिक चलाता है और विक्षिप्त बच्चों का इलाज करता है। चंदर के मुताबिक, सिंह ने 10 से 11 साल की कई बच्चियों की नग्न तस्वीर सोशल मीडिया पर प्रसारित कीं। उन्होंने बताया कि सिंह इन बच्चियों के परिजनों को ब्लैकमेल भी करता है। चंदर के अनुसार, घटना की सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार को आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर उसे अदालत में पेश किया।

अस्पताल मालिक ने किया नर्स का काम सीखने आई किशोरी से दुष्कर्म

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के बिसरख थाना क्षेत्र के तिगरी गांव में स्थित एक अस्पताल के मालिक ने वहां नर्स का काम सीखने आई एक किशोरी के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) सुनिति ने बताया कि बिसरख थाना क्षेत्र के तिगरी गांव स्थित एक निजी अस्पताल के मालिक रिंकू पाल ने वहां पर नर्स का काम सीखने आई 17 वर्षीय किशोरी के साथ बुधवार सुबह कथित तौर पर बलात्कार किया। सुनिति के मुताबिक, जब किशोरी ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने अस्पताल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है और उसे अदालत में पेश किया गया है। कमिश्नरेट पुलिस के पास जब यह यह घटना बताई गई, तो नोएडा कमिश्नरेट ने इस पर कड़ा रिएक्शन दिया है। बिसरख अनिल कुमारा राजपूत ने इस घटना की गंभीरता को देखते हुए बड़े ही विस्तार में इस पर बड़ी कार्रवाई की है। पीड़िता की शिकायत के बाद तत्परता से पुलिस ने की कार्रवाई की। घटना के कुछ ही समय के बाद कोतवाली बिसरख पुलिस ने रेपिस्ट को अरेस्ट कर लिया। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सलाखों के पीछे का रास्ता दिखाया।

डंपिंग ग्राउंड नहीं, अब बनेगा इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

- 26 एकड़ में बनेगा हॉल, 34 करोड़ होंगे खर्च

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सीईओ लोकेश एम

नोएडा के सेक्टर-123 में जहां 2018 में डंपिंग ग्राउंड बनाया जा रहा था। वहां अब आलीशान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। इसका एक प्रेजेंटेशन नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम के सामने किया गया।

लोकेश एम ने बताया कि प्रेजेंटेशन को देखा गया। इसमें कुछ संशोधन बताए गए है। इसे इंटरनेशनल मानकों के हिसाब से तैयार किया जाएगा। ताकि यहां से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनकर बाहर निकले। दरअसल, 2018 में एनजीटी ने सेक्टर.54 लैंडफिल साइट पर कूड़ा नहीं फेंकने का आदेश दिया। समस्या ये थी नोएडा से रोजाना निकलने वाले 600 मैट्रिक टन कूड़े को कहा डंप किया जाए। मास्टर प्लान में सेक्टर-123 के इस 9 हजार वर्गमीटर जमीन पर लैंडफिल साइट बनाने का निर्णय लिया गया और यहां भारी पुलिस फोर्स के साथ काम शुरू किया गया।

इसका यहां की सोसाइटी और ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। राजनीतिक रूप से मामला तूल पकड़ने के बाद इसका स्थान बदलकर सेक्टर.145 किया गया। और गढ्ढे को ढक दिया गया।2018 के बाद से ये लैंड खाली थी। प्राधिकरण ने इस जमीन का भू प्रयोग बदला और इसे स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए यूज करने के लिए कहा गया।

ऐसे में अब यहां इंटरनेशनल मानकों पर आधारित स्पोर्ट्स कंप्लैक्स का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सलाहकार कंपनी ओरायन आर्किटेक्ट को हायर किया गया। जिसमें करीब 26.65 एकड़ में अपना प्लान बनाकर सीईओ के सामने प्रस्तुत किया।

ओरायन आर्किटेक्ट की पार्टनर नीलिमा ने बताया कि सीईओ ने संशोधन के लिए कहा है। इस पर काम किया जा रहा है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि स्पोर्ट्स कंप्लैक्स को दो फेज में तैयार किया जाएगा। पहला फेज 14.92 एकड़ का होगा और दूसरा फेज 11.73 एकड़ का होगा। इन दोनों फेज में बनने वाली स्पोर्टस एक्टिविटी के लिए 34-43 का बजट बनाया गया है। हालांकि बजट में वैरिएशन हो सकता है। स्पोर्ट्स कंप्लैक्स में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग बनाई जाएगी। इसकी क्षमता 144 कार की होगी। इसके अलावा टू व्हीलर की अलग पार्किंग होगी। एक मल्टीपर्पज हॉल तैयार किया जाएगा। इसकी सिटिंग क्षमता 400 के आसपास होगी।

इन सभी का डिजाइन तैयार किया जा चुका है। नोएडा में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के नाम पर सेक्टर.21ए स्टेडियम है। यहां भी अधिकांश सुविधाएं है। लेकिन भीड़ होने की वजह से खिलाड़ी को स्थान नहीं मिल पाता। ऐसे में नया बनाया जा रहा स्पोर्ट्स कंप्लैक्स काफी हद तक उभरते हुए खिलाड़ियों को सहूलियत देंगे। इसके अलावा सेक्टर-122ए, पर्थला, सेक्टर-119, सेक्टर-121, सर्फाबाद और ग्रेनो वेस्ट के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

शाहदरा ड्रेन में दुर्गंध दूर करने की तैयारी!

- नाले में बढ़ायीं जाएगी ऑक्सीजन की मात्रा, सेक्टर-14ए में पायलट प्रोजेक्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा की सुंदरता में कोढ़ साबित हो रहे शाहदरा ड्रेन से उठने वाली दुर्गंध को दूर करने के लिए अब शाहदरा ड्रेन में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने की तैयारी चल रही है। इसके तहत नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-14ए में एक पायलट प्रोजेक्ट लगाने वाला है। प्राधिकरण का यह प्रयोग सफल रहा, तो इसे पूरे नाले पर आजमाया जाएगा।

प्राधिकरण के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शाहदरा ड्रेन में मशीनों के माध्यम से फ्लावर बेड या जलीय पौधों के जरिए पानी का बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड बीओडी का स्तर बढ़ाया जाएगा। दावा है कि इससे जलीय जीवों और जलीय शैवाल का लाभ पहुंचेगा, जिससे ऑक्सीडेशन की प्रक्रिया शुरू होगी। इससे तैयार होने वाले ऑक्सीजन के कारण पानी से उठने वाली बदबू में धीरे.धीरे कमी आएगी। सूत्रों का कहना है कि इसके लिए सलाहकार कंपनी हायर की जा रही है। यह कंपनी सेक्टर-14ए के पास शाहदरा ड्रेन के नाले पर अपना प्रोजेक्ट लगाएगी। प्रोजेक्ट रिपोर्ट आने के बाद यदि सब ठीक रहता है और बीओडी का स्तर बढ़ता है, तो शाहदरा ड्रेन के साथ ही अन्य बड़े नालों में भी इस प्रोजेक्ट का प्रयोग किया जाएगा। हालांकि इससे पहले भी शाहदरा ड्रेन से उठने वाली बदबू को दूर करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। शाहदरा ड्रेन के किनारे खुशबूदार पौधे लगाकर भी दुर्गंध को दूर करने का प्रयास किया गया था। लेकिन यह प्रयास विफल हो गया था। उम्मीद जताई जा रही है कि शाहदरा ड्रेन में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाकर इससे उठने वाली बदबू को काबू में किया जा सकेगा।

नोएडा ट्विन टावर की जमीन के हक को लेकर नया विवाद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-93ए सुपरटेक एमराल्ड में जिस जमीन पर ट्विन टावर बने थे उसको लेकर नया विवाद सामने आया है।

प्राधिकरण दस्तावेजों के अनुसार ये जमीन सुपर टेक लिमिटेड की है, जबकि सोसाइटी वासियों ने जमीन को अपना बताते हुए वहां पौधरोपण किया और उसे विजय पथ तक बना दिया। प्राधिकरण ने इस मामले में एमराल्ड कोर्ट ऑनर्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को नोटिस भेजा है। इस नोटिस में साफ है कि प्राधिकरण की ओर से लीज पर दी गई भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण, विकास कार्य शुरू करने से पहले नियम के अनुसार प्राधिकरण की अनुमति लेनी चाहिए।

प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक देवेंद्र निगम ने बताया, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार सोसाइटी में बने ट्विन टावर को 28 अगस्त 2022 को ध्वस्त किया गया। इसके बाद मलबा हटा दिया गया। खाली जमीन 5 मई 2023 को सुपर टेक लिमिटेड को हैंड ओवर कर दी गई।

पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

गाजियाबाद। मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र अंतर्गत मटियाला गांव के पास चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ के दौरान एसएचओ सत्यवीर सिंह की टीम व गौकसी करने वाले बदमाशों के बीच जमकर गोलियां चली।

एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि इस मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से शातिर बदमाश जिशान घायल हो गया, जिशान के पैर में लगी पुलिस की गोली। सिंह की टीम ने बदमाशों की घेराबंदी करके दोनों गौकशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये बदमाशों के पास से बाइक, दो तमंचे, कारतूस आदि बरामद किए।

एक्सप्रेसवे पर उल्टी दिशा में दौड़ा ट्रक

- सिलेंडर से भरा वाहन चार किमी तक चला, चालक धरा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सिलेंडर से भरा ट्रक करीब 4 किलोमीटर तक उल्टी दिशा में दौड़ा।

कैमरे में ये हरकत देख नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफइंडिया की टीम हरकत में आ गई। पेट्रोलिंग टीम ने पीछा करके ट्रक रुकवाया और पुलिस के हवाले कर दिया। ट्रक और उसके ड्राइवर पर अब गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई कर रही है। शुक्र रहा कि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। मंगलवार को सिलेंडर से भरा ट्रक मेरठ से दिल्ली की तरफ जा रहा था। वो मुख्य लेन में ठीक चल रहा था। नोएडा सेक्टर-62 के पास एक्सप्रेस.वे की मुख्य लेन में ये ट्रक रुक गया और भारी ट्रैफिक के बीच ट्रक मोड़ लिया, फिर उल्टा मेरठ की तरफ दौड़ने लगा। कंट्रोल रूम पर बैठी टीम ये नजारा देख हरकत में आ गई। तुरंत एक पेट्रोलिंग टीम रवाना की गई। पेट्रोलिंग टीम ने इस ट्रक को कॉलेज के पास रोक लिया। ट्रक करीब 4 किलोमीटर तक विपरीत दिशा में दौड़ता रहा। इसके बाद मौके पर ट्रैफिक पुलिस बुलवाई गई। पुलिस अब ट्रक ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। माना जा रहा है कि मेरठ से दिल्ली की तरफ जा रहे इस ट्रक को नोएडा के आसपास मुड़ना होगा, लेकिन वहां एक्सप्रेसवे का कट नहीं होने की वजह से ड्राइवर ने उसी लेन में ट्रक घुमाकर दौड़ाना शुरू कर दिया। आपको बता दें कि गाजियाबाद में एक्सप्रेसवे से साइड लेन पर आने के लिए सिर्फ तीन कट बने हैं। इसमें पहला डासना, दूसरा कॉलेज और तीसरा यूपी गेट पर है।

दरअसल, 11 जुलाई 2023 को गाजियाबाद में इसी एक्सप्रेसवे पर रॉन्ग साइड चलने की वजह से भीषण सड़क हादसा हुआ था। एक प्राइवेट बस ने गाड़ी में टक्कर मार दी थी। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी, जो खाटू श्याम जा रहे थे।

संक्षिप्त समाचार

केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह को राखी बांधतीं स्कूली छात्राएं।

स्कूली छात्राओं ने केन्द्रीय राज्यमंत्री को बांधी राखी

गाजियाबाद। रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर लोनी के ग्लोबल नवजीवन स्कूल की छात्राओं ने आवास पर आकर क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ वीके सिंह को राखी बांधकर पर्व मनाया। बच्चों ने अपने हाथों सेस बनाई राखी बांधी जिसमें चंद्रयान मिशन से प्रेरित राखी भी बांधी। बच्चों को उपहार व मिठाई खिलाई।

सीपी ने डीएसपी बनी अनिता चौहान को लगाये स्टार

गाजियाबाद। निरीक्षक से डीएसपी/एसीपी बनी एसएचओ विजयनगर अनिता चौहान को पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने जहां उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं दी वहीं उन्हें सिल्वर स्टार लगाकर उनका मान भी बढ़ाया। कमिश्नरेट में तैनात दो एसएचओ, जिनमें ट्रोनिका सिटी थाने के एसएचओ प्रदीप त्रिपाठी व एसएचो विजयनगर अनिता चौहान शामिल हैं, का प्रमोशन डिप्टी एसपी के पद पर हुआ है।

मोदीनगर थाने में ग्रामीणों का प्रदर्शन

गाजियाबाद। गांव कादराबाद में 10 दिन पूर्व युवक को गोली मारने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने देर रात तक मोदीनगर थाने पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। बता दें कि गत 19 अगस्त की रात को गांव कादराबाद में आकाश उर्फकालू पशुओं को चारा डालकर घेर से घर जा रहा था। जब वह बीच रास्ते में पहुंचे तो उन पर कई युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। गोली लगने से आकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। आकाश के परिजनों ने गांव के ही कई युवकों को नामजद करते हुए मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आकाश पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म के मामले में जमानत पर बाहर है। रात 10 बजे के आसपास गांव कादराबाद के ग्रामीण एकत्र होकर मोदीनगर थाने पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस जान बूझकर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है।

पुलिस ने पकड़ा मावे से भरा ट्रक

गाजियाबाद। मोदीनगर में त्योहारों के मद्देनजर भोजपुर पुलिस ने बुधवार सुबह 10 क्विंटल मावे से भरा एक ट्रक पकड़ा। मावा बड़े.बड़े कई बर्तनों में भरा था। भोजपुर के कलछीना से इसे दिल्ली के मोरी गेट सप्लाई किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सैंपल जांच को भेजा है। यदि सैंपल में मिलावटी की पुष्टि होगी तो पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी। त्योहारों पर मिठाईयों की मांग बढ़ने के चलते मिलावटी गैंग सक्रिय हो जाता है। लोगों को सस्ते दाम में मिलावटी मिठाई बेचकर उनकी सेहत से खिलवाड़ की जाती है। इसी के मद्देनजर पुलिस.प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट मोड पर है। सुबह भोजपुर पुलिस को कलछीना से मिलावटी मावा दिल्ली भेजे जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ट्रक कब्जे में लेकर थाने ले आई। इसमें चालक भोजपुर का जहांगीर था।

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER- II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, DELHI
4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001

PROCLAMATION OF SALE

NOTICE UNDER RULE 38 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION 25(A) THE RECOVERY OF DEBTS DUE TO BANKS & FINANCIAL INSTITUTIONS ACT, 1993.

R.C. No. 321/2019 Dated: 05.08.2023
In the matter of : ICICI Bank Ltd. V/s. Mr. Romit Manchanda
To,
CD Mr. Romit Manchanda (Borrower)
S/o. Shri Rajinder Kumar Manchanda, R/o. C-193, Vivek Vihar-I, Delhi- 110095

Whereas as per Recovery Certificate No. 321/2019 dated 08.07.2019 drawn by the Hon'ble Presiding Officer, DRT-II, Delhi mentioning a sum of **Rs. 14,62,787.51 (Rupees Fourteen Lacs Sixty Two Thousand Seven Hundred Eighty Seven And Paise Fifty One Only)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn up in **OA. No. 996/2017** by the Hon'ble Presiding Officer, Debt Recovery Tribunal-II Delhi. The applicant is entitled to recover the sum of **Rs. 14,45,787.51 (Rupees Fourteen Lacs Forty Five Thousand Seven Hundred Eighty Seven and Paise Fifty One Only)** along with interest at the contractual rate of 14.01% per annum simple from the date of filing of the **O.A. i.e. 14.09.2017** till realization from the CD.
2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicle mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.
3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through e-auction through **https://auctions.cardekho.com/auctions@cardekho.com,** by e- auction at **11.00 AM on 05.10.2023.**
4. The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which interested individuals may contact the concerned officer of CH Sh. Rajeev Ranjan (Mob: 8584874809).
5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.
6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.
7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.
8. The property is being sold on **"AS IS WHERE IS" BASIS** and **"AS IS WHAT IS" BASIS.** The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income- Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions :
9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.
10. The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follows:-

Details of property	Reserve Price (in Rs.)	Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.)
Hypothecated vehicle namely make "PAJERO/2 8 GL" having the registration No. UP-14DT-0022	2,00,000/-	20,000/-

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.
12. **Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD)** by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-I, DRT-II, Delhi before the start of biding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.
13. **Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds** by way of pay order/demand draft favoring the Recovery Officer-I, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.
14. The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/- within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favor of the Registrar, DRT-II, Delhi.
15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.
16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

Schedule of Property

No. of lots	Description of property to be sold with names of co-owners where the property belongs to the defaulter and any other persons is co-owners	Revenue assessed upon the property or any part there of	Details of any encumbrances to which the property is liable	Claims, if any, which have been put forward to the property and other known particulars bearing on its nature and value.
1.	Hypothecated vehicle namely make "PAJERO/2 8 GL" having the registration No. UP-14DT-0022	No information	No information	No information

Given under my hand and seal of this Tribunal at New Delhi on this 05.08.2023.

(Uttam Negi)
Recovery Officer- I
DRT-II, Delhi

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

जी-20 शिखर सम्मेलन

ढाई लाख गमलों से सजेगी राजधानी की सड़कें

सम्मेलन से पहले तैयारी जोरों पर, 300 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी करेंगे आयोजन स्थलों की निगरानी

सम्मेलन के लिए राजधानी सजकर तैयार है। विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए आईजीआई एयरपोर्ट के बाहर जी-20 का लोगो लगाया गया है।


पर्यावरण मंत्री गोपाल राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली की सड़कों की सुंदरता बढ़ाने के लिए दिल्ली वन विभाग ने करीब ढाई लाख गमले लगाए हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राय ने कहा कि वन विभाग के करीब 300 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी इन गमलों का रखरखाव सुनिश्चित करेंगे। राय ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार इस साल 36 लाख से अधिक पौधे लगा चुकी है जो कि वार्षिक लक्ष्य का 69 फीसदी है। राष्ट्रीय राजधानी में हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने जी20 सम्मेलन से पहले ही 50 फीसदी पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया था।

मुझे यह बात साझा करते हुए खुशी हो रही है कि 36 लाख (69 फीसदी) से अधिक पौधे लगाकर इस लक्ष्य को पार कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि शेष पौधरोपण सर्दियों की कार्ययोजना के तहत पूरा कर लिया जाएगा।

जी20 के बाद सर्दियों में प्रदूषण को कम करने के लिए यह कार्ययोजना तैयार की गई है। जी20 शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, यहां सदस्य देश और अतिथि देश विभिन्न आर्थिक सुधारों पर चर्चा करेंगे।

दिल्ली सरकार ने इस साल लगाए 36 लाख पौधे : गोपाल राय

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार इस साल 36 लाख से अधिक पौधे लगा चुकी है जो कि वार्षिक लक्ष्य का 69 फीसदी है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार ने 2023-24 वित्तीय वर्ष के लिए 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने जी20 सम्मेलन से पहले ही 50 फीसदी पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया था। मुझे यह बात साझा करते हुए खुशी हो रही है कि 36 लाख (69 फीसदी) से अधिक पौधे लगाकर इस लक्ष्य को पार कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि शेष पौधरोपण सर्दियों की कार्ययोजना के तहत पूरा कर लिया जाएगा। जी20 के बाद सर्दियों में प्रदूषण को कम करने के लिए यह कार्ययोजना तैयार की गई है।

आतिशी ने किया राजघाट का दौरा

नई दिल्ली। अगले महीने होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन से पहले आम आदमी पार्टी (आप) की मंत्री आतिशी ने बुधवार को राजघाट का निरीक्षण किया और कहा कि इसका उद्देश्य पूरी दुनिया के सामने दिल्ली की सर्वश्रेष्ठ स्थिति पेश करना है। इस दौरान आतिशी ने कहा, राजघाट एक महत्वपूर्ण स्थान है जहां प्रतिनिधि और राष्ट्राध्यक्ष आएंगे। हमने यहां किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। हमारा लक्ष्य पूरी दुनिया के सामने दिल्ली की सर्वश्रेष्ठ छवि पेश करना है। ज्ञात हो जी-20 को लेकर आप सरकार भी श्रेय लेने के लिए प्रयास कर रही है। आप सरकार के मंत्री लगातार दौरा कर रहे है। सौरभ भारद्वाज ने दो दिन पहले पुरानी दिल्ली का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल सरकार ने राजधानी को सुंदर बनाने के लिए कई काम किए है।

सुरक्षा में होगी दिल्ली डॉग स्क्वॉड की अहम भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही सम्मेलन की तैयारी और सुरक्षा में सभी एंजेसियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

राजधानी में होने वाले सम्मेलन में किसी तरह की चूक या खामी न हो इसके लिए दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एंजेंसियों ने आपसी समन्वय के साथ काम कर रही है। राजधानी में किसी भी हादसे या विस्फोट से बचने के लिए दिल्ली पुलिस की डॉग स्क्वॉयड लगातार प्रयास करने के साथ डमी विस्फोटकों का रिहर्सल भी कर रही है। जी-10 सम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां भी नई दिल्ली जिले में हर हरकत पर नजर बनाए हुए हैं। इसी क्रम में दिल्ली पुलिस के डॉग स्क्वाड ने सामान और वाहनों में रखे गए नकली विस्फोटकों का पता लगाने के लिए मंगलवार को सुरक्षा अभ्यास किया। शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर एलजी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने पालम-दिल्ली कैंट इलाके का दौरा किया और कहा, इस रास्ते से 40 देशों के राष्ट्रध्यक्ष यात्रा करेंगे। सम्मेलन के दौरान दो दिन केंद्र सरकार और राज्य सरकार के सभी ऑफिस, प्राइवेट ऑफिस, स्कूल और कॉलेज भी बंद रहेंगे। इस दौरान सभी दुकानें, बाजार और व्यापारिक एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। राजधानी में भारी वाहनों की नो एंट्री के साथ पैरा ग्लाइडिंग, पैरा-मोटर्स पर प्रतिबंध, पैरा जंपिंग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

टिल्लू ताजपुरिया और नीरज बवाना गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त मं आरोपी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- हत्या के एक मामले में चश्मदीद को मारने की फिराक में थे

टिल्लू ताजपुरिया और नीरज बवाना गिरोह के तीन गैंगस्टर को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्या के एक मामले में चश्मदीद गवाह को मारने की फिराक में थे। इनके कब्जे से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, दो सिंगल-शॉट पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए गए हैं।

स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त ने आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ रंगा, रोहित और हरिओम उर्फ अंकित को रोहिणी में गिरफ्तार कर लिया गया है। सन 2020 में दिल्ली के लाडपुर में कराला निवासी आंचल नाम के एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, जो कि टिल्लू ताजपुरिया का करीबी सहयोगी था। गैंगस्टर सुनील उर्फ टिल्लू को आशंका थी कि परवेश, जो कि गोगी और दिनेश कराला का करीबी सहयोगी है और तिहाड़ जेल में बंद है, वह इस हत्या के पीछे है। इसलिए उसने बदला लेने की कसम खाई और अपने गुर्गों को परवेश के छोटे भाई नितेश की हत्या करने का निर्देश दिया। इसके बाद 2021 में टिल्लू गैंग के सदस्यों ने नितेश की उसके घर के सामने गोली मारकर हत्या कर दी। नितेश की भाभी प्रीति उस घटना की चश्मदीद गवाह है. इस मामले में दिनेश भी गवाह था।

पांच आरोपियों अक्षय मलिक, सूरज लाकड़ा, सुनील, मोहित और राकेश को गिरफ्तार किया गया। मोहित उर्फ चिचड़ सुनील उर्फ टिल्लू का करीबी सहयोगी है और अभी उसी हत्या के मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। इसलिए उसके छोटे भाई रोहित उर्फ जानू ने राहुल और हरिओम के साथ मिलकर प्रीति और दिनेश की हत्या की योजना बनाई।

डीडीयू कॉलेज के सभागार की फॉल्स सीलिंग का हिस्सा ढहा

नई दिल्ली । दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज के सभागार की फॉल्स सीलिंग का एक हिस्सा ढह गया। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य हेमचंद जैन ने बुधवार को बताया कि सोमवार देर शाम फॉल्स सीलिंग का एक हिस्सा ढह गया। इसकी 10-15 दिन में मरम्मत कर दी जाएगी।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने नुकसान का आकलन किया है। जैन ने बताया कि यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं है।

फॉल्स सीलिंग गिरने के कारण 31 अगस्त से दो सितंबर तक होने वाला दीक्षारंभ कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

दिल्ली नगर निगम की बैठक आज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- हरदयाल पब्लिक लाइब्रेरी के लिए गठित होगी प्रबंध समिति

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन की बैठक 31 अगस्त को होगी। बैठक के एजेंडे में पुरानी दिल्ली में स्थित 160 साल पुरानी हरदयाल म्युनिसिपल पब्लिक लाइब्रेरी के लिए एक प्रबंध समिति का गठन भी शामिल होगा। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में स्थित पुस्तकालय को 1916 में हार्डिंग लाइब्रेरी नाम दिया गया था और इसमें हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, अरबी, फारसी और संस्कृत में पुस्तकों का एक समृद्ध संग्रह है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, सदन की अगली बैठक कल (बृहस्पतिवार को) बुलाई गई है और एजेंडे में कई प्रमुख मुद्दे होंगे, जिसमें हरदयाल लाइब्रेरी के लिए 11 सदस्यीय नई प्रबंध समिति का गठन भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि इसके सदस्यों में चुने हुए पार्षदों समेत अन्य लोग शामिल होंगे। इसे पुस्तकालय के कर्मचारियों के लंबित वेतन के मुद्दे को हल करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा रहा है। पुस्तकालय को 1862 में अंग्रेजों के लिए रीडिंग क्लब के तौर पर स्थापित किया गया था।

सेवा अधिनियम : अधिकारियों को सरकार के आदेशों की अवहेलना का लाइसेंस : केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- मंत्री आतिशी के बयान के बाद मुख्यमंत्री की तीखी प्रतिक्रिया

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के लिए नया सेवा अधिनियम अधिकारियों को निर्वाचित सरकार के आदेशों के खिलाफ खुली बगावत करने और मंत्रियों के निर्देशो की अवहेलना करने का लाइसेंस देता है।

मुख्यमंत्री की यह तीखी प्रतिक्रिया सेवा मामलों की मंत्री आतिशी के बयान के बाद आई है। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि प्रधान सचिव (वित्त) ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) रिफंड से जुड़े मामले में उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली सरकार के खिलाफ दिए गए फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने के लिए वकील नियुक्त करने संबंधी उनके निर्देश को मानने से इनकार कर दिया है। आतिशी ने अरोप लगाया कि मुख्य सचिव के बाद वित्त सचिव ने भी निर्वाचित सरकार के निर्देश को मानने से इनकार कर दिया है। आतिशी के आरोप का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा मामलों से जुड़ा कानून दिल्ली को बर्बाद कर देगा। अधिनियम अधिकारियों को निर्वाचित सरकार के लिखित आदेशों का खुले तौर पर विरोध करने का लाइसेंस देता हैं।

'आप को सता रहा केजरीवाल की गिरफ्तारी का डर'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- ईडी के अधिकारी की गिरफ्तारी से साफ संदेश कानून से ऊपर कोई नहीं : गौरव भाटिया

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में एक आरोपी को फायदा पहुंचाने के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी की गिरफ्तारी ने यह संदेश दिया है कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। इस घटना ने आम आदमी को आप को भी परेशान कर दिया है क्योंकि उसे डर है कि सरगना अरविंद केजरीवाल भी सलाखों के पीछे होंगे।

पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह द्वारा आबकारी घोटाले के मामले पर सवाल उठाए जाने के बाद दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी पर निशाना साधा।भाटिया ने कहा कि ऊपरी अदालतों ने मामले के खिलाफ आप की याचिका खारिज कर दी है और इसी मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया छह महीने से अधिक समय से जेल में बंद हैं। भाटिया ने कहा कि सिसोदिया ने गिरफ्तारी के कुछ दिनों के भीतर ही उच्चतम न्यायालय का रुख किया था लेकिन उनकी याचिका खारिज कर दी गई और कई प्रयासों के बावजूद उन्हें जमानत नहीं मिल सकी।

उन्होंने कहा, यह गिरफ्तारी (ईडी अधिकारी की) सीबीआई ने की है। यह दिखाता है कि सीबीआई और ईडी साथ मिलकर काम कर रहे हैं और अगर कोई भ्रष्टाचार और दबाव के जरिए मामले में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है तो उसका स्थान सलाखों के पीछे है। उन्होंने ईडी के सहायक निदेशक पवन खत्री की गिरफ्तारी को जांच एजेंसियों के काम के बारे में अच्छा संकेत बताया।

डीयू के 12 कॉलेजों को समय पर सैलरी नहीं

नई दिल्ली। डूटा में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रोफेसर एके भागी ने कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त पोषित 12 कॉलेजों के शिक्षकों, कर्मचारियों को पिछले तीन-चार महीने से वेतन नहीं मिला है। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का चुनाव आगामी 27 सितम्बर को होगा।

चुनाव प्रचार में एनडीटीएफ की टीम व उनके अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रोफेसर एके भागी कॉलेज जाकर अपनी उपलब्धियों के आधार पर शिक्षकों से वोट मांग रहे है। एनडीटीएफ टीम में प्रोफेसर भागी के साथ डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. शंभुनाथ, डॉ. हंसराज सुमन, डॉ.चमन, डॉ. सुनील शर्मा , डॉ. लुके खन्ना शिक्षकों से वोट की अपील कर रहे हैं

संक्षिप्त समाचार

राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया।

एनआईडीएम की ब्रांड एंबेसडर बनीं मैथिली ठाकुर

नई दिल्ली। अपनी सुरमयी आवाज से संगीत प्रेमियों के दिलों में खास जगह बनाने वाली सुप्रसिद्ध शास्त्रीय और लोक संगीत गायिका मैथिली ठाकुर को आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) का पहला ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। राजधानी में बुधवार को एनआईडीएम के 20वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा की गई। इस अवसर पर मैथिली के पिता रमेश ठाकुर, राजेंद्र सिंह, एनडीएमए सदस्य, राजेंद्र रत्नू, एनआईडीएम के कार्यकारी निदेशक समेत पूर्व कार्यककारी निदेशक एके सिन्हा, मेजर जनरल एमके बिंदल समेत संस्थान के करीब 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विजय गोयल को बांधी चंद्रयान-3 की राखी

मुस्लिम महिला से राखी बांधवाते पूर्व मंत्री विजय गोयल। फोटो: रंजन डिमरी

नई दिल्ली। रक्षा बंधन के त्यौहार पर बड़ी संख्या में मुस्लिम व अन्य महिलाओं ने चंद्रयान-3 की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। इन महिलाओं ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री व गांधी स्मृति के उपाध्यक्ष विजय गोयल को चंद्रयान-3 बनी हुई राखी बांधी। एक मुस्लिम गजाला इमरान ने विजय गोयल से प्रार्थना की कि हमारा चंद्रयान-3 की सफलता पर खुशी का संदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचा दे। गोयल ने कहा कि वे चंद्रयान-3 की सफलता पर शीघ्र ही इन मुस्लिम महिलाओं के साथ मिलकर जामा मस्जिद क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकालेंगे।

भारत और अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने पर सहमति

- दिल्ली विश्वविद्यालय और हथकरघा परिषद ने सहमति पत्र पर किए हस्ताक्षर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सहमति पत्र दिखाते दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह व अन्य पदाधिकारी।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) और राष्ट्रीय हथकरघा व हस्तशिल्प विकास परिषद (एनसीएचएचडी) ने भारत और अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार एवं वाणिज्य और वस्त्र एवं कपास में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह ने कहा कि सोमवार को सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। सिंह ने कहा, परिषद का मुख्य उद्देश्य न केवल अचल संपत्ति बनाना है, बल्कि विचार उत्पन्न करना, कारीगरों और संवेदनशील समुदायों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति बेहतर बनाना और संबंधित क्षेत्र के समग्र कल्याण का आधार प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका में हस्तशिल्प क्षेत्रों में कारीगरों की बेहतरी के लिए उनकी गतिविधियों, सामाजिक आर्थिक स्थिति, चुनौतियों, विपणन रणनीतियों, सुरक्षा/संरक्षण और दोनों देशों में पारंपरिक कला व शिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता सिंह, रजिस्ट्रार विकास गुप्ता, विभागाध्यक्ष (अफ्रीकी अध्ययन) गजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के कार्यकारी निदेशक वीपी ठाकुर, परियोजना अधिकारियों सुरेंद्र कुमार और प्रदीप यादव की उपस्थिति में किया गया।

कुलपति ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका में हस्तशिल्प क्षेत्र में कारीगरों की बेहतरी के लिए हस्तशिल्प गतिविधियों, सामाजिक आर्थिक स्थिति, समस्याओं और चुनौतियों, विपणन रणनीतियों, पारंपरिक कला और शिल्प की सुरक्षा/संरक्षण और प्रचार आदि का अध्ययन करने के उद्देश्य से इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। गौरतलब है कि एनसीएचएचडी 30 राज्य/केंद्रीय हस्तशिल्प और हथकरघा सरकारी निगमों का एक शीर्ष निकाय है, जो एमएसएमई मंत्रालय की एक नोडल एजेंसी है और यह संस्कृति मंत्रालय, कपड़ा और अन्य मंत्रालयों, सिडबी आदि के साथ भी काम करती है।

यह क्षमता निर्माण, आजीविका सृजन और बाजार संवर्धन के लिए हस्तशिल्प में लगे जमीनी स्तर के संगठनों, गैर सरकारी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और छोटे उद्यमियों की सहायता करता है। एनसीएचएचडी का मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य न केवल मूर्त संपत्ति बनाना है, बल्कि विचार उत्पन्न करना, कारीगरों और सीमांत समुदायों की सामाजिक और आर्थिक प्रोफ़ाइल को बढ़ाना और संबंधित क्षेत्र के समग्र कल्याण को आधार प्रदान करना है।

गुरुग्राम में सप्लाई को लायी जा रही अवैध शराब से भरा कैंटर पकड़ा

कैंटर के साथ दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

गुरुग्राम में सप्लाई के लिए लायी जा रही अवैध शराब से भरा एक कैंटर पुलिस ने पकड़ा है। कैंटर के साथ दो आरोपियों को भी पुलिस ने दबोचा है। कैंटर से 497 अवैध देशी शराब बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार अपराध शाखा फरुखनगर प्रभारी उप-निरीक्षक अमित कुमार की पुलिस टीम ने अपने विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से मिली सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए नाकाबन्दी की। केएमपी फ्लाईओवर से शराब से भरे एक कैंटर को उसके चालक सहित काबू करने में सफलता हासिल की। पुलिस टीम द्वारा कैंटर चालक से की गई पूछताछ में कैंटर में भरी शराब अवैध पाई गई और कैंटर चालक शराब से सम्बंधित कोई वैध दस्तावेज भी पुलिस के समक्ष पेश नहीं कर सका।

गुरुग्राम पुलिस द्वारा अवैध देशी से भरा पकड़ा गया कैंटर व आरोपी।

इस सम्बन्ध में थाना फरुखनगर में एक्साईज एक्ट की सम्बन्धित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी कैंटर चालक स्वदेश निवासी जसवन्त नगर जिला मैनपुरी (उत्तर-प्रदेश) को तथा इससे पूछताछ उपरान्त इसके दूसरे साथी आरोपी व कैंटर गाड़ी के मालिक मोहित निवासी गांव मोहम्मदपुर जिला गुरुग्राम को बहादुरगढ़ (झज्जर) से काबू किया। आरोपी स्वदेश (कैंटर चालक) को अदालत में पेश करके 1 दिन के पुलिस हिरासत रिमाण्ड पर लिया गया।

बहादुरगढ़ से शराब लाकर गुरुग्राम में करते थे स्टॉक

आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि ये अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बहादुरगढ़ से शराब भरकर गुरुग्राम में लाकर स्टॉक कर लेते हैं। इस शराब को अवैध रूप से बेचकर मुनाफा कमाते है। ये बहादुरगढ़ से एक चक्कर में 05 लाख 50 हजार रुपयों की शराब खरीदकर लाते है और गुरुग्राम में ये इस शराब को करीब 7 लाख रुपयों में बेच देते है। ये पहले भी कई बार इस तरह से शराब ला चुके है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से 1 कैंटर में भरी 497 पेटी अवैध शराब आरोपियों के कब्जा से बरामद की गई है। आरोपियों से अन्य साथी आरोपियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक इंडरी शाखा से 48 लाख 40 की नगदी गायब

नूंह। उपमंडल के अंतर्गत इंडरी खंड में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की शाखा से 48 लाख 40 हजार रुपए की नगदी गायब होने का मामला सामने आया है। बैंक कर्मचारी सुबह शाखा में पहुंचे तो इसका खुलासा हुआ। इतनी बड़ी रकम बैंक से गायब होने पर बैंक कर्मियों के होश उड़ गए। आनन-फानन में बैंक कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों को सूचना दी, इसके बाद पुलिस भी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच गई।

फिलहाल पुलिस कार्रवाई में जुटी है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम कर्मचारी बैंक का काम बंद कर हर रोज की तरह शाखा बन्द करके गए थे। बुधवार की सुबह 10 बजे के करीब बैंक कर्मचारी शाखा में पहुंचे तो उन्हें लॉकर खुले मिले। जांच करने पर पता चला की शाखा से 48 लाख 40 हजार रुपए की नगदी गायब थी। बैंक कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना अपने उच्च अधिकारियों को दी। जिसके बाद उच्च अधिकारियों में भी हडकंप मच गया। जो आनन-फानन में बैंक शाखा में पहुंचे। जहां पर उन्होंने अपने स्तर पर शाखा स्टाफ से पूछताछ शुरू कर दी।

रक्षाबंधन की सुबह नवीन गोयल ने प्रताप नगर के अवैध कूड़ा घर से उठवाई गंदगी

काफी समय से अवैध रूप से डाला जा रहा था यहां पर कूड़ा

दिनभर कूड़े में विचरती रहती थीं गाय, गंदगी की बदबू से क्षेत्र के लोग थे परेशान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

स्वच्छता में अपने शहर को टॉप-10 सूची में लाने के लिए दिल से प्रयासरत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल का मिशन जारी है। बुधवार को रक्षाबंधन पर सुबह से ही वे अपने साथियों के साथ मदनपुर, अर्जुन नगर, प्रताप नगर के कोने पर पंजाबी स्वर्णकार बिरादरी पंचायत के पास बनाए गए अवैध खत्ते से गंदगी उठवाकर बेहतरी से सफाई करवाई।

इस अवसर पर विजय वर्मा, लीला सेतिया, महेश, युधिष्ठिर लाल, श्यामलाल, तिलक राज, प्रेम प्रकाश, हरीश वर्मा, पुनीत चोपड़ा, चुन्नी लाल, प्रद्युम्न जांघू, संदीप शर्मा, ललित क्रांतिकारी, ईशु वाल्मीकि, रोहित थरेजा, आशु, सतपाल वर्मा, रघुनंदन वर्मा, महेंद्र सेतिया, दिनेश अरोड़ा, एसपी अग्रवाल, हार्दिक गुलाटी, सौरभ, राजपाल, अमित सेन समेत अनेक लोगों ने स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी निभाई। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि जिस तरह से हम सबने मिलकर बसई रोड ऑटो मार्केट की सफाई कराकर वहां सुधार किया। सेक्टर-37 से भी अवैध डंपिंग स्टेशन से गंदगी उठवाकर वहां लाखों लोगों को गंदगी, बदबू से राहत दिलाई। इसी तरह से एक अभियान मदनपुर, अर्जुन नगर, प्रताप नगर के कोने पर स्वर्णकार बिरादरी पंचायत भवन के पास काफी दिनों से पड़ी गंदगी को उठवाकर सौंदर्यकरण का काम किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां पर कोई गंदगी ना डाले, इस पर भी नजर रखी होगी। यहां पर पेड़-पौधे लगाकर हरियाली करने का काम करेंगे।

गुरुग्राम में प्रताप नगर से अवैध रूप से डाली गई गंदगी को हटवाने के बाद गंदगी के खिलाफ नवीन गोयल के साथ एकजुटता दिखाते लोग।

हर्षोल्लास से मनाया भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व

आज दूसरे दिन भी बहनें भाईयों को बांधेंगी राखी

पायनियर समाचार सेवा। गुरग्राम।

भाई-बहन के प्रेम एवं आस्था का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व बुधवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। यह पर्व गुरुवार को दूसरे दिन भी मनाया जाएगा। मंगलवार शाम व बुधवार को सुबह से ही बहनों का अपने भाईयों के घर पहुंचना शुरु हो गया था। बहनों ने भाईयों को राखी बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया। बाजारों में खूब भीड़ रही। मंगलवार की आधी रात से भी ज्यादा समय तक महिलाओं ने मेहंदी लगवाई।

विभिन्न प्रकार की राखियों से शहर का मुख्य सदर बाजार अटा दिखाई दिया। काफी बहनों ने पहले से ही राखियों की खरीददारी कर ली थी, ताकि उन्हें रक्षा बंधन के दिन बाजारों में न जाना पड़े। मिठाइयों की दुकानों पर भी ग्राहकों की खूब भीड़ रही। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड व मेट्रो स्टेशनों पर भी महिला यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई।

बुधवार को रक्षाबंधन पर्व पर भाई को राखी बांधती बहनें।

प्रदेश सरकार ने महिलाओं व बच्चों के लिए वोल्वो व एसी बसों को छोडकर अन्य बसों में रक्षाबंधन पर्व पर यात्रा निशुल्क करने की घोषणा की थी, लेकिन बसों की इंतजार में महिलाएं व उनके बच्चे खड़े दिखाई दिए। बसों में सवार होने के लिए उन्हें बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बसें भी अपने नियमित समय पर नहीं दिखाई दी।

एसए का तबादला रद्द करना यूनियन की जीत

कुरुक्षेत्र। आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन पिहोवा यूनिट का धरने प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान जोगिंदर सिंह ने की और मंच संचालन गुरचरन संधू ने किया। गुरचरण सिंह संधू ने कहा कि आज कार्यकारी अभियंता के साथ पिहोवा यूनिट कार्यकारिणी की मीटिंग हुई जिसमे यूनिट प्रधान जोगिंदर सिंह, यूनिट सचिव गुरचरण संधु, जिला प्रधान ओमप्रकाश, ब्लॉक प्रधान बलवान मोर एसकेएस, रावल गुप्ता, विनोद कुमार जे ई, मुकेश गौस्वामी थे। जिसमे कार्यकारी अभियंता को विजय कुमार एसए का तबादला रद्द करना और गुमथला शिकायत केंद्र पर एसडीओ शहरी को 8 सितंबर तक स्पष्टीकरण मांगा। गुरचरन संधू ने कहा कि विजय कुमार एसए का तबादला रद्द करना यूनियन की जीत हुई है। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, पंकज पूरी, सौरभ, बंटी, बलवान, प्रदीप, निर्मल सिंह, परमजीत सिंह आदि थे।

राम नाम में निहित जन-जन का कल्याण: बोधराज सीकरी

हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम 2,92,000 के पार

पायनियर समाचारी सेवा। गुरुग्राम

समाजसेवी बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत मालिबू टाउन के बगीचे में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ। यह आयोजन सनातन धर्म सभा ट्रस्ट मालिबू टाउन की ओर से संत कुमार नागपाल, प्रेम, कंवर भान अरोड़ा, अश्विनी टण्डन, महेंद्र नरेश, सतबीर मलिक, केवल किशोर ग्रोवर, जगदीश कुकरेजा, अनीश कोहली, बीएल सैनी, सुनील खंडेलवाल, अशोक सूरी, अंजू तंवर, पूनम सोनी व अन्य की उपस्थिति में हुआ।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता कुलदीप यादव भी मौजूद रहे। गजेंद्र गोस्वामी ने व्यास गद्दी से श्री हनुमान चालीसा पाठ का संगीतमय तरीके से शुभारंभ साढ़े 6:30 बजे किया। इस आयोजन में लगभग 200 साधक उपस्थित रहे और सभी ने 21-21 बार पाठ किया। अब तक इस मुहिम के अंतर्गत 45 स्थानों पर पाठ हो चुका है।

गुरुग्राम के मालिबू टाउन में हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेते श्रद्धालु।

इस प्रकार श्री हनुमान चालीसा के पाठ की संख्या पाठ की संख्या को मिला कर 292,264 हो गई है व साधकों की सख्या 18307 हो गई है। बोधराज सीकरी ने बताया कि उन्होंने अभी हनुमान चालीसा पढ़ने के दौरान एक बात देखी की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का नाम हनुमान चालीसा में हनुमान जी के नाम से अधिक बार तुलसी दास जी द्वारा लिखा गया है। संस्कार के अतिरिक्त चरित्र पर भी बोधराज सीकरी ने कहा कि किस प्रकार वनवास में मां सीता ने लक्ष्मण के ऊपर आरोप लगाने की कोशिश की। इस अवसर पर प्रमोद सलूजा, डॉ. अलका शर्मा, धर्मेंद्र बजाज, ज्योत्सना बजाज, किशोरी लाल डुडेजा, रमेश कामरा, रमेश मुंजाल, द्वारका नाथ मक्कड़, लोकेश, डॉ. अशोक दिवाकर, जगदीश ग्रोवर, युधिष्ठिर, सुखदेव, रचना बजाज, ज्योति वर्मा, पुष्पा नासा, ओमप्रकाश गाबा, रूपम चौधरी, सतपाल नासा, कुलदीप यादव पार्षद, वीरेंद्र यादव, अलका दलाल व अन्य जन उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया नेटवर्क मजबूत करने को हरियाणा में बीजेपी आज से करेगी शंखनाद: डॉ. संजय शर्मा

गुरुग्राम में प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय महामंत्री करेंगे अभियान की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा अपने सोशल मीडिया नेटवर्क को धार देने के लिए शंखनाद अभियान पूरे प्रदेश में गुरुवार से शुरू करेगी। इसके लिए प्रदेश भर के भाजपा के सोशल मीडिया और आईटी विभाग के पदाधिकारी गुरुवार को 10 बजे गुरुग्राम के गुरुकमल कार्यालय में जुटेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और राष्ट्रीय महामंत्री व सोशल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी विनोद तावड़े और संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा अपने सोशल मीडिया के धुरंधरों को जरूरी टिप्स देंगे।

बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा।

बीजेपी ने 2024 चुनाव को लेकर भाजपा अपने इस विभाग को और ज्यादा मजबूत करने के लिए देश भर में शंखनाद अभियान चलाया हुआ है। हरियाणा में भी यह अभियान गुरुग्राम से शुरू होकर लगातार चलेगा। इस कार्यशाला में प्रदेश सोशल मीडिया, जिला प्रमुख, सह प्रमुख व अन्य दस सदस्य तथा आईटी जिला प्रमुख सह प्रमुख बुलाए गए हैं। बीजेपी के प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ के नेतृत्व में प्रदेश एवं जिला स्तरीय कार्यशालाओं के संचालन के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर लिया गया है। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व डा. पवन सैनी को दिया गया है। सत्यव्रत शास्त्री को झज्जर, रोहतक, महेंद्रगढ़, दादरी, भिवानी, गजेन्द्र सलूजा को सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, कृष्ण ढुल को पंचकूला, यमुनानगर, अंबाला, कैथल, वंदना पोपली को पलवल, फरीदाबाद, नूंह, गुरुग्राम, रेवाड़ी, बिजेन्द्र नेहरा को पलवल, फरीदाबाद, नूंह, गुरुग्राम, रेवाड़ी, कर्मवीर सैनी को सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद की जिम्मेदारी दी गई है।

एक सितम्बर को वित्त मंत्री करेंगी मेरा बिल मेरा अधिकार योजना की शुरुआत

योजना के तहत जीएसटी बिल लेने वालों को मिलेंगे करोड़ों के इनाम

पायनियर समाचर सेवा। गुरुग्राम

एक सितंबर 2023 से जीएसटी करदाताओं को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। करदाताओं को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मेरा बिल मेरा अधिकार योजना की गुरुग्राम से शुरुआत करेगी। वे यहां सेक्टर-15 में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना का शुभारंभ करेगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि करदाताओं को प्रोत्साहन देने के लिए हरियाणा में मेरा बिल मेरा अधिकार योजना शुरू होने जा रही है।

इस योजना के तहत जीएसटी बिल लेने वालों को सरकार करोड़ों के ईनाम देगी। दुष्यंत चौटाला ने बताया कि उपभोक्ता को सामान की खरीदारी की रसीद पोर्टल पर अपलोड करनी होगी और 30 करोड़ रुपये के कॉर्पस फंड से ड्रा ऑफ लॉट्स के जरिए उपभोक्ताओं को इनाम मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि जीएसटी कलेक्शन के लिए यह योजना अहम रोल अदा करेगी क्योंकि इससे ज्यादा से ज्यादा लोग जीएसटी बिल लेने के लिए प्रेरित होंगे।

मानसिक रुप से परेशान महिला संदिग्ध हालत में लापता

सोहना। खंड के गांव हाजीपुर निवासी 45 वर्षीय महिला संदिग्ध हालत में लापता हो गई। लातपा हुई महिला मानसिक रुप से परेशान रहती थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसकी 45 वर्षीय मां कौशल मानसिक रूप से परेशान रह रही थी। 28 अगस्त की सुबह साढ़े 8 बजे उसकी मां कौशल बिना बताएं घर से बाहर चली गई।

बेटियों ने पेड़ों को राखी बांधकर दिया पेड़ बचाने का संदेश

हर साल पेड़ों को राखी बांधती हैं ये बच्चियां

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पेड़ों को बचाने के लिए कभी चिपको आंदोलन चला था, लेकिन रक्षाबंधन पर्व पर बुधवार को पेड़ों को बचाने के लिए कनिष्का, वंशिका, यशिका बेटियों ने राखी बांधकर बचाने का संदेश दिया। घर-परिवार से पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा लेकर ये बच्चियां अनेक अवसरों पर घर के आसपास पेड़ लगाकर अपना फर्ज निभाती हैं।

कनिष्का, वंशिका, यशिका को परिवाजनों ने रक्षाबंधन पर घर-परिवार में सिर्फ भाइयों की कलाई पर ही राखी बांधने तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि पेड़ों की टहनियों पर भी राखी बांधकर समाज को पेड़ों की रक्षा करने का संकल्प लिया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले राज सैनी बिसरवाल व राजेश सैनी अपनी बेटियों को लेकर स्वयं के लगाए पेड़ों पर राखी बंधवाने पहुंचे। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवनदायक है, इसलिए उनका हमारे जीवन में महत्व है। जब वे हमारे जीवन की रक्षा करते हैं तो पेड़ों का जीवन बचाना भी हमारा फर्ज है। हमें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। पेड़ लगाकर उनका पालन-पोषण बच्चों की तरह किया जाता है, जब जाकर वे हमें अपनी छाया प्रदान करते हैं।

गुरुग्राम में पेड़ों को राखी बांधती बच्चियां।

रक्षाबंधन के अवसर पर बसों में रही भारी भीड़, रोडवेज की अतिरिक्त बसें चलीं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।

बुधवार को बहन-भाई के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन के अवसर पर बसों में भारी भीड़ रही। सोहना से पलवल, गुरुग्राम रेवाड़ी, बल्लभगढ और तावडू-रेवाड़ी जाने वाले मार्ग पर दो से दिन तीन बसें अतिरिक्त चलाई गईं। रक्षाबंधन मनाने के लिए घरों से निकली महिलाओं की मंगलवार से ही बसों में भारी भीड़ रही है। महिलाओं ने हरियाणा रोडवेज की बसों में क्षमता से अधिक यात्रियाओं के होने के कारण सिढ़ियों खडें होकर सफर करने का जोखिम लिया। सोहना से गुरुग्राम, पलवल, बल्लभगढ़, नूंह व तावडू-रेवाड़ी मार्ग पर महिलाओं की अधिक भीड़ रही। जिसके चलते रोडवेज विभाग की सबसे मार्ग पर चलने वाली फरीदाबाद, पलवल, नूंह व गुरुग्राम की डिपो की बसें अतिरिक्त चलाई गई। हरियाणा व राजस्थान रोडवेज के अलावा सोसायटी की बसों में भी महिला यात्रियों की भारी भीड़ रही। सबसे ज्यादा भीड़ सोहना से पलवल, मथूरा व गुरुग्राम जाने वाले मार्ग पर सफर करने वाली महिलाओं की रही। पलवल डिपो ने सुबह 10 बजे तक वाया सोहना गुरुग्राम के बीच 4 बसें अधिरिक्त मार्ग पर उतार दी। इसी प्रकार गुरुग्राम से सोहना होकर पलवल, मथूरा जाने वाली महिला यात्रियों की भीड़ अधिक होने पर अतिरिक्त बसें गुरुग्राम डिपो ने चलाई।

बुधवार को सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर बसों में यात्रियों की भीड़ होने के कारण छतों पर सफर करने को मजबूर लोग।

सोसायटी बसों की छत पर बैठे यात्री

सोसायटी की बस संचालकों ने अधिक कमाई के लालच में पुरुष यात्रियों को बस की छत पर बैठाकर सफर कराया। अपने घर जल्दी पहुंचने के लालच में पुरुष यात्रियों ने जान हथेली पर रखकर बस की छत पर बैठकर सफर किया। जबकि हरियाणा व राजस्थान रोडवेज बस संचालकों ने किसी भी यात्री को बस की छत पर नहीं बैठने दिया। मंगलवार से रक्षाबंधन को लेकर महिला यात्रियों की भीड़ अधिक रही है। भीड़ को देखते हुए सभी डिपो से अतिरिक्त बसें चलाई गई। महिलाओं ने हरियाणा रोडवेज की बसों में ही सफर करना पड़ा।

स्व. रणवीर देशवाल की याद में लगाया गया मेडिकल कैंप

गुरुग्राम के राजीव नगर में मेडिकल कैंप का शुभारंभ करते अतिथि।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भगवान परशुराम परामर्श केंद्र राजीव नगर ईस्ट में एक मेडिकल कैंप का आयोजन स्वर्गीय रणवीर सिंह देशवाल की याद में आर्टेमिस हॉस्पिटल के सहयोग से लगाया गया। संस्था के प्रमुख अजय शर्मा ने बताया कि मेडिकल कैंप का उद्घाटन पर निता क्लब की चेयरपर्सन हरशरण मथारू ने किया। संस्था के प्रमुख अजय शर्मा ने बताया कि अभी तक हमने इस वर्ष 28 मेडिकल कैंप आयोजित किए हैं। समय-समय पर हम और भी मेडिकल कैंप आयोजित करेंगे। इस अवसर पर कैनविन फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. डीपी गोयल, समाजसेवी राजकुमार त्यागी, शिक्षाविद् सुमन शर्मा, ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल वशिष्ठ, रामकिशन भारद्वाज अकलीमपुर, झाड़सा ब्राह्मण सभा के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, युवा नेता बनवारी लाल शर्मा, गुड़गांव विकास मंच की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनाली बत्रा, श्रीराम सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज पाठक, उदय फाउंडेशन की निदेशक मंजू देशवाल, गुड़गांव विकास मंच की पूर्व अध्यक्ष डॉ पुष्पा धनकड़, सीमा मक्कड़, संगीता तरवानी, डॉ. कुलदीप नैन, समाजसेवी राकेश वशिष्ठ आदि थे।

गैंगस्टर पवन नेहरा, लॉरेन्स बिश्नोई गैंग का शार्प शूटर व उसका एक साथी गिरफ्तार

पचगांव में शराब के ठेके पर फायरिंग कर की थी एक हत्या, दो हुए थे घायल

शराब के ठेके पर कब्जा करने का किया गया प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पचगांव में केएमपी एक्सप्रेस-वे के पास एक शराब के ठेके पर फायरिंग करके एक व्यक्ति की हत्या व दो को घायल करने के आरोप में पुलिस ने पवन नेहरा व लॉरेन्स बिश्नोई गैंग का एक शॉर्प शूटर व उसका साथी गिरफ्तार किया है। उन पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का ईनाम रखा हुआ था। इन्होंने पवन नेहरा के भाई लिपिन नेहरा के कहने पर ठेके पर फायरिंग करके हत्याकांड को अंजाम दिया था।

जानकारी के अनुसार अपराध शाखा सेक्टर-39 के प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज की टीम को इन बदमाशों के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर उन्होंने गांव गाड़ौली के गंदा नाला के पास से दो युवकों को अवैध देशी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान दीपक नागर उर्फ देव निवासी नजदीक तालाब गांव तिगरा जिला गुरुग्राम व कर्मबीर उर्फ रोहित निवासी नजदीक स्वामीनाथ आश्रम गांव चरखी, जिला चरखी-दादरी के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के कब्जा से अवैध हथियार बरामद होने पर उनके खिलाफ थाना सेक्टर-10 में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त पचगांव में ठेके पर गोली मारकर हत्या करने के आरोपी।

पूछताछ में पता चला है कि आरोपी दीपक नागर उर्फ देव पिछले कई वर्षों से पवन नेहरा (जो कि एक गैंगस्टर है तथा पंजाब जेल में बंद है) को जानता है। स्कूल के समय से ही पवन नेहरा के सम्पर्क में है। पवन नेहरा के कहने पर आरोपी दीपक नागर पवन नेहरा गैंग में शामिल हुआ था। पवन नेहरा के जेल में जाने के बाद आरोपी दीपक पवन नेहरा के भाई लिपिन नेहरा के संपर्क में आ गया व उसके कहने पर काम करने लगा।

रंगमंचीय कार्यशालाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी : डीईओ

पलवल के सुभाषचंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में स्कूली बच्चों ने बिखेरे रंगमंच के रंग

दस दिवसीय जिला स्तरीय रंगमंच कार्यशाला का हुआ समापन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा में रंगमंच विषय की अनिवार्यता एवं महत्व को बढ़ावा देने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन हरियाणा तथा पंजाब विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ इंडियन थिएटर के नाट्यगृहम के नेतृत्व में पलवल में 10 दिवसीय जिला स्तरीय रंगमंच कार्यशाला आयोजित की गई। इस रंगमंच कार्यशाला का मार्गदर्शन व अध्यक्षता पंजाब विश्वविद्यालय की डिपार्टमेंट ऑफ इंडियन थिएटर की चेयरपर्सन प्रोफेसर डॉ. नवदीप कौर, डीएसई डॉ. अनशज सिंह, अमृता सिंह ने की। सुभाषचंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में 10 दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह हुआ, जिसमें रंगमंचीय, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें नृत्य, संगीत, स्किट (हास्य नाटिका) आदि को प्रदर्शित किया गया। इसके पश्चात प्रमाण पत्र वितरण किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों को मेडल दिए।

उन्होंने कहा कि इस तरह की रंगमंचीय कार्यशालाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही कारगर और जरूरी हैं। प्रथम दिन की तुलना में जब समापन पर उन्होंने बच्चों को देखा तो उन्हें सकारात्मक बदलाव देखने को मिले। उन्हें बच्चों में आत्मविश्वास से कुछ करने और कहने की भावना दिखी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बच्चों को रंगमंच कार्यशाला में सिखाने आए मास्टर प्रशिक्षक स्वराज रावत व बृजेश अहिरवार को भी शहर के वरिष्ठ अधिकारियों ने मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस मौके पर बीआरसी दयानंद रावत, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल के प्रधानाचार्य धर्मवीर रावत, जिला विज्ञान विशेषज्ञ राजेश शर्मा, जिला गणित विशेषज्ञ सुखराम, जिला कोऑर्डिनेटर कश्मीर कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के संगीत अध्यापक जोगिंदर उपस्थित रहे।

रक्षाबंधन पर रेलवे स्टेशन पर पेड़ों को बांधी राखी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

रक्षा बंधन पर्व पर मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा वृक्षों को बच्चों द्वारा हस्तनिर्मित राखियां बांध प्रकृति बचाने का संदेश दिया गया। नन्हें बच्चों के साथ टीम सदस्यों ने पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर सेवा और सुरक्षा का संकल्प लिया।

संस्था संयोजक ग्रीन एंबेसडर आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि बहन-भाई के पावन पर्व रक्षा बंधन पर लोगों को वृक्षों की रक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। पांच तत्वों से मिलकर बने इस शरीर को जीवित रहने के लिए इन तत्वों को बचाना भी आवश्यक है। जल, पृथ्वी, वायु, आकाश और अग्नि रूप की हस्तनिर्मित रक्षा सूत्र वृक्षों में बांधकर लोगों को वृक्ष बचाओ-जीवन पाओ अभियान चलाया गया है। हम सभी को प्राणवायु देने वाले वृक्षों को बचाने का संकल्प लेना चाहिए। छोटे बच्चों को पेड़-पौधों के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर अमरपाल, ईश्वरराज, महेश, मास्टर थानसिंह, बनवारी लाल, अमित, राहुल पांचाल, गिरवर प्रजापति, सुनील आदि सहित बच्चे उपस्थित रहे।

नारियल के बीच छुपाकर ले जा रहे थे 50 लाख का मादक पदार्थ

193 किलो 950 ग्राम गांजा पत्ती सहित दो तस्कर दबोचे

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

एंटी नारकोटिक सेल ने केंटर में नारियल के बीच छुपाकर भारी मात्रा में ले जाया जा रहा गांजा पकड़ा है। प्रेस वार्ता के दौरान खुलासा करते हुए डीएसपी हेडक्वार्टर पलवल शाकिर हुसैन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पलवल लोकेंद्र सिंह के निर्देशन में जिला पुलिस की विभिन्न क्राइम यूनिट लगातार मादक पदार्थ तस्करी पर कड़ा प्रहार कर रही है और नशा तस्करों को दबोच रही है। इसी कड़ी में पलवल एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद इलियास की टीम ने अवैध नशा तस्करी पर करारा प्रहार कर नारियलों के भरे कैंटर में करीब 200 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा पत्ती मादक पदार्थ की बड़ी खेप को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसकी मार्केट कीमत 50 लाख रुपये है। डीएसपी के अनुसार सीआईए पलवल की टीम में तैनात सहायक उप निरीक्षक कुशल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम गश्त के दौरान पलवल हुड्डा चौक पर मौजूद थी। तभी उन्हें सूचना मिली कि एक कैंटर, जिसमें नारियलों के नीचे भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा पत्ती भरी हुई है, जो मथुरा से दिल्ली की तरफ जाएगा। सूचना पर शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-19 नजदीक कृष्णा ढाबा पर नाकेबंदी की गई तो करीब 20 मिनट बाद एक कैंटर आता दिखाई दिया। पुलिस ने कैंटर को रुकने का इशारा किया और उसे रुकवाकर कैंटर चालक व परिचालक से कैंटर की तलाशी लेने को कहा। जिन्होंने पुलिस टीम से राजपत्रित अधिकारी द्वारा तलाशी की बात कही। मौके पर बिजली बोर्ड के एसडीओ प्रशांत कुमार को बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट बुलाया, जिनकी देखरेख में कैंटर की तलाशी ली गई। जिसमें नारियलों के नीचे सात कट्टे मिले, जिन्हें खोलने पर उनमें मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसका कंप्यूटर कांटे से वजन कराने पर उसमें 193 किलो 950 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पत्ती मिली। जिसकी मार्केट कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने गांजा पत्ती को बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम कप्तान यादव निवासी बिजवाड और प्रदीप कुमार निवासी मालाखेड़ा जिला अलवर राजस्थान बताया। डीएसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि यह गांजा वह रायपंखा उड़ीसा के रहने वाले जितेंद्र से खरीदकर लेकर आए थे और दिल्ली में तस्करी के लिए ले जा रहे थे। उनके कैंटर के आगे एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी उन्हें पायलेट कर रही थी। जिसमें उनके दो साथी सवार थे। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर अवैध नशा तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ कर अन्य संलिप्त आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

मेडिकल स्टोर पर हो रही थी नशीली दवाओं की बिक्री

गांव के सरपंच की मौजूदगी में मेडिकल स्टोर को किया सील

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

औषधि विभाग पलवल व हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो फरीदाबाद की संयुक्त टीम ने औषधि नियंत्रण अधिकारी पलवल संदीप गहलान व एचएसएनसीबी इंस्पेक्टर सतपाल के नेतृत्व में गांव सराय खटेला में नंगला अहसानपुर रोड स्थित आदित्य मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाओं की बिक्री की सूचना पर रेड की। फर्म का मालिक रविंद्र खटाना टीम के दुकान पर पहुंचने से पहले ही शीशे का दरवाजा लॉक करके फरार हो गया और मोबाइल भी स्विच ऑफ कर लिया। डीसीओ संदीप गहलान ने दुकान को उसके मालिक व गांव के सरपंच की मौजूदगी में आगामी आदेशों तक सील कर दिया।

इसके इलावा भी टीम ने आस-पास स्थित आकाश मेडिकल स्टोर, पलवल-अलीगढ़ रोड पर स्थित शमशाबाद, इस्लामाबाद व राजीव कॉलोनी की 9-10 केमिस्ट की दुकानों का निरीक्षण किया। रेड के दौरान टीम ने दुकान पर व उनके आस-पास की दुकानों व उनके मालिकों के वाहनों की भी जांच की। इस दौरान कोई मादक पदार्थ या नशे में अवैध रूप से इस्तेमाल होने वाली दवा नहीं मिली। इनमें से कुछ दुकानों पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिले व बाकी दुकानों पर रिकॉर्ड संबंधित अनियमितताएं मिलीं। मौके पर सभी दुकानों की निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की गई, जोकि औषधि एवं प्रशाधन अधिनियम-1940 व नियम-1945 के प्रावधानों के अनुसार आगामी कार्रवाई के लिए प्रधिकरण फरीदाबाद को भेजी जाएगी।

प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

पायनियर समाचार सेवा फरीदाबाद

आशा ज्योति नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र तिगांव रोड स्थित बल्लभगढ़ में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर-2 की बहनों ने रक्षाबंधन पर्व मनाया। इस अवसर पर ज्योति भाई ने नशे से कैसे मुक्त रहें, इस पर अपने प्रवचन दिए एवं ममता बहन ने राखी पर उन्हें नशे को छोड़ने का संकल्प कराया। सभी बंदियों को राखी बांधी। बीके विनेश बहन ने राजयोग का अभ्यास कराया एवं चंचल बहन ने संस्था का परिचय दिया।

आशा ज्योति के डायरेक्टर प्रदीप मालिक ने कहा कि समय समय पर हम अपने सेंटर में ब्रह्मकुमारी की क्लास ज्योति भाई द्वारा कराते रहते हैं। रक्षाबंधन पर बहनों ने आकर सभी को राखी बांधी, उसके लिए सभी का धन्यवाद किया। यदि एक बहन के प्रयास से एक भाई भी नशा छोड़ता है, यह ब्रह्मकुमारी बहनों के लिए अमूल्य उपहार होगा।

एबीवीपी ने जवानों के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलवल द्वारा स्वदेशी राखी प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रतियोगिता में बनी राखियों को आरएएफ के जवानों को वेदांता पब्लिक स्कूल और तक्षशिला पब्लिक स्कूल की छात्राओं के सहयोग से सेना के जवानों के साथ महाराणा प्रताप भवन में धूमधाम से रक्षाबंधन मनाया। कमांडिंग ऑफिसर ने छात्राओं का स्वागत किया। इस अवसर पर एबीवीपी के जिला प्रमुख जितेंद्र ने सेना के जवानों से कहा कि उनके साथ रक्षाबंधन मनाने का उद्देश्य दूरस्थ राज्यों से इस जगह पर नियुक्त वीर जवानों को अपने परिवार की याद की कमी को पूरा करना है। वीर जवानों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुए कहा कि वीर जवानों की वजह से ही हमारी मातृभूमि सुरक्षित है। इस उपलक्ष्य में छात्राओं ने सैनिकों को मिठाई खिलाकर और तिलक लगाकर राखी बांधी। वहीं सैनिकों के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। कमांडिंग ऑफिसर ने कहा कि आज के पर्व पर छात्राओं द्वारा राखी बांधकर हमारी घर की स्मृतियों की कमी को पूरा किया और हमारी हौसला अफजाई की। इस मौके पर मनीष कुमार, अंजलि नागर, राजाराम, मनोज कुमार, खुशी, हिमांशी, तनवी, सोनी, पायल, गौरी, भावना सहित अन्य बहनें और जवान मौजूद रहे।

सफाई कर्मियों के बच्चों की शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाने में हो प्रयास : कृष्ण कुमार

प्रत्येक छह माह में शिविर आयोजित कर सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की करें जांच

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

प्रदेश के हरेक सफाई कर्मचारी के कल्याण के लिए राज्य में सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया गया है, जो हर पल राज्य के सफाई कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखकर लगातार कार्य कर रहा है। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी को उनका हक हर हाल में दिया जाना चाहिए। इस बैठक से पूर्व इंजीनियर कृष्ण कुमार ने जिला की सफाई कर्मचारी यूनियनों के प्रधानों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को जाना और उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी समस्याओं का निदान कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलावार एक-एक समन्वयक नियुक्त किए जाएंगे।

कृष्ण कुमार ने कहा कि वे पहले भी दो बार पलवल का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने बैठक में सफाई कर्मचारियों के वेतन से लेकर पीएफ, ईएसआई, सेफ्टी गार्ड किट, वर्दी भत्ता के अलावा चेंजिंग रूम के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सफाई कर्मचारियों के बच्चों के शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में डाटा एकत्रित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। चेयरमैन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों के लिए प्रत्येक छह माह के अंतराल में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की जाए। इन स्वास्थ्य जांच शिविरों के दौरान समाज कल्याण विभाग की ओर से सफाई कर्मचारियों के लिए क्रियान्वित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से समस्त सफाई कर्मियों को जागरूक करने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक जिला में स्वयं सफाई कर्मचारियों के बीच जाकर उनके मनोबल को बढ़ाने का कार्य करते हैं।

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की बेटियों ने बांधे सैनिकों को रक्षा सूत्र

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल तथा एनएनएस की छात्राओं द्वारा रक्षा पर्व का आयोजन नगर पालिका कमेटी हॉल में किया गया। कार्यक्रम में रेपिड एक्शन फोर्स-83 के डिप्टी कमांडेंट राजेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत तथा संचालन जिला संयोजक विष्णु गौड़ ने किया। इस अवसर पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य आशा शर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त हरीशचंद, रेपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट भूपेंद्र राठौर, सीनियर इंस्पेक्टर विजेंद्र कुमार, सतीश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया कि गर्ल्स गाइड्स द्वारा प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर राखियां बनाकर देश की रक्षा करने वाले सैनिकों को भेजी जाती हैं। इस बार होडल में रेपिड एक्शन फोर्स की तैनाती थी, इसलिए संगठन ने देश की आंतरिक सुरक्षा करने वाले सैनिकों के साथ रक्षा पर्व मनाने का संकल्प लिया। रक्षा सूत्र बांधने वाली बेटियों में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होडल तथा एचजीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय होड़ल की छात्राएं शामिल रहीं। मुख्य अतिथि डिप्टी कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने कहा कि उन्हें खुशी हुई कि आज समाज तथा बेटियों ने अपना पर्व उनके साथ मनाया है। उन्होंने रक्षा सूत्र बांधने वाली बेटियों को शुभकामनाएं, आशीर्वाद व शगुन दिया। इस अवसर पर प्रवक्ता पुनीत मक्कड़, बबीता सौरोत, सुमन बाला, जितेंद्र, प्रवीण कुमार, ज्योति बाला, आशिमा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

रक्षा बंधन पर हर वर्ष गरीब बच्चों के लिए होता है कार्यक्रम : भाटिया

खुशी एक एहसास टीम ने अनेक संस्थाओं के साथ बच्चों को साइकिल बांटीं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अपने त्योहारों को सांझा करते हुए खुशी एक एहसास टीम ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद, टीम जॉय ऑफ गिविंग, टेन स्माइल्स फाउंडेशन के साथ मिलकर रक्षा बंधन सेलिब्रेशन और साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें पांच एनजीओ स्कूलों, प्रयास वेलफेयर ट्रस्ट, रोशनी विद्या मंदिर और जागृति सेवा ट्रस्ट, प्रयास वेलफेयर ट्रस्ट, श्री गुरु सिंह सभा स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रही 26 बच्चियों के उत्साह को बढ़ाने के लिए फरीदाबाद के आगमन बैंक्वेट के सहयोग से साइकिल वितरित की गईं। खुशी एक एहसास के सदस्य विजय भाटिया ने बताया कि ये आयोजन हर साल किया जाता है, ताकि रक्षा बंधन के इस त्योहार पर हमारी संस्था से जुड़ी शिक्षा में अव्वल बच्चियों को खास उपहार के रूप में साइकिल दी जाती है, जिससे उन्हें स्कूल आने जाने में सुविधा हो। कार्यक्रम की शुरुआत रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ की गई। देश के राष्ट्रगान के बाद छात्राओं ने अपनी नृत्य, कविता एवं संगीत के माध्यम से कार्यकर्म में चार चांद लगाए। कार्यक्रम के बाद सभी एनजीओ स्कूल के संचालकों ने खुशी एक एहसास द्वारा निरंतर दिए जा रहे सहयोग की सराहना की और शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों का साथ देने के लिए टीम खुशी एक एहसास का हिस्सा बनने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय एनआईटी-5 की 12वीं की छात्राओं और एनजीओ स्कूलों के तीन छात्रों को उनकी दिनचर्या में मदद के लिए साइकिल उपहार में दी गई। सभी 15 छात्रों को चॉकलेट बॉक्स भी दिए गए। कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह नारंग, क्लब की सर्वप्रमुख महिला मंदीव नारंग, क्लब खजांची कमल बत्रा, रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य सरदार जगदीप सिंह मैनी, खुशी एक एहसास के वालंटियर्स और सहयोगियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने बच्चों की साइकिल के लिए अपना सहयोग दिया। टीम खुशी एक एहसास ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद, टीम जॉय ऑफ गिविंग और खुशी एक एहसास के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सभी अतिथिगणों ने कार्यक्रम और खुशी एक एहसास के विभिन्न कार्यों की सराहना की।

चेहरे की सुंदरता बढ़ाते हैं स्वस्थ दांत : डॉ. रामेश्वरी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

सीएचसी दूधौला में लगाया दंत चिकित्सा शिविर

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दूधौला में सिविल सर्जन डॉक्टर डॉ. नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन व डिप्टी सिविल सर्जन एवं वरिष्ठ डेंटल सर्जन डॉ. रामेश्वरी के मार्गदर्शन व एसएमओ डॉक्टर संतोष के नेतृत्व में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एमडीएस डेंटल सर्जन डॉ. सुमन सिंगला द्वारा आरबीएसके के चिकित्सकों द्वारा रेफर किए गए 15 बच्चों के मंसूढ़ों व दांतों की जांच व चिकित्सा की गई। शिविर में दांतों में केविटी होना, दांतों में कीड़ा लगना, दांतों का पीलापन, मसूढ़ों में सूजन व मसूढ़ों से खून आना, पायरिया तथा टेढ़े मेढ़े दांतों की जांच व चिकित्सा की गई। डिप्टी सिविल सर्जन एवं डेंटल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने बच्चों व अभिभावकों को मुंह के कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों व उनके माता-पिता व अभिभावकों को बीड़ी, सिगरेट न पीने, तंबाकू, गुटखा, राज दरबार तथा खैनी आदि मादक पदार्थ न खाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि हमारे सुंदर, स्वच्छ व स्वस्थ दांत ही हमारे चेहरे की सुंदरता बढ़ाते हैं। डेंटल सर्जन डॉ. सुमन सिंगला ने बताया कि हमें दिन में दो बार सुबह खाना खाने के बाद व रात को सोने से पहले ब्रश अवश्य करना चाहिए। शिविर में एसएमओ डॉक्टर संतोष ने बच्चों को साफ सफाई से रहने, योग करने, खेलों में भाग लेने, मोबाइल का कम से कम प्रयोग करने तथा अच्छे से पढ़ाई कर अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

बुजुर्ग के प्लॉट पर कब्जे की कोशिश, सूखे गोबर के ढेर में लगाई आग

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

बुजुर्ग के प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से वहां ईंट डाल दी और सूखे गोबर के ढेर में आग लगा दी। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

गांव दीघोट निवासी 82 वर्षीय गुरगल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 20 साल पहले सुखबीर फौजी से गांव की आबादी में एक लाल डोरा के अंदर आने वाला प्लॉट लिया था। जिस पर पिछले 20 वर्ष से वह काबिज है। लेकिन अब सुखबीर उसके प्लॉट पर कब्जा करना चाहता है। जिसके चलते सुखबीर फौजी, जितेंद्र, कुमार पाल, पिंकी और दुर्गा ने प्लॉट पर कब्जा करने की नीयत से प्लाट के भीतर ईंटें डाल दीं।

रात करीब डेढ़ बजे सूखे गोबर के ढेर में आग लगा दी। अगले दिन सुबह उसने सुखबीर से कारण पूछा तो उसने उसे जाने से मारने की धमकी दी। गुरगल का कहना है कि उन लोगों का परिवार बड़ा है और दबंग है। उनका परिवार अकेला है, आरोपी उनके साथ किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकते हैं।

चीन की दुष्टता

गलत मानचित्र

चीन लगातार पूरे अरुणाचल प्रदेश व अक्साईचिन को अपने भूभाग की तरह दिखाता है। हालांकि, अरुणाचल प्रदेश को अपने भूभाग की तरह दिखाना चीन के लिए कोई नई बात नहीं है, पर इस बार यह दुष्टता परेशान करने वाली है। उसने यह काम जी 20 सम्मेलन के कुछ ही दिन पहले किया है, जबकि इसमें दुनिया भर के नेता सद्भावना व शांतिपूर्ण दुनिया बनाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। 28 अगस्त को चीन सरकार ने 'चीन के मानक मानचित्र का 2023 संस्करण' जारी किया जिसमें अरुणाचल प्रदेश व अक्साईचिन को उसकी सीमा में दिखाया है। हालांकि, यह मानचित्र पहले वाले मानचित्र जैसा है और पश्चिमी सीमा पर उसके दावों की पुष्टि करता है। पूरे दक्षिण चीन सागर में फैली 'नाइन-डैश लाइन' को भी उसने अपना क्षेत्र बताया है। ताइवान के पूरब में एक 'टेंथ-डैश लाइन' बनाई गई है जो इस प्रायद्वीप पर बीजिंग का दावा प्रदर्शित करती है। नवीनतम मानचित्र बीजिंग की अप्रैल की घोषणा के बाद आया है कि वह अरुणाचल प्रदेश के 11 नामों का 'मानकीकरण' करेगा। यह अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के 'पुन: नामकरण' की तीसरी सूची है। प्रेक्षक इसे भारतीय घोषणा की प्रतिक्रिया के रूप में देख रहे हैं जिसने जी 20 सम्मेलन के पहले राज्य में आयोजन किए जिनका बीजिंग ने विरोध किया था। आशा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग नई दिल्ली में 9-10 सितंबर को होने वाले शिखर आयोजन में शामिल होंगे। इस कृत्य से चीन को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है और दुनिया की उसके साथ हमदर्दी भी नहीं है।

इससे नाभिकीय आयुध संपन्न पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ा है। 2017 के डोकलाम संकट से स्पष्ट है कि क्षेत्र संबंधी विवाद सैनिक टकराव में बदल गया है। ऐसे में इस क्षेत्र में अपने दावों पर जोर दे कर चीन क्षेत्रीय अस्थिरता के साथ सैनिक टकरावों की संभावना भी पैदा कर रहा है। इस कदम से चीन और भारत के बीच तनाव और बढ़ने की आशंका है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध सहयोग व प्रतियोगिता से संचालित हैं और उन्होंने आर्थिक सहयोग का महत्व स्वीकार किया है। लेकिन बार-बार क्षेत्र संबंधी विवादों ने राजनयिक संबंधों पर दबाव डाला है। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश को अपने क्षेत्र के रूप में दिखाने से भारत को कड़ा संदेश मिला है जिसके राजनयिक नतीजे हो सकते हैं। ऐसे में भारत की प्रतिक्रिया पर लोगों की नजर रहेगी क्योंकि वह शक्तिशाली पड़ोसी के मामले में शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखने तथा क्षेत्रीय अखंडता के बीच संतुलन बनाए रखता है। जी 20 सम्मेलन के ठीक पहले आधिकारिक मानचित्रों में अरुणाचल प्रदेश को अपने क्षेत्र के रूप में प्रदर्शित करने के चीन के निर्णय के क्षेत्रीय स्थिरता, द्विपक्षीय संबंधों तथा चीनी इरादों के प्रति दुनिया की समझदारी पर व्यापक प्रभाव पड़ेंगे। अंतरराष्ट्रीय समुदाय कड़ी नजर रखेगा कि आपने वाले सप्ताहों में चीनी कार्रवाई का क्या राजनयिक प्रभाव पड़ता है। ज्यादा चिन्ताजनक बात है कि इससे जी 20 की प्रभावशीलता पर संदेह होता है तथा उसमें अंतर्निहित आंतरिक विरोधाभास स्पष्ट होते हैं। जी 20 के सुगठित रूप से काम करने के लिए सभी देशों की समान समझदारी होनी चाहिए तथा उनको अपने विवादों का शांतिपूर्ण समाधान करना चाहिए। वर्तमान समय में दुनिया आर्थिक व राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में क्षेत्रीयता संबंधी विवाद विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का महत्व उजागर करते हैं। इससे लगातार परस्पर जुड़ती दुनिया को स्थिर रखने के लिए नाजुक संतुलन की आवश्यकता उजागर होती है।

समावेशी वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे का आधार

भारत द्वारा जी 20 की अध्यक्षता ने समावेशी वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे का आधार स्थापित कर दिया है। इससे सारी दुनिया को स्वास्थ्य पहुंचाने में डिजिटल माध्यमों का अधिकतम योगदान सुनिश्चित होगा।

मनसुख मंडाविया
(लेखक, भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं)

भारत वर्तमान समय में नई दिल्ली में जी 20 राष्ट्राध्यक्षों व शासनाध्यक्षों के 18वें सम्मेलन की तैयारी कर रहा है। हमें स्वीकार करना चाहिए कि वैश्विक उत्तर व वैश्विक दक्षिण के बीच सचमुच समावेशी व समग्र स्वास्थ्य रक्षा ढांचे का आधार स्थापित किया गया है। इसका प्रारम्भ भारत में हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में कहा था, 'हमें सारी जनता के कल्याण के लिए अपनी खोजों को प्रस्तुत करना चाहिए। हमें फंडिंग में दुहराव से बचना चाहिए। हमें तकनीक की सबको उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग करना चाहिए।' यह देख कर बहुत खुशी होती है कि इस प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय मंच के सदस्यों ने काफी समय बाद उस सामूहिक विवेक को स्वीकार किया है जिसे हम कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के समय और उसके बाद प्रदर्शित करते रहे हैं।

इसका निहितार्थ यह है कि 'असली स्वतंत्रता का प्रारम्भ केवल तभी होता है जब संपूर्ण मानवता के स्वास्थ्य को कोई खतरा न हो।' यदि कोई वायरस विभीषिका पैदा करने पर आमादा हो तो समाज किसी प्रकार की आर्थिक बेहतरी का लाभ नहीं उठा सकता है। हम उसकी प्रतिक्रिया के लिए ठीक से तैयार नहीं हैं। भारत द्वारा जी 20 की अध्यक्षता के दौरान यह विचार महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चर्चाओं के सार रूप में सामने आया। मंत्रियों, वरिष्ठ नीति-निर्माताओं तथा बहुआयामी एजेंसियों ने एकमत से भारत की जी 20 स्वास्थ्य प्राथमिकताओं का समर्थन किया जिसमें सबके लिए सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं तथा उनकी पहुंच में जटिलताओं को रेखांकित किया गया था। इस प्रक्रिया में हमने सफलतापूर्वक एक व्यापक सहमति तैयार की कि भावी स्वास्थ्य आपातस्थितियों को रोकने, उनके लिए तैयारी करने तथा उनका मुकाबला करने के लिए एक सुगठित रणनीति होनी चाहिए। इसके साथ ही वैश्विक महामारी से मुक्ति में सबको शामिल करना चाहिए।

स्वास्थ्य पर कुछ महत्वपूर्ण वैश्विक कार्रवाइयों में एक ऐसा चिकित्सा मंच तैयार करना शामिल है जिसके सिद्धान्तों व ढांचे पर सहमति हो। इससे वैक्सीनों, चिकित्सा, निदान तथा अन्य समाधानों में वर्तमान असमानतायें घटाने में सहायता मिलेगी। इससे स्वास्थ्य संकट का मुकाबला करने के प्रभावी हथियार तैयार होंगे। डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल से विभिन्न देशों की डिजिटल स्वास्थ्य पहलों को शामिल करना संभव होगा। इससे विभिन्न देशों के बीच दूरियों को कम किया जा सकता है जिससे वे विशिष्ट संदर्भों में समाधान आसानी से समझ सकते हैं। इससे यह समझ विकसित होगी कि जलवायु और स्वास्थ्य कैसे एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं ताकि विशिष्ट समाधानों को प्राथमिकता दी जा सके। हम अपनी परंपरागत चिकित्साओं में गहराई तक जा कर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे अतीत का विवेक भविष्य में स्वास्थ्य ठीक रख सके।

जवाबी चिकित्सा उपायों के लिए एक प्लेटफार्म की आवश्यकता है। दुनिया भर में कोविड-19 टीकाकरण तथा निदान की कवरेज में अंतर्निहित असमानतायें व्याप्त रही हैं। हमें इन असमानताओं को समाप्त करना होगा। लगातार परस्पर जुड़ती दुनिया में एक देश का रोगकारक पूरी दुनिया के लिए खतरा पैदा कर सकता है। हमें उन सिद्धान्तों तथा वैश्विक ढांचे पर सहमत होना चाहिए जो वैक्सीनों, निदान परीक्षणों, दवाओं तथा अन्य समाधानों को सभी देशों तक पहुंचा सके। ऐसे वैश्विक प्लेटफार्म को समावेशी होना चाहिए जिसका अर्थ है कि इसमें बाधाओं के पार सभी स्वरों को स्वीकार किया जाना चाहिए। इसे सक्षम होना चाहिए, अर्थात इसे वर्तमान क्षमताओं व नेटवर्कों पर आगे तेजी से निर्माण करना चाहिए। इसे लचीला व परिवर्तनशील होना चाहिए, अर्थात इसमें अंतर्निहित लचीलापन होना चाहिए जो तेजी से बदलती आवश्यकताओं तथा वैज्ञानिक प्रमाणों के अनुसार स्वयं को ढाल सके। इसे जवाबदेह भी होना चाहिए जिसका अर्थ है कि इसे एक पारदर्शी ढांचे में स्पष्ट व साझा समझदारी को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसे सस्ते चिकित्सा समाधानों को तेजी से उपलब्ध कराना चाहिए। जी 20 के माध्यम से हमने एक विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ नीत विचार-विमर्श प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है। इसमें कम तथा मध्यम आय वाले देशों का समुचित प्रतिनिधित्व होना चाहिए तथा एक आंतरिक व्यवस्था विकसित होनी चाहिए जो ऐसे प्लेटफार्म का बिना किसी विलम्ब के क्रियान्वयन कर सके। यह इसलिए जरूरी है ताकि हम अगली स्वास्थ्य आपातस्थिति आने पर उसके लिए समुचित रूप से तैयार रह सकें। जी 20 देशों ने वैक्सीनों, दवाओं तथा निदान उत्पादों की क्षेत्रीय विनिर्माण क्षमताओं को खासकर विकासशील देशों में बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। इसके साथ ही हम सामूहिक रूप से आरएंडडी का एक इकोसिस्टम तैयार करना चाहते हैं ताकि स्वास्थ्य आपातस्थितियों में बाजार की विफलताओं का पहले से अनुमान लगाया जा सके।

डिजिटल स्वास्थ्य के लिए वैश्विक पहल जरूरी है। डिजिटल स्वास्थ्य सबको स्वास्थ्य पहुंचाने में एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण गति पैदा करने वाला कारक है। भारत में वैश्विक महामारी के दौरान हमने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में कोविड-19 के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल उपकरणों की परिवर्तनकारी भूमिका का अनुभव किया। डिजिटल रूप से जनता को लाभान्वित करने के लिए को-विन व ई-संजीवनी पूरी तरह गेमचेंजर साबित हुए। इन्होंने एक अरब से अधिक जनसंख्या को वैक्सीनों व स्वास्थ्यरक्षा सेवायें प्रदान करने का पूर्णत: लोकतांत्रीकरण कर दिया जिसमें भारत की सर्वाधिक जोखिम वाली जनसंख्या भी शामिल है। भारत पहले ही एक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम तैयार कर रहा है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन-एबीडीएम ने रोगियों का सशक्तीकरण कर उनके चिकित्सा रिकार्ड को सुरक्षित रखना तथा उस तक पहुंच सुनिश्चित की है। इसका साझा स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं के साथ किया जाता है ताकि रोगियों का उपयुक्त इलाज व फालोअप सुनिश्चित हो सके। दुनिया के 120 से अधिक देशों ने अपनी राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य नीतियां या रणनीतियां विकसित की हैं। इससे संकेत मिलता है कि कम आय वाले देशों समेत दुनिया भर में डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों को कितनी प्राथमिकता मिल रही है। लेकिन अभी कुछ समय पहले तक कोई साझा प्लेटफार्म और भाषा नहीं थी जिससे देश इच्छा रखते हुए भी डिजिटल स्वास्थ्य पहलों में अपने सीखे गए सबकों का साझा कर सकें।

डिजिटल स्वास्थ्य के संबंध में इतने अलग-अलग खांचों में काम करने का अर्थ एक जैसे उत्पादों का भारी दुहराव है। 19 अगस्त को भारत के जी 20 प्रतिनिधित्व के दौरान डिजिटल स्वास्थ्य पर डब्लू एचओ नीत वैश्विक पहल-जीआईडीएच शुरू होने से यह स्थिति बदलने की आशा है। इस पहल में जी 20 देशों के एकमत समर्थन से यह सुनिश्चित हुआ है कि दुनिया निर्णायक रूप से वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। इससे विखंडित डिजिटल स्वास्थ्य स्पेस में आमूल परिवर्तन आएगा तथा विभिन्न देशों के बीच डिजिटल-खाई पाटने में सहायता मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य देशों को उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की योजना बनाने व क्रियान्वयन में मदद करना है। इससे रोगियों को जन-केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सहायता मिलेगी जिसमें उनकी निजता व नैतिकता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस ढांचे का अर्थ है कि दुनिया भर में लोगों को एक खास मानक वाली डिजिटल स्वास्थ्य सेवायें दी जा सकती हैं।

विभिन्न देशों की डिजिटल स्वास्थ्य यात्रा को पहचानना तथा उनका साझा करना वर्तमान की आवश्यकता उजागर करता है। इससे एक देश सबको स्वास्थ्य पहुंचाने के लिए दूसरे देश के अनुभव से सीख सकता है और दूसरा लंबे रास्ते को छोटा कर सकता है।

जलवायु व स्वास्थ्य संबंधों को प्राथमिकता जरूरी है। सभी क्षेत्रों में जलवायु संबंधी चेतना फैलने के बावजूद जलवायु परिवर्तन व स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव के बीच जटिल संबंध हैं। इसमें मानव स्वास्स्य, जानवरों का स्वास्थ्य तथा पेड़-पौधों का स्वास्थ्य शामिल है। भारत की अध्यक्षता में पहली बार स्वीकार किया गया है कि जी 20 के माध्यम से इन अदृश्य संबंधों का खुलासा होना चाहिए ताकि उनके संबंधों को प्राथमिकता दी जा सके। जी 20 देशों ने लो-कार्बन, उच्च गुणवत्ता वाले टिकाऊपन तथा जलवायु-प्रतिरोधी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है। इससे सुनिश्चित होगा कि हमारा स्वास्थ्य क्षेत्र ऐसे समय पीछे न छूट जाए जब सभी क्षेत्र नेट-ज़ीरो के लक्ष्य पर आगे बढ़ रहे हैं। हमारे दस्तावेज में जी 20 देशों ने एक-स्वास्थ्य दृष्टिकोण से एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस-एएमआर से निपटने की आवश्यकता जताई है।

परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दुनिया भर में समग्र स्वास्थ्य व वेलनेस को प्रोत्साहित करने के लिए समन्वित चिकित्सा को केन्द्र में रख कर क्रांति हो रही है। हमारी जिम्मेदारी है कि जीवन्त परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों तथा अन्य अज्ञात स्रोतों का लाभ उठा कर जी 20 जैसे समूहों के माध्यम से मानवता को लाभान्वित किया जाए। पिछले साल हमारे सम्मानित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के जामनगर में डब्लूएचओ-ग्लोबल सेंटर फार ट्रेडीशनल मेडिसिन का उद्घाटन किया था। इसने हमारी प्राचीन वेलनेस संपदा के माध्यम से दुनिया के कल्याण का मार्ग खोला है। हम यह विरासत जी 20 में आगे बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। सदस्य देशों ने प्रमाण-आधारित परंपरागत तथा सहयोगी चिकित्सा पद्धतियों का स्वास्थ्य में योगदान पहचाना है। एक प्राचीन श्लोक के अनुसार, 'आरोग्यं परामम भाग्यं, स्वास्थ्य सर्वथा संधानम'। इसका अर्थ है कि 'रोग से स्वतंत्रता अंतिम लक्ष्य है और अच्छा स्वास्थ्य अन्य सभी संपत्तियां प्राप्त करने का आधार है।' वैश्विक महामारी के भयानक अनुभव के बाद जी 20 में हमने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर पूरी तरह ध्यान दिया है और निर्णय किया है कि अब काम करने का समय आ गया है।

राखी के धागे का महत्व

> आइए हम रक्षा बंधन के इस अवसर का उपयोग आत्माओं के भाईचारे के शाश्वत सत्य को याद दिलाने के लिए करें।

ब्रह्मकुमार निकुंज
(लेखक,आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

रक्षा बंधन एक ऐसा त्योहार है जो सभी बहनों और भाइयों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है क्योंकि, इस दिन, वे अपने पवित्र रिश्ते के प्रति प्रतिबद्धता को बहाल करते हैं। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर एक सजी हुई डोरी बांधती हैं, जिससे उनके रिश्ते में प्यार का बंधन मजबूत होता है और भाई बहनों को सभी खतरों से बचाने का वादा करते हैं, चाहे वह शारीरिक हो या वित्तीय। भाई-बहन के बीच के इस दिव्य बंधन की खूबसूरती यह है कि इसकी गारंटी एक भी शब्द बोले बिना दी जाती है। धागा बांधने, मिठाइयों का आदान-प्रदान करने और कभी-कभी थोड़ी सी पॉकेट मनी का सरल इशारा बस उस रिश्ते का समर्थन करता है और यह सब करता है! समय के साथ इस त्यौहार ने अलग-अलग अभिव्यक्तियां और अर्थ प्राप्त कर लिए हैं। हालांकि, किसी को आश्चर्य होता है कि यह सब क्यों और कैसे शुरू हुआ। कुछ समय पहले, भारत में शाही राजवंशों के समय में, पारिवारिक पुजारी की उपस्थिति में इसी तरह का आयोजन किया जाता था। और अब भी कई दक्षिण भारतीय परिवारों में ऐसा होता है. पुजारी, कुछ औपचारिक प्रार्थनाएं करने के बाद, परिवार के सभी सदस्यों को एक पवित्र धागा बांधता था, इस प्रकार यह प्रतीकात्मक रूप से दर्शाता था कि वे सभी बुराइयों से सुरक्षित हैं।

यह भी एक परंपरा हुआ करती थी जब परिवार के पुरुष युद्ध के लिए निकलते थे। यह जानना दिलचस्प है कि कैसे इन लोगों को ईमानदारी से विश्वास था कि एक छोटी सी डोरी उन्हें विभिन्न प्रकार के खतरों से बचाने में सक्षम होगी। गहराई से देखने पर, कोई भी विचार करेगा कि क्या यह केवल डोरी थी या इसके साथ जुड़े शुद्ध ऊर्जावान इरादों और शुभकामनाओं की सीमा थी।

दुख की बात है कि आज हम आत्म-विश्वास और शुद्ध दृष्टि की वह डिग्री खो चुके हैं जो कुछ सौ साल पहले तक हमारे पास परंपराओं के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों के लिए प्यार था। लेकिन, सवाल यह उठता है कि हमारी सभ्यता की मानसिकता में आए इस बदलाव के पीछे असली वजह क्या है? कुछ लोग आधुनिक या शहरी जीवनशैली को दोषी मानते हैं और दावा करते हैं कि पश्चिमी तरीकों के संपर्क के कारण हम भारतीय अपनी सांस्कृतिक जड़ें खो रहे हैं।

लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह दोनों तरह से काम करता है। यह सही है कि हम अपनी पिछली पीढ़ियों की तुलना में संस्कृतियों, सोचने और जीने के तरीकों की कहीं अधिक विविधता से परिचित हैं। लेकिन साथ ही, यह एक्सपोज़र चुनाव करने की अधिक स्वतंत्रता के साथ आता है! इसलिए, यह कहना कि हम इस या उसके कारण या उनके कारण ऐसा व्यवहार कर रहे हैं, केवल अपनी सुविधा के लिए बहाना बनाना है। आख़िरकार, किसी का व्यवहार उसके स्वयं के निर्णयों और मूल्य प्रणालियों द्वारा निर्देशित होना चाहिए, न कि इस बात से कि दूसरे क्या व्यक्त कर रहे हैं या अनुसरण कर रहे हैं। इसलिए, समय की मांग उस मामले के लिए मीडिया या वैश्वीकरण को खत्म करना नहीं है, बल्कि मानवीय मूल्यों और व्यक्तिगत आत्म-सम्मान की बहाली पर ध्यान केंद्रित करना है, क्योंकि अंतत: हमारे सभी कार्यों का बीज उस विचार में निहित है जो हमारा दिमाग उत्पन्न करता है। और यह केवल तभी होता है जब हम सचेत रूप से अपने विचार पैटर्न पर गौर करते हैं, हम उसे सुधारने और सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। जब हमारे मूल्य आधार की जांच करने की बात आती है तो आत्मा और कर्म की अवधारणा की समझ बहुत मददगार होती है। आत्मा के ज्ञान से जो सबसे महत्वपूर्ण अनुभूति मिलती है वह है विश्व बंधुत्व की।

और एक बार जब हमें इस पहलू का एहसास हो जाता है तो दूसरों के प्रति हमारी भावनाएं, दृष्टि और दृष्टिकोण स्वचालित रूप से सम्मानजनक, शांत और शांत हो जाएंगे। अत: भाई के हाथ पर पवित्र धागा बांधते समय सभी बहनों को स्वयं के साथ-साथ अपने भाइयों को भी यह याद दिलाना चाहिए कि हम मानव आत्माएं एक परमात्मा की संतान हैं और हम आध्यात्मिक भाईचारे के माध्यम से जुड़े हुए हैं।

पवित्रता, ईमानदारी, सम्मान, सहयोग और करुणा जैसे मूल्यों के लिए खुद को प्रतिबद्ध करके, हम एक-दूसरे के साथ शुद्ध प्रेम के बंधन को मजबूत करते हैं, क्योंकि केवल शुद्ध विचार और कार्य ही नफरत, हिंसा और नुकसान से सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। तो, आइए हम रक्षा बंधन के इस अवसर का उपयोग आत्माओं के भाईचारे के शाश्वत सत्य को याद दिलाने के लिए करें। और आइए हम अपने आंतरिक गुणों को एक नई ऊंचाई तक बढ़ाने के लिए दिव्य प्रेम के इस धागे का उपयोग करें और इस प्रकार यह सुनिश्चित करें कि हम सभी के लिए और हमेशा के लिए सबसे शुद्ध और सबसे पोषित भावनाओं को बनाए रखें।

आप की बात

चीन की आदत

चीन ने एक बार फिर गलत मैप जारी कर अरुणाचल प्रदेश व अक्साईचिन को अपना हिस्सा बताया है। भारत सरकार ने इस नक्शे पर आपत्ति जताते हुए चीन के दावे को खारिज कर दिया है। भारत सरकार का कहना है कि अरुणाचल सदा से ही भारत का अभिन्न अंग है एवं आगे भी बना रहेगा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हमने चीन सरकार के सामने डिप्लोमेटिक चैनल के जरिए उनके इस प्रकार के मैप पर कड़ा विरोध जताया है। भारत सरकार का कहना है कि हमेशा इस तरह के बेतुके दावे करना चीन की आदत सी बन गई है। चीन एक कपटी, धूर्त एवं शातिर देश है। उसकी विस्तारवादी कुटिल नीतियों के कारण हमेशा ही वह काफी बदनाम भी रहा है। हमारे देश को उसकी इन कुटिल चालों का लगातार जवाब देते रहना होगा। चीन का यह कारनामा नई दिल्ली में होने वाले जी 20 सम्मेलन के ठीक पहले आया है। कहीं ऐसा तो नहीं कि चीन जी 20 सम्मेलन में अकारण विवाद खड़ा करना चाहता है क्योंकि यह सम्मेलन भारत में हो रहा है और पिछले एक साल में भारत ने दुनिया भर के अनेक विशिष्ट लोगों को भारतीय लोकतंत्र की जमीनी स्थितियों का जायजा लेने का अवसर दिया है। इससे चीन बुरी तरह बौखला गया है।

-मनमोहन राजावत, शाजापुर

छात्रों की आत्महत्या

कोटा में हाल ही में कोचिंग इंस्टिट्यूट में पढ़ने वाले दो और छात्रों के आत्महत्या करने से इस प्रकार आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या मात्र आठ माह में 23 हो चुकी है। सवाल यह है कि देशभर के सभी बड़े शहरों में बड़ी संख्या में कोचिंग इंस्टिट्यूट चल रहे हैं मगर आत्महत्या के मामले सिर्फ कोटा में ही अधिक देखने में क्यों आ रहे हैं? वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में बच्चों को कम उम्र से ही बड़ा आदमी बनने की धुटटी पिलाई जाती है। उसे जल्दी से जल्दी नर्सरी में एडमिट करके उसकी सफलता का शिखर निर्धारित कर दिया जाता है। सभी बच्चे एक समान नहीं होते। कुछ बच्चे अत्यंत प्रतिभाशाली होते हैं तो कुछ पढ़ाई में तो कमजोर होने के बावजूद अन्य क्षेत्रों में अच्छी प्रतिभा दिखाते हैं। सबसे बड़ी विडंबना है कि हमारे यहां बड़ा अफसर, इंजीनियर, डॉक्टर बनना ही सफलता का पैमाना बन गया है। बच्चे की इच्छा तो कोई पूछता ही नहीं है। स्कूल, कॉलेज व कोचिंग संस्थानों में उच्च स्तरीय पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के समग्र विकास, विश्राम, मनोरंजन व खेलकूद पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। पाठ्यक्रम व परीक्षा प्रणाली से कोचिंग की अपरिहार्यता समाप्त होनी चाहिए।

- सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

निजी शिक्षण संस्थान

शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी स्कूलों मे शिक्षकों के सम्मानीय वेतनमान हैं, परन्तु निजी शिक्षण संस्थाओ मे योग्य व शिक्षा के उचित मापदंड रखने वाले शिक्षकों का वेतन बहुत कम होता है जो महंगाई के दौर मे ऊट के मुँह मे जीरा साबित होता है। समान काम और मेहनत करने के बावजूद कम वेतन पर काम करना कर्मचारियों की मजबूरी होती है। उनको परिवार का पालन पोषण करना और अपनी जीविका चलानी होती है। यदि शिक्षा का स्तर उत्कृष्ट करना हो तो सरकार् निजी क्षेत्र को समुचित अनुदान देने की पहल कर शिक्षा का स्तर भी उत्कृष्ट कर सकती है और स्टॉफ के वेतनमान पर भी सुधार हो सकता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि निजी शिक्षण संस्थाएं परीक्षा परिणाम लगभग शत-प्रतिशत देने का प्रयास करती हैं और अनेक संस्थानों में शत-प्रतिशत परिणाम आते भी हैं। सरकार को निजी शिक्षण संस्थानों में शिक्षण की योग्यता के साथ ही शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों के वेतन-भत्तों पर भी नजर रखनी चाहिए। अनेक स्थानों पर प्रबंधक या मालिक शिक्षकों व कर्मचारियों को अपना गुलाम समझते हैं। यह प्रवृत्ति समाप्त होनी चाहिए।

- योगेश जोशी, बड़वाह

चींटियों की दुनिया

चींटियों की दुनिया में नर चींटियों की भूमिका बहुत थोड़ी होती है। उनका जीवन काल भी थोड़े ही समय का होता है। चींटियों का धरती से बहुत पुराना रिश्ता है। वे धरती के नीचे घर बनाकर जिसमें बड़े-बड़े कक्ष एक.दूसरे से सुरंगों के माध्यम से जुड़े रहते हैं। हर बस्ती में तीन प्रकार की चींटियां होती हैं-रानी चींटी, नर चींटी और मजदूर चींटी। रानी चींटी शक्तिशाली होती है। उसी का आदेश चलता है। उसका मुख्य कार्य हजारों की संख्या में अंडे देना होता है। मजदूर चींटियां रानी की देखभाल करती हैं व घर के रखरखाव की सारी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले लेती हैं। मजदूर चींटियां सबसे स्वादिष्ट भोजन रानी को खिलाती हैं। सभी मजदूर चींटियां मादा होती हैं पर उनमें प्रजनन क्षमता नहीं होती। मजदूर चींटियां भोजन तलाशती और नन्हीं चींटियों की देखभाल करती हैं। दुनियाभर में चींटियों की लगभग चौदह हजार जातियां पायी जाती हैं। चींटी बहुत ही मेहनती जीव हैं जो आपस में प्रेम से रहती हैं। चीटियों के जीवन और उनकी सामूहिकता से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं।

-विभूति बुपक्या, खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

तटबंधों और नदी के बीच बसे लोगों के लिए सरकार बनाएगी कॉलोनी: मुख्यमंत्री

● योगी ने बाढ़ प्रभावित बाराबंकी और गोंडा जिले का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों बाराबंकी और गोंडा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई और स्थलीय सर्वेक्षण किया। साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा सीएम योगी ने बाढ़ पीड़ितों से भेंट की और राहत सामग्री का भी वितरण किया। सीएम योगी ने कहा कि आपदा के समय प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ जनता के बीच मौजूद है और राहत और बचाव के लिए हर प्रकार से मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि तटबंध और नदी के बीच में जो लोग बसे हैं अगर वो इस पार बसना चाहें तो उनके लिए व्यवस्था की जाएगी। अगर सभी लोग तैयार हों तो सरकार की ओर से अच्छी कॉलोनी उनके लिए बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन नए स्थानों पर नदी का कटान हो रहा है उसके लिए सिंचाई विभाग को निर्देश दिये गये हैं कि तत्काल मुकम्मल व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दृष्टिगत सरकार की ओर से पहले ही तैयारियां कर ली गई थीं। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन के साथ ही प्रभारी मंत्रियों और लखनऊ स्तर से अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश पहले ही दे दिये गये थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 21 जनपदों के 721 ग्राम बाढ़ से प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कहा कि आने वाले समय में बाढ़ का स्थाई समाधान निकाला जाए। बाढ़ के कारण जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई है, सरकार उनका सर्वे कराकर समय पर मुआवजा उपलब्ध कराने की कार्रवाई को आगे बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री ने बाराबंकी में रामनगर तहसील के सूरतगंज ब्लॉक अंतर्गत लालपुर कोरौता गांव में स्थापित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने के साथ ही राहत सामग्री का वितरण किया। इस दौरान बाढ़ प्रभावितों से बातचीत कर मुख्यमंत्री ने व्यवस्था का हाल जाना। सीएम योगी ने कहा कि बाराबंकी के कुछ गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के कारण जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक-एक आवास उपलब्ध कराया जाएगा। आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त हुए मकानों को भी मुआवजा उपलब्ध कराए जाएगा। उन्होंने बताया कि हर पीड़ित के लिए शासन की ओर से पूरी व्यवस्था की गई है। इसमें आटा, चावल,आलू, अरहर की दाल, तेल, मिर्च, मसाले, साबुन, माचिस, महिलाओं के लिए डिग्निटी किट और बरसाती मुहैया कराई जा रही है।

ये राहत सामग्री बाढ़ के दौरान हर 15 दिन पर उपलब्ध कराई जाएगी। सीएम ने बताया कि किसी भी प्रकार की जनहानि में चार लाख रुपए की सहायता 24 घंटे के भीतर देने के लिए निर्देश दिये गये हैं। बाराबंकी में निरीक्षण के दौरान सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के अलावा विधायकगणए एमएलसीए जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। सीएम योगी जनपद गोंडा पहुंचे। यहां उन्होंने कर्नलगंज स्थित पाल्हापुर गांव में बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को राहत बचाव कार्य में और तेजी लाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि संकट के समय सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के पर्व पर आपकी रक्षा के लिए आश्वस्त करने के लिए मैं स्वयं आपके बीच आया हूं। मुख्यमंत्री ने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएएसी की फ्लड यूनिट की 8 बटालियन बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगाई गई है। इस वर्ष गोंडा के 23 गांव बाढ़ प्रभावित हुए हैं। इनमें से ज्यादातर गांव जल जमाव से मुक्त हो चुके थे मगर अभी भी कई इलाकों में पानी लगा हुआ है।

सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी को राहत और सहायता पहुंचाने का कार्य कर रही है। डबल इंजन की सरकार आपदा के समय में आपके साथ खड़ी है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री के अलावा विधायकगण और जिला पंचायत अध्यक्ष मुख्य रूप से मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी ने बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेवा मंदिर में पूजा अर्चना किया और प्रदेश के सुख-समृद्धि की कामना की। बाराबंकी में दिए अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार सावन में बाबा लोधेश्वर नाथ का दर्शन नहीं कर पाया था। मगर उनकी कृपा ऐसी रही कि खुद ही मुझे यहां बुला लिया। ये देवाधिदेव महादेव लोधेश्वर जी की कृपा से ही संभव हुआ है।

सीएम ने यूपी न्यायिक सेवा सिविल जज परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज (जूडि) परीक्षा-2022 में सफल सभी अभ्यर्थियों तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि शुचिता और पारदर्शिता के साथ रिकॉर्ड समय-सीमा में पूर्ण की गई चयन प्रक्रिया में प्रदेश की बेटियों ने हमारा गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 55 प्रतिशत बेटियों की सफलता तथा शीर्ष 20 में से 15 स्थान बेटियों द्वारा अर्जित किया जाना 'नए भारत' के 'नए उत्तर प्रदेश' को प्रतिबिम्बित करता है। उन्होंने सफल अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि चयनित अभ्यर्थियों की प्रतिभा, ऊर्जा और योग्यता 'नए उत्तर प्रदेश' के सुशासन को और समृद्ध करेगी।

राज्यपाल व सीएम ने रक्षाबंधन पर दी प्रदेशवासियों को बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि रक्षाबंधन प्यार के धागों का ऐसा पर्व है जो घर.घर ही नहीं बल्कि समाज व राष्ट्र में मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। राज्यपाल ने कहा कि राखी के धागे बहन के पवित्र प्रेम तथा रक्षा की डोरी मात्र नहीं है बल्कि ये धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता एवं एकसूत्रता का अमोघ साधन है। उन्होंने कहा कि रक्षा पर्व महिलाओं को समानता एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिये संकल्पित होने का अवसर भी प्रदान करता है। अपने बधाई सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पारस्परिक प्रेम, स्नेह व विश्वास का त्योहार है।

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 32 अधिशासी अभियंताओं को मिली मनचाही तैनाती

लखनऊ। सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग के सहायक अभियंता से अधिशासी अभियंता के पद पर नव प्रोन्नत 32 अधिशासी अभियंताओं सिविल को उनकी पसंद के आधार पर मनचाही तैनाती दी गयी। अभियंताओं के नवीन तैनाती के लिए उनकी ज्येष्ठता के क्रम में ऐच्छिक विकल्प लिए गए जिसके आधार पर तैनाती आदेश जारी किया गया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में सिंचाई विभाग के नवप्रोन्नत 32 अधिशासी अभियंताओं सिविल के पारदर्शी पदस्थापना हेतु वरिष्ठता के क्रम में अभियंताओं से ऐच्छिक विकल्प लिए गए, जिसके आधार पर उन्हें पदस्थापन किया गया। पूरी पारदर्शिता के साथ अभियन्ताओं को उनकी पसन्द के आधार पर तैनाती दी गयी इससे अभियन्ताओं में सन्तुष्टि के साथ उनकी कार्य क्षमाता को भी बढ़ावा मिलेगा। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से पदस्थापना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है।

भर्ती से लेकर तैनाती तक की पूरी प्रक्रिया में कहीं पर भी किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने समस्त पदस्थापित अभियन्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ईमानदारी से कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। सभी अभियंता अपने तैनाती स्थल पर ग़रीबों की खुशहाली के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि सभी अभियंता अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए अन्नदाता किसानों को खुशहाल बनाएं किसानो की आय बढ़ाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए यदि किसान खुशहाल होंगे तो देश एवं प्रदेश की तरक्की होगी। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, प्रमुख अभियन्ता यांत्रिक, देवेन्द्र अग्रवाल, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन आलोक जैन, प्रमुख अभियन्ता परियोजना के साथ अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

घोसी उप निर्वाचन

एग्जिट पोल एवं ओपिनियन पोल के प्रदर्शन पर रहेगा प्रतिबन्ध

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश के घोसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान के पहले दिन से ही मतदान के लिए नियत समय के आरम्भ होने से मतदान समाप्त होने के पश्चात आधे घण्टे तक किसी भी व्यक्ति द्वारा निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं किया जायेगा और न ही प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से इसका प्रकाशन या प्रचार.प्रसार किया जायेगा। 5 सितम्बर 2023 मंगलवार को मतदान के दिन प्रात: 7 बजे से सायं 7 बजे के बीच की अवधि में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार.प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप.निर्वाचन के मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जायेगाए जो भी व्यक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क का उल्लंघन करेगा, उसे 2 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किया जायेगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में घोसी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु किये जाने वाले मतदान के दिन उप्र दुकान और वाणिज्यिक अधिष्ठान.1962 के तहत लोकहित में यह छूट प्रदान की जाती है कि यदि मतदान के वास्तिविक दिन उस क्षेत्र में जिसमें कोई दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठान स्थित है, ऐसी दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठान द्वारा मनाया जाने वाला सामान्य साप्ताहिक छुट्टी का दिन नही है, तो मतदान का वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जायेगा। प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार तृतीय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 5 सितम्बर 2023 मंगलवार को 354.घोसी जनपद मऊ में उप निर्वाचन हेतु मतदान किया जाना है। ऐसे क्षेत्र में दुकानों और वाणिज्यिक अधिष्ठानों में मतदान के वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं, वानप्रस्थ पारी की नई शुरुआत: मुख्य सचिव

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने उत्तर प्रदेश सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले 20 अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके सेवानैवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित आदेशों का वितरण किया। सभी कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। मुख्य सचिव ने कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं है बल्कि वानप्रस्थ पारी की नई शुरूआत है। सेवानिवृत्त होने के पश्चात् हमारे जीवन में करने के लिये बहुत कुछ होता है। अपने शासकीय अनुभवों का इस्तेमाल तथा समय का सदुपयोग राष्ट्र के उत्थान, मानवता की सेवा व समाज की बेहतरी के लिए करना चाहिए। अपने शरीर को स्वस्थ रखने के कर्म करना आवश्यक है। कर्म करने से चित्त और शरीर चैतन्य अवस्था में रहेगा। देश के इस अमृतकाल में सभी अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रयासरत हैं। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा की कि वह अपनी नई पारी से देश व प्रदेश के लिए बेहतरीन योगदान देने का प्रयास करेंगे। सेवानिवृत्त होने वाले सचिवालय कार्मिकों में एक प्रधान निजी सचिव, दो निजी सचिव श्रेणी-3, एक निजी सचिव श्रेणी-1,तीन अनुभाग अधिकारी, पांच समीक्षा अधिकारी, 1 सुरक्षा अधिकारी, 1 अग्निशमन अधिकारी, 1 विधान भवन रक्षक, 4 अनुसेवक एवं 1 अनुसेविका शामिल हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के.रवीन्द्र नायक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश के बाद उत्तर प्रदेश में भी पास की ज्यूडिशरी की परीक्षा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ की त्रिवेणी नगर के रहने वाली समृद्धि मिश्रा ने पीसीएस के परीक्षा 2022 में 65वीं रैंक हासिल कर राजधानी का मान बढ़ाया है। समृद्धि ने बताया कि उनके पिता प्रवेश कुमार सरकारी अधिवक्ता है। बचपन से ही पिता को वकील के रूप में देखा है। उन्हीं को देखकर उन्हें जज बनने की प्रेरणा मिली। इससे पहले समृद्धि ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट 2022 में पोस्टग्रेजुएट लेवल पर पूरे देश में पहले स्थान पर रही थीण। समृद्धि ने बताया कि मौजूदा समय में लॉ की पढ़ाई पूरी करने के बाद कर्नाटक सरकार के पावर ग्रिड विभाग में लॉ ऑफिसर के पद पर तैनात है। उन्होंने बताया कि उन्होंने पहले ही प्रयास में पीसीएस जे की परीक्षा पास की है। मध्य प्रदेश सिविल जज की परीक्षा भी पास कर लिया था। पहली सितंबर को उन्हें मध्य प्रदेश में बतौर जज नियुक्त होना था, पर उससे पहले ही उप्र में पीसीएस जे में चयन होने पर वह काफी खुश है।

निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए निवेशकों की मदद करें डीएम

● मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ की साप्ताहिक समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले जनपदों को प्रोत्साहित किया और खराब प्रदर्शन वाले जनपदों को कार्य में प्रगति लेने के निर्देश दिए। डिजिटल क्राप सर्वे की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि क्रॉप सर्वे राजस्व कर्मियों का मूलत: कार्य है, कृषि विभाग द्वारा केवल सहयोग किया जा रहा है। सर्वे में सभी राजस्व कर्मियों की सहभागिता होनी चाहिए। पंचायतीराज विभाग के कर्मियों का सहयोग लिया जा सकता है। जहां भी डिजिटल क्रॉप सर्वे हो रहा वहां मैनुअल खसरा भरने की जरूरत नहीं है। सर्वे कार्य की सही रिपोर्टिंग राजस्व कर्मियों के काम आसान और बेहतर बनाने के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर ई-सर्वे कराया जा रहा है। उन्होंने ई-पड़ताल का नाम ई-खसरा (ई-पड़ताल) रखने के निर्देश दिए।

सर्वे में अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाए। अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों के अनुभवों को अन्य कर्मियों के साथ साझा किया जायेए ताकि अन्य कर्मी भी प्रेरित होकर कार्यों में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में पूरी क्षमता के साथ युद्ध स्तर पर सर्वे कार्य होना चाहिए। सभी सर्वेयर कार्य करेंगे तभी ई-सर्वे का कार्य 25 सितंबर तक पूर्ण होगा। जनपद में अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया और अनुभव के बारे में जानकारी प्राप्त की। ई-पड़ताल के तमाम फायदें है। आंकड़ों का उपयोग प्लानिंग टूल के रूप में किया जाएगा, इससे न केवल फसल के सटीक आंकड़ें प्राप्त होंगे और रियल टाइम होंगे, बल्कि किस फसल का उत्पादन कम है या अधिक होगा, जानकारी पहले से होने से कार्यवाही की जा सकेगी। सटीक रिपोर्टिंग से जनपद के कृषि सेक्टर की जीडीपी भी बढ़ेगी। 75 जनपदों (21 जनपदों में पूर्ण रूप से तथा 54 जनपदों के 10 राजस्व ग्राम) में खरीफ फसल के डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। 594 राजस्व ग्रामों में सर्वे का कार्य चल रहा है। 75 राजस्व ग्रामों का सर्वे का कार्य पूर्ण भी हो चुका है। सर्वे में कहीं कोई बड़ी समस्या नहीं है, छोटी मोटी समस्याओं का हेल्प डेस्क द्वारा समाधान कराया जा रहा है। एप से बहुत आसानी से डाटा कलेक्शन हो रहा है। लखपति महिला अभियान के तहत 14.66 लाख समूह महिलाओं को वर्ष 2025 तक लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में 1046604 एसएचजी सदस्यों की सालाना आय 1 लाख से अधिक है। 1878953 एसएचजी सदस्यों की आय 0.61 लाख से 1 लाख के मध्य है, इन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। एसएचजी महिलाओं की सालाना आय एक लाख के पार ले जाने के लिए रणनीति बनाएं, उन्हें आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिलाया जाए। एसएचजी के उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के सस्टेनेबल अरेंजमेंट किए जाएं। उनके उत्पादों की गुणवत्ता को नियंत्रित करते हुए बाजार के साथ जोड़ा जाए। उनके उत्पादों का उपयोग सरकारी कार्यालयों में भी किया जाए। इवेंट आयोजित करने के अलावा उत्पादों की ब्रांडिग के साथ उन्हें फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसे ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म पर अपलोड कराया जाए। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से प्रदेश में निवेश के प्रति सकारात्मक माहौल बना है, इसका फायदा जनपदों द्वारा उठाया जाए। उद्यमियों की प्रदेश से ढेर सारी उम्मीदें हैं। निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में निवेशकों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। निवेशकों की आउट ऑफ वे जाकर मदद करें। सरकारी व निजी, जहां भी भूमि उपलब्ध हो, निवेशकों को उपलब्ध कराने में मदद करें। जनपदों में जो भी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, उन्हें सभी डीएम प्रोएक्टिव होकर कार्य कर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें। डिजिटली या फिजिकली वार्ता कर उनकी समस्याओं का निदान कराया जाय। निवेश सारथी पोर्टल पर व जिलास्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में भूमि के साथ निवेशकों की अन्य कोई भी समस्या हो तो उसका इनोवेटिव सॉल्यूशन निकालते हुए तत्परता से निस्तारित कराया जाए।

हापुड़ घटना के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल को कांग्रेस का पूर्ण समर्थन: अजय राय

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने हापुड़ में हुई घटना के विरोध में प्रदेश व्यापी अधिवक्ताओं की हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कांग्रेस पार्टी अधिवक्तओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करती है। अजय राय ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह तानाशाही रवैये पर उतारू है। जिस प्रकार जनपद हापुड़ की अधिवक्ता प्रियंका त्यागी पर पुलिस द्वारा झूठा एवं फर्जी मुकदमा दर्ज कर उनके व उनके परिवार का उत्पीड़न किया गया बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। राय ने कहा कि पीड़ितो को न्याय दिलाने वालों के खिलाफ जिस प्रकार योगी सरकार के इशारे पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही की जा रही है जिसके विरोध में कल हापुड़ एवं गाजियाबाद बार एसोशिएसन के वकील शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे थेए जिन पर स्थानीय पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया, जिसमें भारी संख्या में अधिवक्ताओं को गंभीर चोटें आई हैं। यह घटना लोकतंत्र को शर्मसार करती है और भारतीय जनता पार्टी की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता को उजागर करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने हापुड़ की घटना में शामिल दोषी पुलिस व प्रशासन के अधिकारियोंए कर्मचारियों के खिलाफ तुरंत कठोर कार्यवाही किए जाने एवं इस घटना की न्यायिक जांच कराये जाने की मांग की है। उन्होंने इसके साथ ही गाजियाबाद की सदर तहसील में अधिवक्ता के चैंबर में घुसकर अधिवक्ता मोनू चौधरी की गोली मारकर निर्मम हत्या किए जाने पर गहरा दुख प्रकट किया है और कहा है कि योगी राज में प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है।

विश्व बाजार में मूल्य गिरने के बावजूद एलपीजी के दामों में कमी क्यों नहीं की गई: कांग्रेस

लखनऊ। केन्द्र की भाजपा सरकार ने एलपीजी में 200 रुपए दाम घटाकर ऐसे प्रस्तुत किया है, जैसे उन्होंने भारत की जनता पर कोई बड़ा एहसान कर दिया हो। कांग्रेस का यह प्रश्न है कि अब तक एलपीजी के दामों में कमी क्यों नहीं की गई जबकि विश्व के बाजार में एलपीजी के मूल्य लगातार गिर रहे हैं और अप्रैल 2023 में विश्व के बाजार में एलपीजी का मूल्य 24 प्रतिशत गिरा था। पूरा देश जब महंगाई की मार से कराह रहा था तब केन्द्र की मोदी सरकार जनता की गाढ़ी कमाई से अपने मित्रों की कम्पनियों को लगातार लाभ पहुंचाने में लगी हुई थी। कांग्रेस प्रवक्ता प्रो. हिलाल अहमद नकवी ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में एलपीजी के दामों में 144 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यदि यूपीए की सरकार से तुलना की जाए तो वर्ष 2014 में एलपीजी की कीमत से तीन गुना अधिक वृद्धि हुई है। पूरा देश जानता है कि एलपीजी के दामों में कमी करने का मुख्य कारण आगामी पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव एवं 2024 का लोकसभा चुनाव है। भाजपा सरकार यह जान ले कि भारतीयों को नौ साल महंगाई की मार के पश्चात यह चुनावी लॉलीपॉप थमाने से काम नहीं चलने वाला। महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार को मात देने के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर करने का देश की जनता ने मन बना लिया है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार को इण्डिया गठबंधन की बढ़ती लोकप्रियता से डर है, अभी तो केवल दो चरण की ही बैठकें हुई हैं। मुंबई में तीसरे चरण की बैठक के पश्चात पेट्रोल एवं डीजल के दामों में भी भारी कमी करने के लिए भाजपा सरकार बाध्य होगी, यही नहीं खाद्य पद्धार्थों पर लगाया गया जीएसटी भी हटाया जाएगा।

सपा अधिवक्ता सभा ने किया विरोध प्रदर्शन

लखनऊ। हापुड़ में वकीलों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की घटना के खिलाफ समाजवादी अधिवक्ता सभा ने बुधवार को पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने लखनऊ में राज्य पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुलिस लाठीचार्ज की निदा के साथ घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव दिलीप पाठक, केपी सिंह, आनन्द चौधरी, अंकित यादव, सर्वेश सिंह, दिग्विजय सिंह, अरसद आलम खां, दिनेश यादव आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

वकीलों व पुलिस के बीच हुए टकराव की जांच के लिए एसआईटी गठित

● सीएम के निर्देश पर मंडलायुक्त मेरठ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम सभी पहलुओं की जांच कर एक सप्ताह में देगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हापुड़ में बीते मंगलवार को पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हुए टकराव की घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रकरण की जांच के लिए शासन ने मंडल आयुक्त मेरठ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। हापुड़ घटना को लेकर यूपी बार काउंसिल ने बुधवार को कार्य बहिष्कार किया। इसके बाद प्रदेश भर के अधिवक्ताओं ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

राज्य के स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि आईजी मेरठ और डीआईजी मुरादाबाद को एसआईटी का सदस्य बनाया गया है। एसआईटी को निर्देश दिए गए हैं कि अगले 7 दिनों में घटना के सभी पहलुओं की जांच कर उत्तरदायित्व निर्धारित कर अपनी रिपोर्ट तत्काल शासन को प्रेषित करें। स्पेशल डीजी ने बताया कि इसके साथ-साथ बार काउंसिल के सभी पदाधिकारियों से हमारे जिले के अधिकारी संपर्क में हैं। उन्होंने बार काउंसिल के पदाधिकारियों से अपील की है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश शासन इस बात के लिए संकल्पित है कि अधिवक्ताओं व आम आदमियों के साथ कोई दुर्व्यवहार न हो।

मालूम हो कि हापुड़ में महिला अधिवक्ता समेत तीन लोगों पर सिपाही द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के विरोध और दर्ज मुकदमे को वापस कराने के लिए बीते मंगलवार को वकीलों ने हापुड़ तहसील चौराहे पर जाम लगा दिया था। घंटों चले हंगामे के दौरान पुलिस और अधिवक्ताओं में भिड़ंत हो गई थी। पुलिस ने लाठियां फटकार कर जाम खुलवाने की कोशिश की तो बवाल बढ़ गया। इस दौरान वकीलों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। इसमें करीब 30 वकील घायल हो गए थे। वहीं पुलिस का कहना था कि जाम के दौरान वकीलों ने सिपाही को पीटा, जिस पर सिपाहियों ने लाठी चलाई। पुलिस की ओर से आठ सिपाहियों के घायल होने की बात कही जा रही है।

हापुड़ जिलें में बीते मंगलवार को पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हुए टकराव और लाठीचार्ज की घटना के बाद प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस को सतर्कता बरने के निर्देश दिए गए हैं। डीजीपी मुख्यालय ने सभी जिलों में वरिष्ठ अधिकारियों को विशेषकर सभी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से वार्ता कर शांति-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि हर स्तर पर समन्वय बनाकर पूरी सतर्कता बरती जाए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरता जा रही है। डीजीपी मुख्यालय ने निर्देश दिए हैं कि कचहरी व तहसील के अलावा अन्य प्रमुख स्थलों के आसपास अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती व सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। गड़बड़ी करने वाले तत्वों पर भी कड़ी नजर रखने को कहा गया है। स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने डीजीपी मुख्यालय स्थित कंट्रोलरूम व सोशल मीडिया सेल को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। सभी जिलों में किए जा रहे सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी भी ली जा रही है।

नैनो तकनीकी में बायोलॉजिकल साइंस को बढ़ावा देगा एकेटीयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अब नैनो तकनीकी में बायोलॉजिकल साइंस को बढ़ावा देगा। साथ ही इसमें शोध भी करायेगा। इसके लिए बुधवार को सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज और रांची के प्रतिष्ठित सेंट जेवियर्स कॉलेज के बीच एमओयू का आदान.प्रदान हुआ। कुलपति के निर्देशन में कैश के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक और सेंट जेवियर्स कॉलेज की डॉ. प्रिया श्रीवास्तव ने आशय पत्र पर प्रतिकुलपति प्रो. मनीष गौड़ की मौजूदगी में हस्ताक्षर किये।

एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के बीच फैकल्टी एक्सचेंज, स्टूडेंट एक्सचेंज के साथ ही शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। इस मौके पर प्रति कुलपति प्रो मनीष गौड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में पहले से ही नैनो तकनीकी की पढ़ाई हो रही है। यहां के छात्रों ने नैनो तकनीकी का प्रयोग कर लार्वा के जरिये सुगर की जांच करने में सफलता प्राप्त की है। इसके अलावा भी कई शोध नैनो तकनीकी के जरिये हुए हैं और आगे हो भी रहे हैं। इस क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्ररिप्रेक्ष्य में एमओयू कर नैनो तकनीकी में बॉयोलॉजिकल साइंस को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। दोनों संस्थान बायोलॉजिकल साइंस में नैनो तकनीकी के जरिये शोध के विभिन्न आयाम पर आगे कार्य करेंगे। इस दौरान शोध से जुड़ी अन्य सुविधाएं भी साझा की जाएंगी। इस मौके पर डॉ अनुज कुमार शर्मा, गौरव राय, दिव्यांशु चौहान, डॉ सौरभ

बालिकाओं ने डीएम को बांधी राखी

लखीमपुर खीरी। बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर, सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर, डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर की पांच.पांच बालिकाओं के दल शिक्षक शिक्षिकाओं के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचीए जहां उन्होंने भाई.बहन के पवित्र रिश्तों के पर्व रक्षाबंधन से पूर्व बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को राखी बांधकर राखी का त्योहार मनाया। तीनों विद्यालयों की छात्राओं ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह को तिलक लगाकर राखी बांधी। अफसरो ने बालिकाओं को उपहार भेट किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अपार प्रेम को समर्पित है। यह हमारी संस्कृति का एक पवित्र त्योहार है। यह पर्व लोगों के जीवन में स्नेह और सद्भाव की भावनाओं को मजबूत करे। डीएम ने बालिकाओं के प्रयास की सराहना करते हुए पर्व के महत्व पर रोशनी डाली। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन पर भाई बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। अब समाज बदल रहा है बेटियां किसी से कम नहीं हैं। वो हर क्षेत्र में आगे बढ़कर परचम लहरा रही हैं। सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि वह जिले में किसी भी बेटी को अनपढ़ नहीं रहने देंगे और उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लेते हैं।

खण्डेलवाल कालेज में जी-20 पुनीत सागर अभियान पर हुआ गेस्ट लेक्चर

बरेली। महाविद्यालय में जी–20 उत्सव के उपलक्ष्य विशिष्ट पुनीत सागर अभियान के अन्तर्गत खंडेलवाल महाविद्यालय, 8वीं बालिका वाहिनी के एनसीसी कैडेट्स हेतु डॉ मनोज जोशी, विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग के द्वारा अथिति व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने कैडेट्स को प्लास्टिक के उपयोग के हानिकारक प्रभावों एवं प्लास्टिक के द्वारा हमारे प्राकृतिक संसाधनों को होने वाले नुकसान के से अवगत कराया साथ ही प्लास्टिक के कचरे के पुनर्चक्रण के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही कैडेट्स के द्वारा जी –20 पुनीत सागर अभियान के अन्तर्गत प्लास्टिक प्रदूषण पर पीपीटी प्रस्तुतीकरण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। महानिदेशक डॉ अमरेश कुमार ने कैडेट्स का मनोबल बढ़ाया और अपना आशीष प्रदान कर जी 20 पुनीत सागर अभियान के विषय से अवगत कराया, प्राचार्य डॉ आर के सिंह ने बताया कि हमें कम से कम प्लास्टिक के सामान का प्रयोग करना चाहिए जब भी हम किसी भी विषय पर कोई भी अभियान चलाते हैं तो सबसे पहले अपने आप से ही शुरुआत करनी चाहिए । यह सभी गतिविधियां 8 यू.पी. गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर राजेश शाह वीर चक्र के दिशानिर्देश के अनुसार लेव रचना के निर्देशन में किया गया । इस कार्यक्रम में एन एस एस अधिकारी सविता सक्सेना , डॉ कल्पना कटियार , डॉ शिवस्वरूप एवं शिक्षा विभाग के सभी शिक्षक भी शामिल रहे।

सड़क हादसों से बचने के लिए करें यातायात नियमों का पालन. डॉ. आई.के. रामचंदानी

- जिला चिकित्सालय में रक्षाबंधन की दृष्टिगत इमरजेंसी व अन्य सेवाओं की सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने की समीक्षा
- कहां की आवश्यकता पड़ने पर तैयार रहेगा अतिरिक्त इमरजेंसी स्टाफ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

रक्षाबंधन पर्व के दृष्टिगत जिला चिकित्सालय में आवश्यकता अनुसार तैयारी कर ली गई हैं। पर्व के दृष्टिगत ऐसा देखा गया है कि सड़क हादसों के कारण मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। इसे लेकर इमरजेंसी की सेवाओं की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आईके रामचंदानी ने समीक्षा की और इसके दृष्टिगत दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा की आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त इमरजेंसी स्टाफकी भी व्यवस्था की गई है।

सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर लोगों का आवागमन बढ़ जाता है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के साथ ही लोग अपने निजी वाहनों से भी सड़क पर आवागमन करते हैं। ऐसे में कई बार सड़क हादसों में इजाफा हो जाता है। ऐसे सभी मरीजों को तत्काल इमरजेंसी के लिए जिला अस्पताल लाया जाता है। ऐसे मरीजों के बेहतर उपचार के लिए इमरजेंसी सहित अतिरिक्त बेड़ों की व्यवस्था की गई है। छोटी मोटी चोट आने पर टिटनेस व ड्रेसिंग की अलग से व्यवस्था की गई है। प्राथमिक उपचार की समस्त दबाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित और सतर्क रहकर आवागमन करने की अपील की है और इसके साथ ही सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की हैए जिसमें चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन पर हेलमेट अवश्य लगाने का अनुरोध किया है।

कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने मोदी सरकार को घेरा

लखीमपुर खीरी। देश के 51: युवाओं के पास रोजगार नहीं है स 45 सालों की रिकॉर्ड बेरोजगारी है स नई नौकरियां पैदा नहीं हो रही हैं स नौकरी की आस में करोड़ों युवाओं की उम्र निकाली जा रही है स जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रवि तिवारी ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि नोटबंदी जीएसटी और बिना तैयारी के थोपे गए लॉकडाउन ने करोड़ों लोगों को बेरोजगार बना दिया है स हालात इतने निराशाजनक हैं कि हमारे होनहार युवाओं ने रोजगार पाने की उम्मीद ही छोड़ दी है स इस त्रासदी से निपटने के लिए केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार क्या कर रही है प्रधानमंत्री जी रोजगार में लिखा कर्मकांड कर रहे हैं स और पहले से नौकरी कर रहे लोगों के प्रमोशन लेटर को नियुक्ति पत्र बताकर बांट रहे हैं तिवारी ने यह भी बताया कि कई सरकारी संस्थाओं ने अपने कर्मचारियों को प्रमोशन दिया तो प्रधानमंत्री जी ने रोजगार मेले में उनके नाम के नियुक्ति पत्र जारी कर रहे हैं यह वही प्रधानमंत्री हैं जो चुनाव में सालाना 2 करोड़ रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आए थे स इस देश का पढ़ा लिखा हुआ नौकरी मांग रहा है प्रधानमंत्री जी उन्हें धोखा छल प्रपंच और जुमला बांट रहे हैं स आगामी लोकसभा चुनाव में देश का किसान बेरोजगार युवा इनको सबक सिखाने का काम करेगी।

धूमधाम से मनाया भाई-बहन के पवित्र प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार

- रक्षा बंधन का पर्व धर्म जाति से ऊपर है, यह भाई बहन के पवित्र प्यार का त्यौहार हैः आलोक तिवारी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। बाबू राम बाल उद्यान में भाई बहन के पवित्र प्यार का प्रतीक रक्षा बंधन का त्यौहार रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर धूमधाम से मनाया गया तथा छात्राओं ने अपनी कक्षा के छात्रों की कलाई पर राखी बांधी। छात्रों ने भी उन्हें बहन मानकर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया और उन्हें उपहार दिए। रक्षाबंधन कार्यक्रम की शुरुआत हिंदी की अध्यापिका शिल्पी अवस्थी ने येन बद्धो बलिराजा दानवेन्द्रो महाबल:।

तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल॥ श्लोक से किया तथा इसका हिन्दी भावार्थ बताते हुए कहा कि इस स्लोक का अर्थ है ष्जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बाँधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बाँधता हूँ। हे रक्षे (राखी) ! तुम अडिग रहना, तू अपने संकल्प से कभी भी विचलित न होना। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आलोक तिवारी ने कहा कि रक्षा बंधन का पर्व धर्म जाति से ऊपर है। यह भाई बहन के पवित्र प्यार का त्यौहार है। सिंह ने बच्चो को मेवाड़ का प्रसंग सुनते हुए कहा कि एक बार की बात है कि मेवाड़ की रानी कर्मवती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी अत: उसने मुगल बादशाह हुमायूँ को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूँ ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुँच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मवती व उसके राज्य की रक्षा की। एक अन्य प्रसंगानुसार सिकन्दर की पत्नी ने अपने पति के हिन्दू शत्रु पुरूवास को राखी बाँधकर अपना मुँहबोला भाई बनाया और युद्ध के समय सिकन्दर को न मारने का वचन लिया। पुरूवास ने युद्ध के दौरान हाथ में बँधी राखी और अपनी बहन को दिये हुए वचन का सम्मान करते हुए सिकन्दर को जीवन.दान दिया। विद्यालय की संयोजिका नीलम तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि एक बार की बात है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूँ तब भगवान श्री कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिये राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है जिससे आप हर आपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। महाभारत में भी रक्षाबन्धन से सम्बन्धित श्रीकृष्ण और द्रौपदी का एक कहानी मिलता है। जब श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी उंगली में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उँगली पर पट्टी बाँध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक सूचकांक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

क्विक न्यूज

कार सवार वर्दीधारियों ने किया युवक का अपहरण

बरेली। माता-पिता की गैर मौजूदगी में घर में अकेले मौजूद एक युवक का रात के समय कर में सवार होकर आए वर्दीधारिओ ने अपहरण कर लिया युवक का कुछ पता नहीं चला तब आज घर के लोगों ने थाने का घेराव किया पुलिस ने उन्हें जल्दी ही युवक का पता लगाने का आश्वासन दिया। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के कस्रेली निवासी धर्मेंद्र कश्यप पुत्र सुरेश कश्यप का रविवार की रात को कार सवार वर्दी धारिओ ने अपहरण कर लिया कर में एक वर्दी धारी महिला भी मौजूद थी सुरेश कश्यप ने बताया कि वह रविवार की रात को पत्नी के साथ कछला से गंगाजल लेने गया था घर पर धर्मेंद्र अकेला था इसी दौरान रात में कार में सवार होकर आए वर्दीधारिओ ने दरवाजा खुलवाने की कोशिश की दरवाजा न खोलने पर उन्होंने धर्मेंद्र को डराया तो उसने दरवाजा खोल दिया वह उसे अपने साथ लेकर कार में बैठ गए और शोर मचाने पर जब तक गांव के लोग मौके पर पहुंचे कार फरार हो चुकी थी कछला से वापस लौटकर सुरेश ने सुभाष नगर और कैंट थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस ने घटना के संबंध में कुछ भी जानकारी होने से इनकार कर दिया 2 दिनों तक धर्मेंद्र का पता नहीं चला तब आज पिता सुरेश कश्यप अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी।

थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय में चोरी

बरेली। थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के गांव (खिरका) जगतपुर काशीराम में प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने किया हाथ साफ स्कूल की रसोई में रखे गैस सिलेंडर व बच्चों का राशन चोर चोरी करके फरार हो गए।जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार को स्कूल बंद कर विद्यालय के सभी शिक्षक अपने-अपने घर चले गए थे। इस दौरान दो दिन स्कूल बंद रहा।मंगलवार को विद्यालय पहुंचकर मेन गेट का ताला खोला तो देखा कि रसोई घर के गेट का ताला टूटा हुआ था। तथा दाहिनी तरफकी दीवार भी टूटी हुई थी। और जब विद्यालय की रसोई में जाकर देखा तो इण्डियन कम्पनी के दो सिलेंडर व राशन का सामान चोर ले गए ।स्कूल प्रधानाचार्य ने फोन कर ग्राम प्रधान को स्कूल में चोरी होने की सूचना दी।

दो बाइकों की टक्कर में बुजुर्ग की मौत

बरेली। दो मोटरसाइकिल की आमने सामने की भिड़ंत में बाइक सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिए अस्पताल में जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना बहेड़ी के नरकुडा निवासी 61 वर्षीय ख्याली राम के परिजनों ने बताया मंगलवार को वह किसी काम से किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकले थे लेकिन घर के पास रास्ते मे सड़क पार करते समय तेजी से आ रही बाइक ने उनको टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिवार वालो ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले गए लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

निर्धारित किया लक्ष्य

लखनऊ। लिंकन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने पहली बार एक हजार करोड़ रूपये से अधिक बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों की विशिष्ट लीग में प्रवेश किया है। कंपनी का लक्ष्य आने वाले वर्षों में राजस्व और मार्जिन में स्वस्थ वृद्धि बनाए रखना है और वित्त वर्ष 2026 तक रुण् 750 करोड़ का राजस्व हासिल करने का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2023 के लिए कंपनी ने एक वित्तीय वर्ष में अपने अब तक के सबसे अच्छे परिणाम . राजस्व एबिटा और शुद्ध लाभ . के साथ रिपोर्ट की है। कंपनी ने गुजरात के मेहसाणा में सेफ्रोनोस्पोरिन संयंत्र का विस्तार सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस संयंत्र से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो गया है और कंपनी ने निर्यात के लिए कई देशों में उत्पाद पंजीकरण की प्रक्रिया के साथ घरेलू बाजारों में बिक्री शुरू कर दी है।

बड़े पैमाने पर किया जा रहा धोखाधड़ी का खुलासा

प्रयागराज। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने हाल ही में एक संगठित मोटर बीमा धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया है। जिस पर संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। एफआईआर में चार लोगों को आरोपी बनाया गया है। जिसमें कहा गया है कि मोटर थर्ड पार्टी बीमा का दावा एक पैकेट बनाकर किया जा रहा था। बड़े पैमाने पर की जा रही धोखाधड़ी का खुलासा बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस द्वारा शुरू की गई। जांच के दौरान सामने आया। सावधानीपूर्वक जांच करने पर विभिन्न दुर्घटनाओं के बीच कई आश्चर्यजनक समानताएं देखी गईं। जहां बीमा कराने वाली पार्टियों ड्राइवरों और गारंटरों सहित एक ही व्यक्ति लगातार और आम तौर पर कई मोटर थर्ड पार्टी क्लेम में शामिल थे। इनमें सभी घटनाओं को हिट एंड रन घोषित किया गया था। आगे यह भी पता चला कि जालसाजों ने एक ही पैटर्न का उपयोग करके बार बार मोटर थर्ड पार्टी क्लेम फाइल करके और हिट एंड रन घटनाओं के रूप में अपने मोटर दावे को गलत तरीके से पेश करके एमएसीटी बुलंदशहर को चूना लगाया।

घर में घुसकर दबंगों ने महिलाओं से की मारपीट

बरेली। पड़ोस में रहने वाले दबंगों ने रात के समय घर में मौजूद महिलाओं के साथ जमकर मारपीट की जिससे वह घायल हो गई घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराया ।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव लोहार नगला निवासी पुष्पा देवी ने बताया कि मंगलवार की रात वह अपने घर में मौजूद थी उसके साथ गीता व बेटा छत्रपाल भी मौजूद थे इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला दबंग लालाराम अपने बेटे मनोज और सोनू के साथ उसके घर में आकर गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर उन्होंने पुष्पा पर हमला कर दिया बचाने पहुंचे गीता और छत्रपाल के साथ भी मारपीट की शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाला दीपचंद मौके पर पहुंचा उसके साथ भी मारपीट की गई जब तक गांव के लोग मौके पर आए सभी हमलावर फरार हो चुके थे पुष्पा ने घटना की शिकायत पुलिस की जिसने सभी घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी।

वकीलों ने निकाला जुलूस

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

बार काउंसिल के आवाहन पर आज बार एसोसिएशन मोहम्मदी में हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में जुलूस निकाला और उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार को एक ज्ञापन सौपा एजुलूस का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने किया।

बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बैठक कर इस घटना की कठोर शब्दों में निंदा भी कीए मुख्यमंत्री को दिऐ ज्ञापन मे माग की है जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को निलंबित किया जाए घायल अधिवक्ताओं को 10.10 लाख रुपए का था गंभीर घायलों को 20.20 लाख रुपया मुआवजा और सरकारी इलाज कराया जाए, ज्ञापन देते समय महामंत्री लालता प्रसाद पूर्व महामंत्री मोहम्मद हसन कुलदीप सिंह मोहम्मद हाशिम राजशेखर अग्निहोत्री राजीव बाजपेई सहित काफी संख्या मे अधिवक्ता मौजूद रहे।

हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में कालीपट्टी बांधकर वकीलों ने किया प्रदर्शन

बरेली। उप्र बार कौंसिल प्रयागराज के आवाहन पर हापुड़ की घटना के विरोध में बरेली के वकीलों ने हड़ताल कर अरविंद कुमार एडवोकेट अध्यक्ष, बरेली बार एसो., एवं सचिव वीरेन्द्र प्रसाद ध्यानी एडवोकेट के संयुक्त नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बरेली बार एशो. बरेली के अध्यक्ष ने कहा कि हापुड़ मे पुलिस वालों द्वारा बकिलो पर लाठी चार्ज किया गया है हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और जिला प्रशासन उप्र सरकार से यह मांग करते हैं कि जिस अधिकारी ने वकीलों को लाठी चार्ज करने का आदेश दिया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए वकील समाज की ऐसी कड़ी है।

जो हर एक को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाता है जज का मुकदमा हो पुलिस का मुकदमा हो नेता का मुकदमा हो जनता का मुकदमा हो वकील एक सच्चे सेवक के रूप में लोगों की सेवा करता है लेकिन हापुड़ में जो घटना घटी है हम उसका विरोध करते हैं यह निंदा करते हैं कि इस प्रकार की घटनाएं की पूर्णावर्ती ना हो जिस अधिकारी ने लाठी चार्ज करने का आदेश दिया है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। महिला अधिवक्ता हरजिंदर कोर चड्ढा ने कहा कि हापुड़ में जो हुआ शर्मनाक है निहत्थे वकीलों पर लाठी चार्ज किया गया उसमें कुछ लोगों को गंभीर चोटे आई है वकील समाज का इज्जतदार अंग है उसके साथ अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उप्र बार कौंसिल प्रयागराज के आवाहन पर आज हम सब वकीलों ने कार्य बहिष्कार हड़ताल करके काली पट्टी बान्धकर डीएम को ज्ञापन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया जाएगा मांग है कि ऐसे दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जिन्होंने लाठी चार्ज करवाया है।

रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री ने बेटियों से किया सीधा संवाद

बरेली। मुख्यमंत्री द्वारा 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आज लोक भवन लखनऊ से आयोजित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में मंत्री वन एवं पर्यावरण डॉ. अरुण कुमार, जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री घुले सुशील चन्द्रभान, अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. आर.डी. पाण्डेय, उपनिदेशक महिला कल्याण श्रीमती नीता अहिरवार, जिला सूचना अधिकारी श्रीमती नीतू कनौजिया सहित कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों व उनके अभिभावकों ने देखा। मा0 मंत्री डॉ0 अरूण कुमार ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम को एक नयी दिशा में ले जाने हेतु आज का दिन खास है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बेटियों की सुरक्षा, संरक्षण व स्वावलम्बन की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत अभी तक बेटी के जन्म पर 2000 रुपये, पूर्ण टीकाकरण होने पर 1000 रुपये, कक्षा 01 में प्रवेश होने पर 2000 रुपये, कक्षा 06 में प्रवेश होने पर 2000 रुपये, कक्षा 09 में प्रवेश होने पर 3000 रुपये व स्नातक स्तर की डिग्री या डिप्लोमा करने पर 5000 रुपये कुल 15000 रुपये दिये जाते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बेटियों व बहनों को रक्षाबन्धन के उपहार स्वरूप अगले वित्तीय वर्ष से यह धनराशि बढ़ाकर 25000 रुपये की जाने की घोषणा की है। जिसके अन्तर्गत जन्म पर 5000 रुपये, पूर्ण टीकाकरण होने पर 2000 रुपये, कक्षा 01 में प्रवेश होने पर 3000 रुपये, कक्षा 06 में प्रवेश होने पर 3000 रुपये, कक्षा 09 में प्रवेश होने पर 5000 रुपये व स्नातक स्तर की डिग्री या डिप्लोमा करने पर 7000 रुपये दिये जायेंगे। सरकार की मंशा है कि घर में बेटी का हो सम्मान, बेटा–बेटी एक समान। कार्यक्रम में उपनिदेशक महिला कल्याण तथा मा0 मंत्री जी के द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी संतोष कुमार गौतम, महिला कल्याण अधिकारी सोनम शर्मा, संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह चौहान तथा महिला कल्याण विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

स्वामी प्रसाद मौर्य की गिरफ्तारी की मांग

बरेली। स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा अपमान जनक अपशब्दों का प्रयोग करने के विरोध में अखण्ड भारत गौरव ट्रस्ट के पदाधिकारी अनिल शर्मा, अध्यक्ष आशु अग्रवाल महासचिव दीपक पाठक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया।अखण्ड भारत गौरव ट्रस्ट के पदाधिकारी प्रवीण भारद्वाज ने कहा की समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा निरंतर सनातन हिंदू समाज ब्राह्मण समाज सनातन संस्कृति व धार्मिक ग्रंथों का अपमान जनक अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे समस्त सनातन समाज आहत हुआ है।इसी से अक्रोशित होकर आज अखंड भारत गौरव ट्रस्ट के आव्हान पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण उत्थान महासभा , शिव सेना सहित कई संस्थाओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा और स्वामी प्रसाद मौर्य की गिरफ्तारी की मांग की ।

एएससीआई अकेडमी का गठन

लखनऊ। एडवर्टाइज़िंग स्टैंडर्ड्स कौंसिल ऑफ़ इंडिया द्वारा एएससीआई अकैडमी का उदघाटन किया गया है। एएससीआई के इस पथ.प्रदर्शक पहल का लाभ विज्ञापन उद्योग को मिलेगा और अधिक जवाबदेह तथा प्रगतिशीलविचारों वाले विज्ञापन बन सकेंगे। एएससीआई की सीईओ और सेक्रेटरी जनरल मनीषा कपूर ने कहा कि छोटे विज्ञापन अवधि के कारण यह महत्वपूर्ण है कि विज्ञापन के निर्माण के आरम्भ में ही ध्यान दिया जाए न कि उनके प्रकाशन के बाद। जब बाज़ार में आने वाले विज्ञापन उत्तरदायी और अनुपालित होंगेए तभी यह उपभोक्ता और उद्योगए दोनों के लिए फायदेमंद होगा। एएससीआई का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में अनुसंधान और उपभोक्ता शिक्षण प्रोग्राम्स के अलावाए स्व.शिक्षण और ऑन.कैंपस वर्कशॉप्स के माध्यम से एक लाख वर्तमान और उभरते प्रोफेशनल्स को प्रशिक्षित करना है। इस अवसर पर उपभोक्ता मामला विभाग के सचिवए रोहित कुमार सिंह ने कहा कि एएससीआई अकैडमी के शुभारम्भ पर एएससीआई को बधाई।

नपाप की बैठक में नामांतरण मानचित्र संशोधन और विरासत की पत्रावलियों को मिल गई मंजूरी

मोहम्मदी खीरी। नपाप मोहम्मदी की मासिक बोर्ड बैठक सभागार में पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुईए जिसमें माह जुलाई के आय व्यय के साथ नामांतरण की 18 मानचित्र की 2 संशोधन की 1 एवम विरासत की 5 पत्रावलियों को स्वीकृति प्रदान की गईएमेला श्रीराम लीला वर्ष 2023 के आयोजन एवम व्यवस्था पर गहन चर्चा हुईए जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के अध्यक्षों को नामित किया गयाएजिसके अंतर्गत श्रीराम लीला प्रदर्शन . राम सिंह राठौरए बारात श्रीराम चंद्र जी . रूपा देवीए बारात श्री शंकर जी. मीना देवीए अखिल भारतीय विराट दंगल . शाकिबए मौत की छलांग . रामजी गुप्ताए भजन संध्या . सुशीला वर्माए कवि सम्मेलन . अनुपम गुप्ताए मुशायरा . शहीद खांए संगीत सम्मेलन . राजेश राठौरए भू आवंटन . राकेश कटियारए बैठक में चयनित अध्यक्षों को अपनी समिति में किन्ही चार पालिका सदस्यों को रखने का अधिकार दिया गया जो संबंधित कार्यक्रम की व्यवस्था हित में गठन कर सकते हैंए सर्वसम्मति से ये निर्णय भी लिया गया कि जिस किसी सदस्य को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है उसे अगले मेला में अध्यक्ष का दायित्व नहीं सौंपा जाएगा, सदस्य राकेश कटियार ने कहा कि व्यवस्था हित में प्रत्येक सदस्य को अभिज्ञान पत्र दिया जायेगा जिसे रखना उसके लिए अनिवार्य होगाए यदि कोई सदस्य नही लगाता है तो कोई घटना होने पर वो स्वयं उत्तरदाई होगा। उन्होंने कहा कि मेला के कार्यालय में पुरुष और महिला सदस्यों का शेड अलग अलग होगा।

पालिका अध्यक्ष ने कहा कि गठित समित को पूरी पारदर्शिता एवम ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिएए उन्होंने कहा कि मेला कार्यालय में खान पान का होने वाले व्यव का भार वो व्यक्तिगत रूप से वहन करेंगें।

सुशीला वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था हेतु बाउंसर रखने का प्रस्ताव दिया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि मेला उपविधि के अंतर्गत विशेष आमंत्रित सदस्यों को प्रत्येक गठित समिति का संरक्षक बनाया जायेगा। सदस्य सुशीला वर्मा ने पालिका अध्यक्ष को ही मेला अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा जो सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। अधिशाषी अधिकारी ने भजन संध्या हेतु कन्हैया मित्तल से संपर्क कर उनका कार्यक्रम करवाने का सुझाव दिया। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि मेला का प्रारंभ 15 अक्टूबर से होना है इसलिए सभी लोग अपने अपने दायित्व की व्यवस्था में तत्पर हो जाएं। बैठक में अधिशाषी अधिकारी गुंजन गुप्ता सहित सभी 25 सदस्य उपस्थित रहे, बैठक का संचालन शिवनंदन रस्तोगी द्वारा किया गया।

नियमों की अवहेलना कर चलने वाले वाहनों पर करें कड़ी कार्रवाई: डीएम

- जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न
- दिये नो इंट्री के समय पर विचार करने के निर्देश

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला स्कूल वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिसमें डीएम ने ऑनलाइन होने वाले चालान की रिकवरी कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही पुरानी कोतवाली के पास से प्राइवेट वाहनों के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के एसडीएम और सीओ को निर्देश दिये। इसके साथ नो इंट्री का समय कम करने पर भी विचार करने के लिए परिवहन व यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, ट्रैफिक यातायात प्रभारी को निर्देश दिए कि जो बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल फोन पर बात करते, रांग साइड चलते, ओवर स्पीडिंग, ओवरलोडिंग, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के विरुद्ध जो कार्यवाही ऑनलाइन चालान के माध्यम से की जाती हैं उनकी रिकवरी भी कराई जाए। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ से कहा कि कर्वी मुख्य शहर व बेड़ी पुलिया पर स्पाट चिन्हित करके सिग्नल व्यवस्था सुनिश्चित कराएं, तथा जो आठ ब्लैक स्पॉट एन एच-35 पर चिह्नित किए गए हैं उसमें राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से संपर्क करके कार्यों को कराया जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन, यातायात, शिक्षा विभाग मिलकर विद्यालयों में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में बच्चों को अधिक से अधिक जानकारी प्रत्येक माह में कार्यक्रम आयोजित कराकर दें।

सौर ऊर्जा से जगमग होंगे तीर्थ नगरी के सभी होटल: नरेंद्र गुप्ता

संवाददाता। चित्रकूट

होटल एसोसिएशन चित्रकूट के उद्यमियों और नोएडा के अधिकारियों के साथ सोलर पलांट लगाने के लिए विचार विमर्श हुआ। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो धार्मिक क्षेत्र चित्रकूट के सभी होटलों में सोलर प्लांट बहुत जल्दी लगाए जाएंगे। जिससे लाइट की समस्या का समाधान होगा और ऊर्जा की भी बचत होगी।

नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में रामघाट स्थित होटल स्वर्णिमा में हुई एसोसिएशन बैठक में पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रख होटलों में सौर्य ऊर्जा के उपयोग पर चर्चा की गई। नगर पालिका अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि सौर्य ऊर्जा से व्यापारियों को भी लाभ होगा और सरकार को भी लाभ होगा। साथ ही धार्मिक नगरी चित्रकूट आने जाने वाले तीर्थयात्रियों को भी सुविधा होगी। इससे सबसे बड़ा फायदा है कि जब लाइट गुल हो जाती है तब भी होटल में बिजली जगमगाती रहेगी और तीर्थ यात्रियों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने अधिकारियों से कहा कि यहां के उद्यमी योगी सरकार के साथ हैं।

हापुड़ कांड पर भड़का वकीलों का गुस्सा अधिवक्ता संघ ने किया विरोध प्रदर्शन

संवाददाता। चित्रकूट

हापुड़ में पुलिस द्वारा शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कर घायल करने के विरोध में आल इण्डिया लायर्स यूनियन व जिला बार एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर सरकार की तानाशाही की आलोचना की है।

बुधवार को आल इंडिया लायर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष/उप्र किसान सभा राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्र एड व जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष सत्यहरण यादव की अगुवाई में प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार खुद तानाशाह है। इसीलिए पुलिस अधिकारियों को नंगा नाच की छूट दे रखी है। लोगों के मौलिक अधिकारों को दफन करने व अत्याचार, शोषण और संविधान विरोधी हिटलरशाही के विरोध में उठने वाली आवाज को दबाने को पुलिस प्रशासन को मौखिक आदेश जारी किये हैं। हापुड़ में महिला अधिवक्ताओं को भी पीटा गया। पुरुष अधिवक्ता भी अस्पताल में भर्ती हैं। सरकार पुलिस बल से विरोधी की आवाज दबाने का काम कर रही है, लेकिन अब अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। सरकार की हर मनमानी के खिलाफ अधिवक्ता सड़क पर उतरेगा। सरकार को चेताया कि हापुड़ के एसपी व डीएम को तत्काल हटाया जाये। दोषी पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जाये। उनके खिलाफ मामला दर्ज कर घायल अधिवक्ताओं को क्षतिपूर्ति दी जाये।

हापुड़ कांड के विरोध में वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

जालौन, उरई। हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट और नवीन बार एसोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने उक्त संदर्भ में अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। हापुड़ में वकीलों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया। दोपहर में अधिवक्ता तहसील परिसर में पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से सीएम ने किया संवाद

उरई, जालौन। बुधवार को जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थी बालिकाओं को उपहार स्वरूप मिठाई एवं राखी भेंट करते हुए रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं आशीर्वाद दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन व जिलाधिकारी चांदनी सिंह, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थी बालिकाओं के साथ संवाद कार्यक्रम एवं योजना के लाभार्थियों को प्रति चेक का वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थी एवं अभिभावकों ने देखा व सुना गया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रदेश की सभी बहनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों एवं महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा सम्मान और स्वास्थ्य को उन्नत एवं समृद्धि बनाने की दिशा में पूरी संवेदनशीलता के साथ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है, जिसका प्रभाव जमीनी स्तर पर दिख रहा है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 29 लाभार्थियों को दी गई चेक

फतेहपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से संवाद कियाा जिसका सजीव प्रसारण गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में में देखा व सुना गया। केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक खागा कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष व जिलाधिकारी श्रुति ने मुख्यमंत्री कन्या सुगंगला योजनान्तर्गत जनपद के उपस्थित 29 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेके सौंपी। साथ ही पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रही लाभार्थियों को मिष्ठान वितरित किया। उन्होने विधायकों के साथ-साथ भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिलाधिकारी श्रुति, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल को रक्षासूत्र बांधते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजना प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना बेटियों के लिए आगे बढ़ने एवं उनके सपनों में पंख लगाने का कार्य कर रही है।

मानपुरा में सात अपात्रों को बना दिया पीएम आवास का लाभार्थी, जांच में हुआ खुलासा

- ग्रामीणों ने की थी सीडीओ से शिकायत
- लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई की तैयारी
- अपात्रों को लाभ दिलाने के लिए सिंडीकेट है सक्रिय

संवाददाता। उरई, जालौन

शासन की लाभपरक योजनाओं का बड़े स्तर पर अपात्रों को लाभ दिलाये जाने में ग्राम प्रधान से लेकर पंचायत सचिव, ग्राम विकास अधिकारी, एडीओ, बीडीओ आदि वेरीफिकेशन के नाम पर किस तरह से हद दर्जे की लापरवाही बरतने से नहीं चूकते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण तब प्रकाश में आया जब ग्रामीणों ने अपात्रों को आवास योजना का लाभ दिलाये जाने की शिकायत सीडीओ से की तो उन्होंने पूरे प्रकरण की एनआरएलएम के उपायुक्त दिनेश यादव को जांच सौंपी जब उन्होंने गांव पहुंचकर मामले की जांच की तो पता चला कि 11 में से 7 अपात्रों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने का खुलासा हुआ।

अब मुख्य विकास अधिकारी पीएम आवास योजना में गोलमाल करने वाले जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने की तैयारी में जुट गये हैं।

बताया जाता है कि रामपुरा विकासखंड के ग्राम मानपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 11 लोगों को चयन किया गया था। जब इस मामले की जानकारी गांव के ही प्रवण पुत्र रामसिया व जगत सिंह पुत्र जसवंत सिंह को पता चली तो उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय से लिखित शिकायत करते हुये अपात्रों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों की शिकायत को सीडीओ ने गंभीरता से लेते हुये पूरे मामले की जांच एनआरएलएम के उपायुक्त दिनेश यादव को जांच सौंप दी थी।

जब एनआरएलएम के डीसी ने मानपुरा पहुंचकर पीएम आवास योजना के लाभार्थियों की स्थलीय जांच की तो पता चला कि गुड्डी पत्नी रामतिलक, रामदेई पत्नी मातादीन, मुक्ताप्रसाद पुत्र चंद्रभान, गीता पत्नी रामकिशोर, बालकराम पुत्र मोतीलाल, लक्ष्मी पत्नी रंजीत व शिवानी पत्नी रिंकू अपात्र पाये गये। सच तो यह है कि मिलीभगत के द्वारा अपात्रों को लाभ दिलाने का सिंडीकेट सक्रिय होकर काम कर रहा है।

क्विक न्यूज

सांसद की अध्यक्षता में हुआ कन्या सुमंगला योजना कार्यक्रम

फर्रुखाबाद। आज कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद, अध्यक्ष जिला पंचायत, फर्रुखाबाद विधायक, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, उपस्थित लाभार्थी बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोकभवन लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का अवलोकन किया।

अज्ञात कारणों से युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

सुमेरपुर, हमीरपुर। जलालपुर थानाक्षेत्र के कुपरा गांव निवासी एक युवक ने इंगोहटा रेलवे स्टेशन के समीप दोपहर बाद गुजरी ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के पास से मिले मोबाइल से परिजनों को सूचित करके बुलाया है। कुपरा गांव निवासी सियाशरण पांडे के पुत्र पुनीत पांडे (27) ने बुधवार को इंगोहटा रेलवे स्टेशन के आगे जेके सीमेंट फैक्ट्री के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची इंगोहटा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक ने आत्महत्या क्यों की है। इसका कारण अभी तक ज्ञात नहीं हुआ है। सूचना परिजनों को दी गई है। मृतक दो भाइयों में छोटा था।

अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की निंदा, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

मौदहा, हमीरपुर। जनपद हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए बार एसोसियेशन मौदहा ने उप जिला अधिकारी मौदहा के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेज घटना में दोषी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 29 अगस्त को जनपद हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज घोर निंदा करते हुए जिला अधिकारी राजेश कुमार मिश्रा के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेज इस मामले में दोषी जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी हापुड़ का स्थानांतरण किए जाने, दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ अबिलंब मुकदमा दर्ज कराए जाने तथा घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

नेत्रदान पखवाड़ा में डाक्टरों ने नेत्रदान का रजिस्ट्रेशन कराया

हमीरपुर। आज जिला अस्पताल के नेत्र विभाग में नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया जिसमें नेत्र विभाग में नियुक्त नेत्र चिकित्सक डा. एके सिंह, डा. सीपी गुप्ता व डा सुरेश कुमार नेत्र दान करने का रजिस्ट्रेशन कराया। डा सुरेश ने कहा कि व्यक्ति के मरने के बाद ही नेत्र दान होता है मरने के बाद आँख छह घण्टे जीवित रहती है। उन्होने कहा कि व्यक्ति के मृत्यु के बाद छह घंटे बाद तक किसी दूसरे व्यक्ति पर आंख लगायी जा सकती है, ब्यक्ति अपनी आंख हमेशा जिन्दा रख सकता और दूसरे को देखने का काम कर सकता है। किसी की जिंदगी बचाना सबसे बड़ा पुण्य काम है।

तेल चोरी करने वाले को पांच वर्ष का कारावास

फतेहपुर। तेल पाइप लाइन से डीजल व पेट्रोल चुराने वाले अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर कोर्ट एफटीसी-1 ने अभियुक्त को पांच वर्ष का कारावास व पंद्रह हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक आलोक तिवारी व अमरजीत भारती ने बताया कि अभियुक्त फौजी इंजीनियर उर्फ बंशीलाल का एक संगठित गिरोह है। जिसका गैंग लीडर वंशीलाल शर्मा है। गैंग के सात सक्रिय सदस्य हैं। यह लोग गिरोह बनाकर सामूहिक रूप से लोक सम्पत्ति अस्तव्यस्त करके चोरी करने के अभ्यस्त अपराधी हैं। इनके विरूद्ध पेट्रोल लाइन को ध्वस्त कर पेट्रोल चोरी जैसा गंभीर अपराध का अभियोग पंजीकृत हुआ।

अपर स्वास्थ्य निदेशक के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला फूंका

राठ, हमीरपुर। विभिन्न हिंदू संगठनों ने अपर स्वास्थ्य निदेशक बांदा के खिलाफनारेबाजी कर पुतला फूंक उन्हें बर्खास्त किए जाने की मांग की है। हिंदू युवा संगठन के अध्यक्ष बृजेश खरे ने बताया कि पिछले दिनों अपर स्वास्थ्य निदेशक बांदा डॉ. बीपी दिवेदी ने हमीरपुर जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान एक सवाल के जबाव में हिन्दुओं के आराध्य देव हनुमान जी को गुंडा कहकर अपमानित किया है। जिससे हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है।

बलवंत हत्याकांड मामले में तत्कालीन एसओजी प्रभारी की जमानत निरस्त

- पुलिस अभिरक्षा में मृतक बलवंत की निर्मम पिटाई के आरोप में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

संवाददाता। कानपुर देहात

जिनके कंधों पर कानून व व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने का जिम्मा हो वही अगर अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़कर स्वयं उसके भक्षक बन जाये तो उनके लिये भी देश के कानून में वही प्रावधान जमीनी स्तर पर लागू होंगे जो आम अपराधियों के खिलाफ होते है। इसकी जीती जागती मिसाल वरिष्ठ लोकप्रिय अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के प्रयासों को साकार करती हुयी तस्वीर मंगलवार की शाम को देखने को तब मिली जब पुलिस हिरासत में व्यापारी बलवन्त सिंह की मौत के झकझोर देने वाले चर्चित काण्ड में आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशान्त गौतम की जमानत छह पेज के विस्तृत आदेश के साथ अपर जिला जज चन्द्रशेखर ने रद्द कर दी।

आपको बताते चलें कि विगत 12 दिसम्बर को पुलिस अभिरक्षा में बेरहमी पूर्वक पिटाई करने का आरोप लगा मृतक बलवन्त के भतीजे अंगद सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस हिरासत में हुयी मौत के मामले ने जनपद कानपुर देहात को प्रदेश स्तर पर सुर्खिया प्रदान की थी। करीब 15 से भी अधिक दिनों तक अखबारों, न्यूज चैनलों पर विपक्षी दलों ने सरकार को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया। प्रदेश सरकार के मुखिया ने स्वयॅ इस मामले में दखल देकर पीड़ित परिजनों को अपने पास बुलाकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया था।

अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने अपने चिरपरिचित जुझारू अॅदाज में आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी की जमानत को निरस्त करवाने में कानूनी बारीकियों के साथ अकाट्य प्रमाण प्रस्तुत किये।

वकीलों पर लाठीचार्ज के खिलाफ डीएम को दिया ज्ञापन

कानपुर देहात। हापुड़ जनपद में अधिवक्ताओं के साथ हुयी लाठी चार्ज की घटना के विरोध में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से एडीएम को सौंपा गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से महामंत्री अमर सिंह भदौरिया, जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, संपतलाल यादव, रमेशचन्द्र सिंह गौर, शफीक कुरैशी, धर्मेन्द्र यादव, सर्वेन्द्र सिंह सरोज दीक्षित, रामऔतार दीक्षित, शकली नूरी आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मना महर्षि विद्या मंदिर में रक्षाबंधन

फतेहपुर। महर्षि विद्या मंदिर में राखी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में प्राइमरी, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विभिन्न कक्षाओं में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट एवं आकर्षक राखी बनाकर अपनी रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया। प्राइमरी वर्ग में आदित्य पाल, आन्या तिवारी और समीर अग्रहरि ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में आदर्श कुमार ने प्रथम, उत्कर्ष यादव ने द्वितीय एवं शिवालिका सरावर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग मे अवनी सिंह, जिज्ञासा यादव एवं पावनी रस्तोगी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया।

ग्राहकों को फ्राड से बचाने के लिये निकाली गई जागरूकता रथ यात्रा

हमीरपुर। शासन ने पहली मर्तवा लोगो को जागरुक करने के लिये जिले में आज से तीन दिवसीय अग्रणी बैंक इंडियन बैंक के अगुवाई में एक वृहद जागरूकता रथ यात्रा का शुभारंभ गया । इस अवसर पर जनपद हमीरपुर के जिलाधिकारी डॉ चंद्रभूषण ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया।

इस अवसर पर अंचल प्रमुख घनश्याम कुमार ने कहा कि यह रथ जनपद हमीरपुर के अंतर्गत सभी सातों विकास खंडों के गांवों में लोगों को वित्तीय एवं डिजिटली जागरूक करने के साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी एवं रोजगारपरक योजनाओं के बारे में भी लोगों को जानकारी प्रदान करेगा। रथ जागरुकता रथ तीस अगस्त से लेकर एक सितम्बर तक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाएगा ग्रामीण क्षेत्र में लोगो को एकत्र कर किसी के प्रलोभन में न आना,किसी के बहकावे से बचना व केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। तीन दिन में यह वाहन हरेक बैंक शाखा के अलावा गांवों मे भ्रमण करेगा। इस अवसर पर एलडीएम संगमलाल मिश्रा के अलावा एडीएम रमेश चंद्र बैंक कर्मी रजनीश कुमार, मोहम्मद आबिद, नमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पेज एक का शेष

इंडिया की...

और नेताओं के बीच जिम्मेदारियां सौंपने पर चर्चा करेंगे। हम गठबंधन में और अधिक विपक्षी दलों की संभावना तलाशेंगे। बैठक में भाग लेने वाले प्रमुख नेताओं में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, सभी कांग्रेस से, शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव और आदित्य ठाकरे, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (टीएमसी), एमके स्टालिन (डीएमके) होंगे। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल (आप), हेमंत सोरेन (जेएमएम), राजद नेता लालू प्रसाद यादव, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती, सीताराम येचुरी (सीपीएम) और डी राजा (सीपीआई)भी भाग लेंगे। गठबंधन के घटक के रूप में बसपा सुप्रीमो मायावती को शामिल करने के इच्छुक विपक्षी नेता उनसे बातचीत करने और उन्हें मोर्चे में शामिल होने के लिए मनाने के लिए एक वरिष्ठ नेता को नियुक्त कर सकते हैं। हालाँकि, जब मायावती के बारे में पूछा गया, तो पवार ने कोई वादा नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह ज्ञात नहीं है कि वह किसकी तरफ है। पहले, हमने सुना था कि उनकी भाजपा के साथ बातचीत हुई थी। मीडिया से बातचीत में महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि आज हमारे साथ 28 पार्टियां हैं। बेंगलुरु बैठक में हमारी ताकत 26 से बढ़कर 28 हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया के पास प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने के लिए कई विकल्प हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास केवल एक ही विकल्प है। ठाकरे से जब पूछा गया कि क्या उन्हें विपक्ष के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में पेश किया जाएगा, उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, मैं कल जाऊंगा और शपथ लूंगा। इस साल के अंत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर, ठाकरे ने कहा, सिर्फ लोकसभा ही क्यों, स्थानीय निकायों के चुनावों की भी घोषणा करें। मुंबई सहित महाराष्ट्र में निकाय चुनाव एक साल से अधिक समय से लंबित हैं।

गौरक्षक बिट्टू...

दी थी। कुंडू ने उन्हें नल्हड़ मंदिर में तलवार और त्रिशूल ले जाने से रोका था। कुंडू ने कहा कि जब भीड़ को रुकने के लिए कहा गया, तो उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए, उनके साथ हाथापाई की और पुलिस वाहनों में रखे उनके हथियार भी छीन लिए। पुलिस ने कहा कि गोरक्षा बजरंग फोर्स के अध्यक्ष बजरंगी को शुरू में तावडू की अपराध जांच एजेंसी टीम ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। नूंह में 31 जुलाई को सांप्रदायिक झड़प होने के एक दिन बाद एक अगस्त को, बजरंगी को फरीदाबाद पुलिस ने कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने और सार्वजनिक रूप से हथियार लहराने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि नूंह में हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक 60 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और 305 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने के आरोप में 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने एक बयान जारी कर स्पष्ट किया था कि बजरंगी का उसकी युवा शाखा बजरंग दल या विहिप से जुड़े अन्य संगठनों के साथ कभी कोई संबंध नहीं है।

सर्वे: अस्सी...

मोदी को लेकर वैश्विक राय और दूसरे देशों के बारे में भारतीयों की राय परखी गई। मंगलवार को जारी सर्वेक्षण के परिणाम के अनुसार, प्रत्येक 10 में से लगभग आठ भारतीय मोदी के बारे में अनुकूल विचार रखते हैं, जिनमें से अधिकतर (55 प्रतिशत) का दृष्टिकोण बहुत अनुकूल है। प्रधानमंत्री के रूप में यह मोदी का दूसरा कार्यकाल है और वह 2024 में भी सरकार बनाने का विश्वास जता रहे हैं। पीयू सर्वेक्षण में पाया गया कि केवल 20 प्रतिशत भारतीयों ने 2023 में मोदी के बारे में प्रतिकूल राय व्यक्त की। इसमें कहा गया, भारतीय वयस्कों को यह विश्वास होने की अधिक संभावना है कि भारत की शक्ति बढ़ रही है। दस में से लगभग सात भारतीयों का मानना है कि उनका देश हाल ही में अधिक प्रभावशाली हो गया है। जबकि 2022 में 19 देशों में किए गए पिछले सर्वेक्षण में औसतन केवल 28 प्रतिशत लोगों ने यह बात कही थी। रिपोर्ट के अनुसार करीब आधे भारतीय (49 प्रतिशत) मानते हैं कि अमेरिका का प्रभाव पिछले कुछ साल में बढ़ा है और 41 प्रतिशत यही बात रूस के बारे में कहते हैं। इस बीच चीन के प्रभाव को लेकर भारतीयों की राय काफी कुछ मिलीजुली है।

दिल्ली में...

पीछे घुसी और दूसरी तरफ पार हो गई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) जॉय टिर्की ने कहा, एक गोली उनके सिर के दाहिनी ओर से कान के पीछे घुसी और दूसरी तरफ से निकल गई। अधिकारी ने कहा कि गिल के मामा सिंह भी भजनपुरा में रहते हैं और वहां उनका एक भोजनालय है, उनके सिर में भी गोली मारी गई लेकिन वह बच गए। तिर्की ने कहा कि लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में उपचाराधीन गोविंद की हालत स्थिर है। तिर्की ने बताया कि दोनों मोटरसाइकिल पर सवार थे तभी स्कूटर और मोटरसाइकिल पर सवार हमलावरों ने उन्हें रोका और गोलियां चला दी। पुलिस ने बताया कि हमलावरों की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों को पकड़ने के लिए छह टीमें गठित की गई हैं। गोविंद ने पुलिस को बताया कि देखने से हमलावरों की उम्र 18 से 19 के बीच लग रही थी। पुलिस ने बताया कि अब तक की जांच में एक स्थानीय अपराधी माया का नाम सामने आया है और वह संदिग्धों में से एक है। इस बीच, गिल के माता-पिता ने बेटे के लिए न्याय और उसके हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

बच्चों संग...

पेशे से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर शिवानी जैन ने नीट की तैयारी कर रही अपनी बेटी के साथ रहने के लिए छुट्टी लेने का फैसला किया। उन्होंने कहा, वह अभी 11वीं कक्षा में है। जब तक वह अपनी 12वीं कक्षा पूरी नहीं कर लेती और अंततः परीक्षा में सफल नहीं हो जाती, मैं उसके साथ कोटा में रहूंगी। जैन ने कहा, कई बार बच्चे घर पर फोन कर अपने तनाव के बारे में बात करने से झिझकत हैं। चूंकि मैं यहां हूं, मैं उसके व्यवहार में कोई भी बदलाव देख पाऊंगी और उसे हिम्मत दे सकूंगी। मेरे पति, बेटे के साथ चंडीगढ़ में हैं जो पांचवीं कक्षा में है। बिहार के जहानाबाद की रहने वाली कुमारी शिम्पी अपने दो बच्चों के साथ कोटा में रह रही हैं। उन्होंने कहा, मेरा बेटा जेईई और मेरी बेटी नीट की तैयारी कर रही है। मेरे यहां रहते हुए, कम से कम उन्हें घर की याद नहीं आएगी। मुझे चिंता रहती थी कि पढ़ाई के दौरान अगर उन्हें अच्छा खाना न मिले या उन्हें अपने कपड़े खुद धोने पड़ें, तो वे सहज नहीं होंगे और दबाव में आकर कोई कठोर कदम न उठा ले। उन्होंने कहा, मैं उनसे कहती हूं कि अगर वे परीक्षा में सफल नहीं हुए तो हम वापस चले जाएंगे लेकिन जब तक वे यहां हैं, मैं यहीं रहूंगी। छात्रों की आत्महत्याओं को रोकने की कोशिश कर रही कोटा पुलिस का कहना है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि माता-पिता अपने बच्चों को शहर के संघर्षों के अनुकूल ढालें ताकि उन्हें यहां अकेलापन महसूस न हो। कोटा के अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रशील ठाकुर ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारा मानना है कि सभी छात्रों के माता-पिता यहां नहीं रह सकते, लेकिन जब वे अपने बच्चों को कोटा छोड़ने आते हैं तो उन्हें कम से कम एक महीने तक उनके साथ रहना चाहिए ताकि वे (छात्र) जगह, पाठ्यक्रम और पूरी स्थिति से अभ्यस्त हो जाएं...खासकर पहली बार अपने माता-पिता से दूर रहने जा रहे बच्चों के लिए ऐसा करने की अधिक जरूरत है। आत्महत्या की हालिया घटनाओं के मद्देनजर जिला प्रशासन ने कोचिंग संस्थानों को अगले दो महीनों के लिए नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए नियमित जांच परीक्षा रोकने को कहा है।

एक लाख से अधिक के बकायदाओं की आरसी करेंगे जारी: अधीक्षण अभियंता

उरई। एक लाख रुपये से ऊपर के बकायेदारों के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। जल्दी ही उनके खिलाफ विद्युत महकमे के द्वारा कभी भी आरसी जारी की जा सकती है। अधीक्षण अभियंता इंजीनियर आरके यादव ने बताया कि अभी भी जनपद में बकायेदारों की संख्या काफी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे उपभोक्ता ज

चुनाव नहीं लड़ सकेंगे इमरान : कानून विशेषज्ञ

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कानून टीम ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सत्र अदालत के फैसले को रद्द करने की अपील न करके बड़ी गलती की, जिसके चलते उच्च न्यायालय के उनकी तीन साल की कैद की सजा पर रोक लगाने के बावजूद वह जेल में हैं। देश के एक शीर्ष वकील ने बुधवार को यह बात कही। उधर पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने गोपनीय संदेश के कथित खुलासे से संबंधित मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की न्यायिक हिरासत बुधवार को 13 सितंबर तक बढ़ा दी। वहीं, कानून विशेषज्ञों के मुताबिक, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के बावजूद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 70 वर्षीय अध्यक्ष इमरान अटक जेल में बंद हैं और आगामी आम चुनाव नहीं लड़ सकते, क्योंकि तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उनकी दोषसिद्धि और अयोग्यता बरकरार है।

अधिवक्ता फैजल सिद्दिकी ने कहा, इमरान की कानून टीम ने सत्र अदालत के पांच अगस्त के फैसले को रद्द करने की अपील न करके बड़ी गलती की। उसने केवल पूर्व प्रधानमंत्री की सजा पर रोक लगाने और उन्हें जमानत पर रिहा करने की अपील की।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने

● न्यायालय ने इमरान खान की न्यायिक हिरासत बुधवार को 13 सितंबर तक बढ़ा दी

सिद्दिकी के हवाले से लिखा, अगर सत्र अदालत के फैसले को रद्द करने का अनुरोध किया गया होता, तो इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर व्यापक चर्चा की होती। इसके अलावा, अगर सत्र अदालत का फैसला रद्द कर दिया गया होता, तो इमरान आगामी चुनाव लड़ सकते थे।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की पीठ ने बुधवार को इमरान की सजा पर रोक लगाते हुए पंजाब प्रांत की अटक जेल से उन्हें रिहा करने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय के संक्षिप्त आदेश पर टिप्पणी करते हुए अधिवक्ता हाफिज अहसान अहमद ने कहा कि फैसला असामान्य या अभूतपूर्व नहीं है, क्योंकि सजा पर रोक की पूरी संभावना थी। उन्होंने समझाया, सजा पर रोक का फैसला कभी भी मामले के गुण-दोष के आधार पर नहीं होता है। रोक का एक आधार उच्च न्यायालय में मुख्य अपील को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने में देरी, जबकि दूसरा आधार सजा का पांच साल से कम होना हो

सकता है। इस मामले में, सजा तीन साल की थी। जियो न्यूज ने अहमद के हवासे से कहा कि क्रिकेटर से नेता बने इमरान की दोषसिद्धि और अयोग्यता बरकरार रहेगी। इस्लामाबाद की सत्र अदालत ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में इमरान को पांच अगस्त को तीन साल की जेल की सजा सुनाई थी। इमरान को वर्ष 2018 से 2022 के बीच प्रधानमंत्री पद पर कार्यकाल के दौरान उन्हें और उनके परिवार को मिले राजकीय उपहारों को गैरकानूनी रूप से बेचने के आरोप में दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई गई थी। सत्र अदालत ने पीटीआई प्रमुख पर अगले पांच साल तक राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने पर भी रोक लगा दी थी, जिससे वे आगामी चुनाव नहीं लड़ सकते। इमरान ने निचली अदालत के फैसले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने नेशनल असेंबली को समय से पूर्व नौ अगस्त को भंग कर दिया था। नेशनल असेंबली को भंग किए जाने के 90 दिन के भीतर पाकिस्तान में आम चुनाव कराए जाने होते हैं। हालांकि, आम चुनावों में देरी होने की संभावना है, क्योंकि सरकार ने घोषणा की है कि चुनाव नई जनगणना के पूरा होने और नए निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं तय होने के बाद ही हो सकते हैं। दोनों प्रक्रिया में लगभग चार महीने का समय लग सकता है, जिससे आम चुनाव के अगले साल तक टलने की आशंका है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून में प्रकाशित खबर के मुताबिक, जाने-माने वकील हाफिज अहसान अहमद खोखर ने कहा कि सजा पर रोक पाकिस्तान की आपराधिक न्याय प्रणाली में आम है, खासकर ऐसे मामलों में जिनमें जेल की सजा की अवधि कम होती है। उन्होंने कहा, इस मामले का अहम पहलू यह है कि सजा पर रोक सत्र अदालत द्वारा इमरान को सुनाई गई सजा को रद्द नहीं करती है, न ही यह पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा उनकी पिछली अयोग्यता को पलटती है।

खोखर ने कहा, जब तक 21 अक्टूबर 2022 के ईसीपी के आदेश और पांच अगस्त 2023 के सत्र अदालत के फैसले को रद्द नहीं किया जाता, तब तक इमरान संविधान के अनुच्छेद 63(1)(पी) और अनुच्छेद 63(एच) के प्रावधानों के तहत पाकिस्तान में चुनावी राजनीति के लिए अयोग्य रहेंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता आजम नजीर तरार ने भी कहा कि केवल सजा पर रोक लगाई गई है, जबकि दोषसिद्धि अभी भी बरकरार है। उन्होंने कहा कि तीन साल की सजा आमतौर पर कुछ दिनों या महीनों के भीतर निलंबित कर दी जाती है। उन्होंने पीटीआई समर्थकों को फैसले पर बहुत जल्द जश्न मनाने के प्रति आगाह किया। दिलचस्प बात यह है कि उच्चतम न्यायालय के विपरीत, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के आदेश में सत्र अदालत के न्यायाधीश हमायूं दिलवर के आचरण या उनके फैसले पर सवाल नहीं उठाया गया है। दिलावर ने इमरान को दोषी ठहराते हुए तीन साल की जेल की सजा सुनाई थी। खबरों के अनुसार, इमरान को उनके साढ़े तीन साल के प्रधानमंत्री पद पर कार्यकाल के दौरान विश्व नेताओं से 14 करोड़ रुपए से अधिक के 58 उपहार मिले थे। उन्होंने इन सभी उपहारों को या तो नाममात्र राशि का भुगतान करके या बिना कोई भुगतान किए अपने पास रखा था।

रूस ने यूक्रेन पर अब तक सबसे बड़े ड्रोन हमले का आरोप लगाया

● कीव में रूसे के हमले में दो की मौत

एपी। कीव

रूस ने यूक्रेन पर अभी तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला करने का आरोप लगाया है। वहीं, यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि कीव पर रूसी हमले में बुधवार तड़के दो लोगों की मौत हो गई है।

गवर्नर और स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, एस्टोनिया और लात्विया की सीमा पर स्थित रूस के पश्चिमी क्षेत्र प्सकोव के एक हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमले के बाद वहां आग लग गई। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ओर्योल, ब्रांस्क, रियाज़ान, कलुगा और राजधानी मॉस्को के आसपास के क्षेत्र में कई और ड्रोन मार गिराए गए।

प्सकोव के क्षेत्रीय गवर्नर मिखाइल वेदेर्निकोव ने प्रांतीय राजधानी में स्थित हवाई अड्डे से बुधवार को सभी उड़ानें रद्द करने का आदेश दिया ताकि दिन में नुकसान का आकलन किया जा सके।

आपात सेवा अधिकारियों के हवाले से रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने लिखा है, हवाईअड्डे पर हुए हमले की सूचना पहली बार मध्य रात्रि से कुछ मिनट पहले मिली थी। हमले में चार आईएल-76 परिवहन विमान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

सोशल मीडिया पर पोस्ट कुछ वीडियो फुटेज और तस्वीरों में प्सकोव

शहर के ऊपर धुआं उठता हुआ और भीषण आग दिखाई दे रही है। वेदेर्निकोव ने कहा कि कोई हताहत नहीं हुआ है और आग पर काबू पा लिया गया है। मीडिया में आई अपुष्ट खबरों के अनुसार, संभवत: 10 से 20 ड्रोन से हवाईअड्डे पर हमला किया गया था।

सैन्य प्रशासन के प्रमुख सर्गेई पोपको ने टेलीग्राम पर लिखा है, रूस द्वारा ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़ा हमला किया गया जिसमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया।

पोपको ने कहा कि यह वसंत ऋतु के बाद का सबसे बड़ा हमला है। उन्होंने कहा कि रूस ने विभिन्न दिशाओं से कीव में शहीद ड्रोन लांच किए और फिर शहर को टीयू-95 एमएस रणनीतिक विमान के माध्यम से मिसाइलों से निशाना बनाया।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा 20 से अधिक लक्ष्यों (ड्रोनामिसाइलों) को मार गिराया गया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि कितने ड्रोनामिसाइलें लांच की गई थीं।

पोपको ने कहा कि शेवचेनकिव्स्की जिले में एक व्यावसायिक इमारत पर मलबा गिरने से लोग हताहत हुए हैं।

अमेरिका ने पाकिस्तान में समय पर और निष्पक्ष चुनाव पर जोर दिया

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका ने पाकिस्तान में समय पर और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के महत्व को रेखांकित किया है, क्योंकि नकदी की संकट से जूझ रहे मुल्क में चुनाव अगले साल के लिए टाले जाने की संभावना नजर आ रही है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने मंगलवार को

एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि कार्यवाहक उप विदेश मंत्री विक्टोरिया नूलैंड ने पाकिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की।

बयान में कहा गया है कि मंगलवार को हुई इस बातचीत में नूलैंड ने जिलानी को विदेश मंत्री नियुक्त किए जाने के लिए बधाई दी और परस्पर चिंता के मुद्दों पर अमेरिका-पाकिस्तान साझेदारी को व्यापक व मजबूत बनाने पर चर्चा की। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच पाकिस्तान की आर्थिक स्थिरता, समृद्धि और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ निरंतर जुड़ाव से संबंधित विषयों पर भी चर्चा हुई। मिलर ने बताया कि नूलैंड और जिलानी ने पाकिस्तान में समय पर और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों के महत्व पर भी चर्चा की।

पाकिस्तान में समय से पहले नौ अगस्त को नेशनल असेंबली को भंग किए जाने के 90 दिनों के भीतर आम चुनाव कराए जाने की जरूरत है। हालांकि, 90 दिनों के भीतर कराए जाने वाले इन चुनावों में देरी होने की संभावना है क्योंकि सरकार ने घोषणा की है कि चुनाव नई जनगणना पूरी होने तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद ही हो सकते हैं।

इस कवायद को पूरा करने में लगभग चार महीने का समय लग सकता है, जिसका मतलब है कि देश में होने वाले आम चुनाव में देरी हो सकती है। अमेरिका हाल में पाकिस्तान के राजनीतिक घटनाक्रम पर टिप्पणी करने में काफी सक्रिय रहा है।

इस महीने की शुरूआत में पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ ने अमेरिका को देश में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया का पालन किए जाने का आश्वासन दिया था, इसके जवाब में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बधाई देते हुए एक ट्वीट किया था। पाकिस्तान का कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनने के लिए काकड़ को बधाई देते हुए, ब्लिंकन ने ट्वीट किया, जैसा कि पाकिस्तान अपने संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अनुसार स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है, हम आर्थिक समृद्धि के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। इससे पहले भी नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के आईएमएफ के साथ एक अतिरिक्त समझौता करने के बाद ब्लिंकन ने एक बयान जारी किया था। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अमेरिका पर उनकी सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाते रहे हैं। पिछले साल अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद खान (70) को प्रधानमंत्री का पद गंवाना पड़ गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी स्वतंत्र विदेश नीति के कारण अमेरिका ने उन्हें निशाना बनाया है।

इस्लामाबाद की एक निचली अदालत ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पांच अगस्त को खान को दोषी ठहराया और तीन साल के जेल की सजा सुनाई। मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने खान की तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया था। हालांकि, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख अटक जेल में हैं और तोशाखाना मामले में अपनी दोषसिद्धि तथा अयाग्यता के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं।



बीजिंग में डियाओयुताई स्टेट गेस्टहाउस में एक बैठक से पहले हाथ मिलाते हुए ब्रिटिश विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली और चीनी विदेश मंत्री वांग यी।

सिंगापुर में नए राष्ट्रपति के लिए शुक्रवार को मतदान

सिंगापुर। सिंगापुर में लोग देश के नौवें राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए शुक्रवार को मतदान करेंगे। त्रिकोणीय मुकाबले में पूर्व मंत्री भारतीय मूल के थरमन शणमुगारत्नम शीर्ष पद की दौड़ में शामिल हैं। भारतीय मूल के सिंगापुर में जन्मे 66 वर्षीय अर्थशास्त्री शणमुगारत्नम ने देश की संस्कृति को दुनिया में चमकदार स्थान बनाए रखने के लिए विकसित करने के संकल्प के साथ पिछले महीने औपचारिक रूप से राष्ट्रपति पद के लिए अपना अभियान शुरू किया था।

वह सख्त मानदंडों के तहत चुने गए तीन उम्मीदवारों में से एक हैं। सिंगापुर में राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी करने वाले उम्मीदवारों के लिए कड़ी योग्यता प्रक्रिया है।

यह पिछले कुछ वर्षों में सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनावों में होने वाला पहला मुकाबला होगा। सिंगापुर ने 11 अगस्त को कहा कि यदि एक से अधिक व्यक्ति सर्वोच्च पद के लिए चुनाव लड़ने के योग्य होंगे तो वह एक सितंबर को

● भारतीय मूल के पूर्व मंत्री शणमुगारत्नम मैदान में

राष्ट्रपति चुनाव कराएगा।

यदि केवल एक उम्मीदवार इस पद के लिए पात्र पाया जाता तो उसे 22 अगस्त को नामांकन के दिन राष्ट्रपति घोषित कर दिया जाता। इस वर्ष, सभी जातियों के उम्मीदवार इस पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, लेकिन नामांकन की तिथि पर वे किसी भी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं हो सकते।

राजनीति में 2001 में आए शणमुगारत्नम ने दो दशकों से अधिक समय तक सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के साथ सार्वजनिक क्षेत्र और मंत्री पदों पर कार्य किया है। शणमुगारत्नम के अलावा चीनी मूल के सिंगापुरी एन. कोक सोंग और टेन किन लियान राष्ट्रपति पद के लिए अन्य दावेदार हैं।

फ्लोरिडा के पश्चिमी तट पर पहुंचा इडालिया तूफान, श्रेणी तीन में बदला

एपी। सेडार की (अमेरिका)

तूफान इडालिया बुधवार को खतरनाक श्रेणी 3 के तूफान के रूप में फ्लोरिडा के पश्चिमी तट पर पहुंचा।

कुछ स्थानों पर तूफान से समुद्र में लहरें 15 फुट तक ऊंची उठी। इडालिया की वजह से क्षेत्र में भारी बारिश हुई है और जन-जीवन प्रभावित हुआ है। कई इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। तूफान बिग बेंड क्षेत्र में तट से टकराया। इस क्षेत्र में उतनी सघन आबादी नहीं है। इडालिया के मेक्सिको की खाड़ी में मजबूत होने और भारी बारिश एवं बाढ़ की आशंकाओं के बीच फ्लोरिडा के संवेदनशील तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को अपना सामान बांधने और क्षेत्र छोड़ने का आदेश जारी किया गया। गवर्नर रोन डे सेनटिस ने बुधवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में कहा, लोगों को अनावश्यक रूप से अपने जीवन को जोखिम में नहीं डालना चाहिए। तूफान प्रचंड रूप धारण कर सकता है। तल्हासी में राष्ट्रीय मौसम सेवा ने इडालिया को एक अभूतपूर्व घटना करार दिया, क्योंकि ज्ञात इतिहास में कोई भी बड़ा तूफान बिग बेंड से सटी खाड़ी से होकर नहीं गुजरा है। पिछले साल आए ईयान तूफान से मची तबाही से निपट रहे फ्लोरिडा को इडालिया से और बड़ा झटका लगने की आशंका है। इडालिया ने मंगलवार को दोपहर तक श्रेणी-2 के तूफान का रूप ले लिया था और बुधवार तड़के यह श्रेणी-3 के तूफान में बदल गया। तूफान को पांच श्रेणी में मापा जाता है जिसमें पांचवी श्रेणी सबसे शक्तिशाली है।

गलत उड़ान डेटा के चलते ब्रिटेन की हवाई यातायात प्रणाली में अफरातफरी मची

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के हवाई यातायात नियंत्रण प्रमुख ने कहा है कि बड़े पैमाने पर व्यवधान का कारण "गलतै उड़ान डेटा था, जिससे हजारों यात्री हवाई अड्डों पर और विमानों में फंस गए, क्योंकि देश से आने और जाने वाली सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गईं। बुधवार को भी इसका असर जारी रहा।

सोमवार को अफरातफरी से जुड़ै तकनीकी मुद्दै का सामना करने वाली नेशनल एयर ट्रैफिक सर्विसेज (एनएटीएस) के मुख्य कार्यकारी मार्टिन रॉल्फ ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पाया गया कि संबंधित विफलता गलत उड़ान डेटा का नतीजा थी, जिसकी प्रणाली द्वारा व्याख्या नहीं की जा सकी। उन्होंने सरकार के पिछले बयान को भी दोहराया कि यह साइबर हमले के कारण नहीं था। रॉल्फ ने कहा, "समस्या की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह हमें प्राप्त कुछ उड़ान डेटा से संबंधित है। हवाई यातायात प्रमुख ने यात्रियों को आश्वस्त किया कि सोमवार दोपहर से सभी एनएटीएस प्रणाली सामान्य रूप से काम कर रही हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान वर्ष के विशेष रूप से व्यस्त यात्रा समय के दौरान संबंधित स्थिति का प्रभाव महसूस किया जा रहा है।

कुछ खबरों में कहा गया है कि अफरातफरी एक फ्रांसीसी एयरलाइन द्वारा अपनी उड़ान योजना को गलत तरीके से दर्ज करने के बाद उत्पन्न हुई होगी।

खबरों की पुष्टि या खंडन किए बिना, रॉल्फ ने साक्षात्कारों में प्रसारकों को बताया कि यह मुद्दा एकल उड़ान योजना से संबंधित हो सकता है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि इसका कारण उड़ान डेटा है और हम इसकी तह तक जाएंगे तथा समझेंगे कि ऐसा क्यों हुआ। हम जांच कर रहे हैं...।

इमरान खान की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ाई गई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने गोपनीय संदेश के कथित खुलासे से संबंधित मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की न्यायिक हिरासत बुधवार को 13 सितंबर तक बढ़ा दी। सुनवाई करने के लिए पंजाब की अटक जेल पहुंचे न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने गोपनीय संदेश से संबंधित गुम दस्तावेज के मामले में फैसला सुनाया। इस दस्तावेज को खान ने पिछले साल अपदस्थ होने से पहले एक राजनीतिक रैली के दौरान लहराया था।

Public Notice

Notice is hereby given to the General public thatMrs. Anjali Sharmais absolute owner ofProperty bearing no. 1127 (new) & 68 (old), having land area measuring 52 sq. yds., out of Khasra no. 252, at Gail 74, Deva Ram Park, Tri Nagar, Delhi 35,by way of GPA, ATS &Will, dated 02.04.2003,executed by Mrs. Maya Devi. Now Mrs. Anjali Sharmais intending to sell the above said property to Mr. Jagdish and furtherMr. Jagdish, is mortgaging the said property with SMFG India Home Finance Co. Ltd. Grihashakti. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

चीन ने अपने नए नक्शे का किया बचाव

भाषा। बीजिंग

चीन ने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपने क्षेत्र के हिस्से के रूप में दिखाने वाले 2023 के लिए एक नया मानक मानचित्र जारी करने के अपने कदम का बचाव करते हुए बुधवार को कहा कि उसके कानून के अनुसार यह एक नियमित कवायद है और भारत से पूर्वाग्रह से दूर एवं शांत बने रहने तथा इसका ज्यादा अर्थ निकालने से बचने का आग्रह किया। भारत ने मंगलवार को चीन के तथाकथित मानक मानचित्र पर कड़ा विरोध दर्ज कराया था, जिसमें अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन पर दावा किया गया है, और कहा कि इस तरह के कदम सीमा विवाद के समाधान को केवल जटिल बनाते हैं। विदेश मंत्रालय ने भी इन दावों को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने समाचार चैनल एनडीटीवी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मानचित्र से जुड़े चीन के कदम पर एक सवाल के जवाब में कहा, सिर्फ बेतुके दावे करने से अन्य लोगों का क्षेत्र आपका नहीं हो जाता। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बुधवार को बीजिंग में मीडिया ब्रीफिंग में कहा, 23 अगस्त को, चीन के राष्ट्रीय संसाधन मंत्रालय ने मानक नक्शे का 2023 संस्करण जारी किया।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम Ruchita Sharon Lyall, Ruchita Lyall एवं Ruchita Sharon Cutting से बदलकर Ruchita Cutting कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी Ruchita Cutting के नाम से जाना- पहचाना जाए। पता-112-113 बी, शास्त्रिपुरम, सिकन्दर, आगरा उ0प्र0 282007

संबंधों के प्रबंधन, मानवाधिकार के मुद्दे उठाने चीन पहुंचे ब्रिटिश विदेश मंत्री

भाषा। लंदन

चीन के साथ अपने देश के संबंधों के प्रबंधन और मानवाधिकार संबंधी चिंताओं के साथ-साथ यूक्रेन के साथ संघर्ष में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यों के लिए देश के समर्थन का मुद्दा उठाने के लिए ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली बुधवार को बीजिंग पहुंचे।

ब्रिटेन-चीन के तनावपूर्ण संबंधों के बीच पांच वर्षों में यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा हो रही है, लेकिन ब्रिटिश सरकार ने जोर देकर कहा कि यह यात्रा हिंद-प्रशांत में सहयोगियों के साथ सहयोग के उसके लक्ष्यों को संरेखित करती है और बीजिंग को शामिल किए बगैर जलवायु परिवर्तन जैसे चिंता के वैश्विक मुद्दों से नहीं निपटा जा सकता है।

क्लेवरली की चीन के विदेश मामलों के मंत्री और केंद्रीय विदेश मामलों के आयोग के कार्यालय के निदेशक वांग ई तथा उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ द्विपक्षीय बैठकें निर्धारित हैं। क्लेवरली ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हम विभिन्न मुद्दों पर चीन के साथ अपने संबंधों का प्रबंधन करें।

उन्होंने कहा, कोई भी महत्वपूर्ण वैश्विक समस्या - जलवायु परिवर्तन से लेकर महामारी की रोकथाम तक, आर्थिक अस्थिरता से लेकर परमाणु प्रसार तक - चीन के बिना हल नहीं की जा सकती। चीन के आकार, इतिहास और वैश्विक महत्व का मतलब है कि उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, लेकिन यह वैश्विक मंच पर एक जिम्मेदारी के साथ आता है। उस जिम्मेदारी का मतलब है कि चीन अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और दायित्वों को पूरा करे। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि क्लेवरली की बीजिंग यात्रा का उद्देश्य ब्रिटिश हितों को आगे बढ़ाने और उनकी रक्षा करने के लिए संचार के माध्यमों को मजबूत करना है।

एफसीडीओ ने कहा, विदेश सचिव कहेंगे कि चीन का वैश्विक महत्व अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर एक जिम्मेदारी के साथ आता है - यूक्रेन पर पुतिन के आक्रमण को समाप्त करने में मदद करना, दक्षिण चीन सागर में तनाव कम करना और साइबरस्पेस में घातक गतिविधि को रोकना। बीजिंग में बीबीसी से बात करते हुए, क्लेवरली ने कहा कि उनकी यात्रा असहमति के क्षेत्रों पर सीधे और स्पष्ट रूप से बोलने और जहां ऐसा करना हमारे पारस्परिक हित में है, वहां मिलकर काम करने का अवसर था।

रामास्वामी ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की वकालत की

भाषा। वाशिंगटन

राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में शामिल भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने चीन और ताइवान पर अमेरिका की आर्थिक निर्भरता घटाने के लिए भारत, दक्षिण कोरिया और जापान के साथ मजबूत रिश्ते कायम करने की वकालत की है।

पिछले हफ्ते रिपब्लिकन पार्टी की पहली प्राइमरी बहस के बाद अपनी लोकप्रियता में इजाफा दर्ज करने वाले 38 वर्षीय रामास्वामी ने मंगलवार को अपनी योजनाएं और विदेश नीति संबंधी विचार जाहिर किए।

रामास्वामी ने रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी की एक अन्य दावेदार निक्की हैली पर निशाना साधा, जिन्होंने विदेश नीति संबंधी मामलों का अनुभव न होने के कारण उनकी आलोचना की थी। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ एक मजबूत साझेदारी कायम करेंगे, जिसमें ताइवान के साथ निकट भविष्य में संघर्ष की स्थिति में मलक्का जलडमरूमध्य को बंद करने की भारतीय प्रतिबद्धता शामिल है। हम चीन और ताइवान पर हमारी आर्थिक निर्भरता घटाने के लिए दक्षिण कोरिया और जापान सहित अन्य सहयोगियों के साथ साझेदारी मजबूत करेंगे। उद्यमी से नेता बने रामास्वामी ने कहा कि वह रणनीतिक स्पष्टता के पक्षधर हैं और इस बात की वकालत करते हैं कि जब तक अमेरिका सेमीकंडक्टर स्वतंत्रता हासिल नहीं कर लेता, तब तक उसे ताइवान की मजबूती से रक्षा करनी चाहिए, और जब अमेरिका के लिए जोखिम कम हो, तो वह रणनीतिक अस्पष्टता की मुद्रा फिर से अपना सकता है।

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामशंकर, मोहम्मद गयस खान, मोहम्मद शरीफ खान और राम दुलारे सैनी मेमोरियल पब्लिक स्कूल समिति, उक्त सम्पति (area measuring 2530 Sq. Mtrs, out of Khasra No. 42) and (area measuring 2530 Sq. Mtrs., Portion of Khasra No. 42.) and (area measuring 1010 Sq. Mtrs), Situated in the village at Bhikaripur, Kasba Pargana Bangermau, Tehsil Safipur Distt. Unnao, मालिक है। उपरोक्त संपति मेरे मुवक्किल वर्धना फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विपणित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ Sale Deed dt. 27.06.2013, doc. No. 2882, और Sale Deed dt. 08.05.2014, doc. No. 3218, और Sale Deed dt. 30.07.2013, doc. No. 3359, कहीं खो गए हैं। इस सन्दर्भ में बांगरमऊ उत्तर प्रदेश पुलिस को सूचना दिनांक 02.03.2020 को G.D. No. 046 में दर्ज करवाई गई है। यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपति दस्तावेजों के साथ हमें इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that on the direction of our client RBL Bank, Mr. Raju and Mrs. Anuradha Devi are in process to purchase (availing loan from RBL Bank Ltd.) Property bearing New MPL No. WZ-256/F-13 measuring 157 Sq. Yds., built on Old Plot No. 5 (previous known as WZ-256/F-1), part of Khasra No. 1598, situated in the area of Village Naraina, in the abadi of colony now known as Inderpuri, New Delhi from - Mrs. Lata Garg (75% undivided share) and Ms. Ayushi Garg (25% undivided share), who purchased the said property from Mr. Jatin Basra vide Sale Deed dated 17.02.2022, Document No. 509.

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. **Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

बिहार के सरकारी स्कूलों में दुर्गा पूजा दिवाली, छठ की छुट्टियों में कटौती

भाषा। पटना

बिहार सरकार ने राज्य में संचालित सरकारी स्कूलों के लिए अवकाश का नया कैंडलर जारी कर छुट्टियों में काफी कटौती की है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों में निर्धारित कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाए जाने के मद्देनजर सरकार ने अभी तक दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा पर दी जाने वाली लंबी छुट्टियों में कटौती की है। शिक्षा विभाग ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी कर नए कैलेंडर को प्रभावी बनाया है। इसमें सितंबर से दिसंबर के बीच त्योहारी छुट्टियों की संख्या 23 से घटाकर 11 कर दी गई है।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सरकार ने छुट्टियों के संबंध में राज्य भर में एकरूपता लाने को कहा है और जिला

● भाजपा ने आरोप लगाया कि छुट्टियां कम करने का फैसला हिंदुओं के हित के विरुद्ध

शिक्षा पदाधिकारियों से विभाग की अनुमति बाद ही अतिरिक्त छुट्टियों की घोषणा करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि 31 अगस्त को रक्षा बंधन पर पहले ही प्रतिबंधित या वैकल्पिक अवकाश घोषित किया जा चुका है। सरकार द्वारा छुट्टियों की संख्या कम करने का निर्णय राज्य में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए उठाए गए कदमों का एक हिस्सा है। अधिसूचना के अनुसार, दुर्गा पूजा पर पहले मिलने वाली छह दिन की छुट्टियों को घटाकर तीन दिन कर दिया गया है वहीं, दिवाली से छठ तक मिलने वाली पूरे नौ दिनों की छुट्टियों को तीन हिस्से में बांट कर दिवाली पर एक दिन, चित्रगुप्त पूजा पर एक दिन और छठ पूजा पर दो दिन की छुट्टी घोषित की गई है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कक्षा एक से पांच (प्राथमिक) में 200 कार्य दिवस और कक्षा छह से आठ (उच्च प्राथमिक) में 220 कार्य दिवस प्रति शैक्षणिक वर्ष होने चाहिए। लेकिन स्कूलों में चुनाव, राजनीतिक गतिविधियों, त्योहारों, कानून और व्यवस्था से संबंधित मुद्दों, भर्ती परीक्षाओं, आपदा प्रबंधन गतिविधियों आदि के कारण शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं। इसके अलावा राज्य के स्कूलों में छुट्टियों में कोई एकरूपता नहीं है। छुट्टियों में एकरूपता सहित उपरोक्त मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, विभाग ने अब राज्य के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शेष शैक्षणिक दिनों के लिए छुट्टियों की सूची को संशोधित करने का निर्णय लिया है।

हालाँकि इस फैसले से विपक्षी भाजपा और सत्तारूढ़ महागठबंधन के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई है। भाजपा ने आरोप लगाया कि छुट्टियां कम करने का फैसला हिंदुओं के हित के खिलाफ है। भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा, शिक्षा विभाग अराजकता की स्थिति से गुजर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को तुरंत हिंदू विरोधी आदेश वापस लेना चाहिए। बिहार की महागठबंधन सरकार में शामिल राजद (राष्ट्रीय जनता दल) ने कहा कि आदेश में कुछ भी गलत नहीं है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, छुट्टियों को कम करने का निर्णय सरकारी स्कूलों में कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है।

यूट्यूब ने सामुदायिक मानकों के उल्लंघन पर भारत में 19 लाख वीडियो हटाए

नई दिल्ली(भाषा)। लोकप्रिय वीडियो स्ट्रीमिंग मंच यूट्यूब ने इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान भारत में सामुदायिक मानदंडों के उल्लंघन पर 19 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए थे। यह आंकड़ा किसी भी अन्य देश में मंच से हटाए गए वीडियो के मुकाबले अधिक है। यूट्यूब की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। समीक्षाधीन तिमाही में यूट्यूब ने वैश्विक स्तर पर सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने पर 64.8 लाख से अधिक वीडियो हटाए थे। इनमें 19 लाख से अधिक वीडियो भारत के ही रहे। यूट्यूब की सामुदायिक दिशानिर्देश प्रवर्तन रिपोर्ट से यह जानकारी मिलती है कि वीडियो स्ट्रीमिंग मंच को किस तरह की शिकायतें मिलीं और उसने उन पर क्या कार्वाई की। यूट्यूब ने भारत में शिकायतों पर कार्वाई करते हुए जनवरी-मार्च 2023 के दौरान 19 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए।

रक्षाबंधन पर नई दिल्ली में राखी बांधने आयीं बच्चियों को उपहार देतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

ताइवान को डराने के लिए सैन्य ताकत का इस्तेमाल कर रहा चीनः जोसेफ

भाषा। नई दिल्ली

ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने बुधवार को कहा कि ताइवान को डराने-धमकाने के लिए चीन तेजी से अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ताइवान को संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सार्थक रूप से भाग लेने की अनुमति देना शांति के लिए एकजुट होने के वैश्विक निकाय के दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करेगा। बीजिंग द्वारा एक नया मानचित्र जारी करने के कुछ दिनों बाद वू ने कहा कि चीन का विस्तारवाद ताइवान पर नहीं रुकता है और पूर्वी तथा दक्षिण चीन सागर में गतिविधियों का इस्तेमाल अपनी शक्ति का विस्तार करने और अपने क्षेत्रीय दावों को साबित करने के लिए किया जाता है। बीजिंग ताइवान को अपना अलग प्रांत मानता है और इस बात पर जोर देता है कि यदि आवश्यक हो तो बलपूर्वक इसे मुख्य भूमि के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए। हालांकि, ताइवान खुद को चीन से पूरी तरह अलग मानता है। ताइवान के विदेश मंत्री ने एक आलेख में कहा कि यूक्रेन पर रूस का आक्रमण इस बात की याद दिलाता है कि कैसे निरंकुशताएं मौत और विनाश के बारे में बहुत कम परवाह करती हैं तथा वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए इस तरह के खतरों को रोकना जरूरी है। सोमवार को, बीजिंग ने तथाकथित चीन के मानक मानचित्र का 2023 संस्करण जारी किया जिसमें ताइवान, दक्षिण चीन सागर, अरुणाचल और अक्साई चिन को चीनी क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है। भारत ने मानचित्र को खारिज कर दिया और चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र द्वारा यहां मीडिया को जारी किए गए लेख में कहा गया है कि ताइवान के लोग दशकों से ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता की यथास्थिति की रक्षा करने में संयत रहे हैं। वू ने कहा, हालांकि, जैसे-जैसे चीन की आर्थिक और सैन्य ताकत मजबूत हुई है, वह ताइवान को डराने के लिए अपनी सैन्य ताकत का इस्तेमाल करने में तेजी से आक्रामक हो गया है।

सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मनीष देसाई पीआईबी के प्रधान महानिदेशक नियुक्त

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मनीष देसाई को बुधवार को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) का प्रधान महानिदेशक नियुक्त किया गया। देसाई (1989 बैच) सरकार के प्रधान प्रवक्ता भी होंगे। वह बृहस्पतिवार को अवकाशप्राप्त कर रहे राजेश मल्होत्रा से प्रभार लेंगे। देसाई इस समय केंद्रीय संचार ब्यूरो के महानिदेशक हैं। वह मुंबई में पीआईबी के पश्चिम जोन के महानिदेशक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। देसाई भारत के समाचारपत्र पंजीयक (आरएनआई) के महानिदेशक, फिल्म डिवीजन में महानिदेशक और प्रसार भारती में महाप्रबंधक के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। देसाई ने अपने तीन दशक से अधिक के कॅरियर में आकाशवाणी और भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) में भी काम किया है। सरकार ने भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी भूपेंद्र कैंथोला को आरएनआई का प्रेस रजिस्ट्रार नियुक्त किया है। कैंथोला इस समय पीआईबी के महानिदेशक (पूर्वी जोन) हैं। आरएनआई में इस समय प्रेस रजिस्ट्रार धीरेंद्र ओझा को केंद्रीय संचार ब्यूरो का महानिदेशक बनाया गया है। पीआईबी गुवाहाटी में अतिरिक्त महानिदेशक जाने नामचू को पीआईबी कोलकाता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

सीआईएसएफ महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार नीना को

नई दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा की 1989 बैच की अधिकारी नीना सिंह को सीआईएसएफ महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, क्योंकि बल के सेवारत प्रमुख शील वर्धन सिंह 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। गृह मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गई है। नीना सिंह वर्तमान में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के मुख्यालय में विशेष महानिदेशक (डीजी) के पद पर तैनात हैं। सीआईएसएफ को नागरिक हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो और एयरोस्पेस और परमाणु क्षेत्र में संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। बिहार कैडर के 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी शील वर्धन सिंह को नवंबर 2021 में सीआईएसएफ डीजी नियुक्त किया गया था। वह बृहस्पतिवार को सेवा से सेवानिवृत्त हो जाएंगे। आदेश में कहा गया है कि नीना सिंह नियमित कार्यभार सौंपे जाने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, सीआईएसएफ महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगी। वह राजस्थान कैडर से हैं। उनके पति भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी रोहित कुमार सिंह केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के सचिव हैं।

भारत में जनवरी से जून तक विदेशी पर्यटकों की संख्या में 106% की वृद्धि

नई दिल्ली (भाषा)। भारत में इस साल जनवरी से जून तक आए विदेशी पर्यटकों की संख्या पिछले साल के मुकाबले 106 फीसदी अधिक है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जनवरी से जून 2022 के मुकाबले 2023 में इस दौरान विदेशी मुद्रा में भी वृद्धि हुई है। भारत कोविड-19 महामारी के बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। भारत में इस साल जनवरी से जून तक आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 43.80 लाख है जो 2022 में इस अवधि के दौरान आए पर्यटकों की संख्या (21.24 लाख) से 106 प्रतिशत अधिक है। जहां तक घरेलू पर्यटन का प्रश्न है तो यह आंकड़ा 2021 में 67.7 करोड़ था और 2022 में बढ़कर 173.1 करोड़ हो गया है। जम्मू कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि पर आंकड़े साझा करते हुए सूत्र ने कहा कि 2022 में यह आंकड़ा 1.8 करोड़ से अधिक था।

कर्नाटक में कांग्रेस के काम पूरे देश में दोहराए जाएंगेः राहुल

भाषा। मैसुरु (कर्नाटक)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि पार्टी ने कर्नाटक में लोगों से चुनाव से पहले किए गए प्रमुख वादों को पूरा किया है और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया नीत सरकार द्वारा किए गए कामों को पूरे देश में दोहराया जाएगा। कर्नाटक में एक और प्रमुख चुनावी वादा पूरा करते हुए कांग्रेस सरकार ने बुधवार को गृह लक्ष्मी योजना शुरू की जिसके तहत करीब 1.1 करोड़ महिलाओं को 2,000 रुपए की मासिक सहायता दी जाएगी। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार महाराजा कॉलेज मैदान में हुए एक सार्वजनिक कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर राहुल गांधी ने कहा, हम अपने वादों पर कायम हैं। हम कभी झूठे वादे नहीं करते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, कर्नाटक में हमने जो काम किए हैं, उन्हें पूरे देश में दोहराया जाएगा। गृह लक्ष्मी योजना कांग्रेस की चुनाव से पहले दी गई पांच गारंटी में से एक है। कांग्रेस ने मई में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया था।

राहुल ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस की पांच गारंटी महज योजनाएं नहीं बल्कि शासन का मॉडल है। उन्होंने गृह लक्ष्मी योजना को दुनिया की सबसे बड़ी नकद हस्तांतरण योजनौ भी कहा, जिसके तहत 2,000 रुपए सीधे लाखों महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए जाएंगे। कांग्रेस ने चुनाव के दौरान पांच गारंटियों - शक्ति, गृह ज्योति, अन्नभाग्य, गृह लक्ष्मी और युवा निधि - को लागू करने का वादा किया था। गांधी ने कहा कि शक्ति योजना के तहत महिलाएं कर्नाटक में कहीं भी सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकती हैं। जबकि गृह ज्योति योजना के तहत प्रति माह 200 यूनिट बिजली मुफ्त प्रदान की जाती है। अन्न भाग्य योजना 10 किलो चावल प्रदान किए जाते हैं, जबकि युवा निधि योजना के तहत ऐसे बेरोजगार स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को क्रमशः 3,000 रुपए और ।,500 रुपए प्रति माह देने का वादा है, जो 2022-23 शैक्षणिक वर्ष में परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के छह महीने के बाद भी नौकरी पाने में विफल रहे हैं। गांधी ने कहा, युवा निधि योजना को छोड़कर, चार गारंटी (शक्ति, गृह लक्ष्मी, गृह ज्योति और अन्न भाग्य) राज्य की महिलाओं के लिए हैं। इन चार गारंटियों के पीछे एक गहरी सोच है।

कांग्रेस सांसद गांधी ने कर्नाटक की महिलाओं की तुलना पेड़ की जड़ों से करते हुए कहा कि अगर जड़ें मजबूत हों तो पेड़ किसी भी तूफान को झेल सकता है। गांधी ने कहा कि पिछले साल अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कर्नाटक में 600 किलोमीटर की पैदल यात्रा के दौरान उन्हें एहसास हुआ कि महिलाएं देश में महंगाई से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों ने कांग्रेस को ए गारंटी देने के लिए प्रेरित किया था। केंद्र में भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इन दिनों एक फैशन है कि दिल्ली में सरकार केवल अरबपतियों के लिए काम करती है।

एनजीटी ने गंगा में प्रदूषण को लेकर वाराणसी निगमायुक्त को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने घरेलू और अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्ट जल को गंगा में छोड़े जाने के संबंध में वाराणसी नगर निगम के आयुक्त और चंदौली के जिला पंचायती राज अधिकारी को नोटिस जारी किया है। एनजीटी वाराणसी में सामने घाट, सनबीम स्कूल, रविदास पार्क, सराय नंदन और तिगरा मोड़ सहित कई स्थानों पर गंगा में अपशिष्ट जल छोड़े जाने के संबंध में एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि अधिकरण ने मई 2022 में इस मामले को देखने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। मामले की सुनवाई कर रही पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी जिसमें उसने रामनगर औद्योगिक क्षेत्र से उत्पन्न औद्योगिक अपशिष्टों को बहाने के लिए एक अलग नाले के निर्माण की सिफारिश की थी। रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि चंदौली में जिला पंचायती राज अधिकारी नगरपालिका के सीवेज के शोधन के लिए प्रबंधन प्रणाली विकसित कर सकते हैं।

पंजाब में राजस्व कर्मियों की हड़ताल की चेतावनी के बीच एस्मा लागू

भाषा। चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने राजस्व अधिकारियों और उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारियों की हड़ताल के आह्वान के मद्देनजर बुधवार को पूर्वी पंजाब आवश्यक सेवा (रखरखाव) अधिनियम (एस्मा) को लागू कर दिया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राजस्व अधिकारियों और उपायुक्त कार्यालयों के कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी जिसके कुछ घंटों के बाद एस्मा के प्रावधान लागू किए गए हैं। राजस्व विभाग की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार, सभी राजस्व अधिकारियों और उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारियों को 31 अक्टूबर या अगले आदेश तक कार्यालय नहीं छोड़ने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि आदेश का उल्लंघन करने पर एस्मा के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पहले मुख्य सचिव के माध्यम से वित्तीय आयुक्त (राजस्व) को पूर्वी पंजाब एस्मा के प्रावधानों को लागू करने का निर्देश दिया था ताकि राज्य के

● मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी

● उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 11 से 13 सितंबर तक काम बंद हड़ताल का आह्वान किया है

बाढ़ से जूझने के बीच अगर कर्मचारी हड़ताल पर जाते हैं तो उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू की जा सके। राजस्व पटवार यूनियन और राजस्व कानूनगो एसोसिएशन के बैनर तले दो हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल का आह्वान किया है। दरअसल, एक हफ्ते पहले संगरूर जिले में एक पटवारी और एक कानूनगो (दोनों राजस्व अधिकारियों) के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक मामला दर्ज किया गया था।

वहीं, उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 11 से 13 सितंबर तक काम बंद हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल के आह्वान के जवाब में, मान ने कर्मचारियों से कहा कि अगर वे हड़ताल पर जाते हैं, तो राज्य सरकार तय करेगी कि उन्हें काम वापस दिया जाए या नहीं। उनका इशारा इस ओर था कि कर्मचारी अपनी नौकरी गंवा सकते हैं। मान ने कहा कि हड़ताल के कारण जनता को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पंजाबी में एक पोस्ट में, मान ने कहा, जानकारी के अनुसार, रिश्वतखोरी मामले में शामिल अपने एक सहकर्मी के पक्ष में पटवारी, कानूनगो और अपनी निजी मांगों के लेकर डीसी (उपायुक्त) कार्यालय के कर्मचारी हड़ताल पर जाने वाले हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि वे हड़ताल पर जाने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन राज्य सरकार बाद में फैसला करेगी कि उन्हें वापस काम दिया जाए या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई शिक्षित बेरोजगार लोग हैं जो उनकी जगह काम करने को तैयार हैं, बस पंजाब के लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मान ने एक बयान में कर्मचारियों से अपने निहित स्वार्थों के लिए या भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कर्मियों के समर्थन में अपनी प्रस्तावित हड़ताल पर आगे नहीं बढ़ाने को कहा। मान ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बाद में राजस्व विभाग ने अपने आदेश में कहा कि राहत सामग्री की आवश्यक आपूर्ति का उचित रखरखाव, किसानों को फसल मुआवजे का वितरण और राज्य में लोक व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करने के लिए पटवारी, कानूनगो और क्षेत्र राजस्व अधिकारी और उपायुक्त कार्यालय में अन्य अधिकारियों की 24 घंटे जरूरत है। अमृतसर में एक कार्यक्रम में मान ने कहा कि कर्मचारियों का ऐसा व्यवहार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ब्लैकमेलिंग के आगे नहीं झुकेगी। राजस्व पटवार यूनियन और राजस्व कानूनगो एसोसिएशन ने दावा किया है कि उनके सदस्य के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है और प्राथमिकी वापस लेने की मांग की है।

एलपीजी के दाम में कटौती का बोझ पेट्रोलियम कंपनियों पर

भाषा। नई दिल्ली

पेट्रोलियम कंपनियों की चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में बंपर कमाई और कच्चे तेल के अपने उच्चतम स्तर से नीचे आने के बीच अनुमान जताया जा रहा है कि एलपीजी कीमतों में हुई 200 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती का बोझ सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां उठा सकती हैं। सूत्रों ने संकेत दिया कि इसके लिए सरकार संभवतः कोई सब्सिडी नहीं देगी। सरकार ने मंगलवार को आम लोगों पर महंगाई के असर को कम करने और आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए सस्ते एलपीजी सिलेंडर के वादे का मुकाबला करने के लिए घरेलू रसोई गैस की कीमतों में 200 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती की थी।

इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत ।,103 रुपए से घटकर 903 रुपए हो गई। उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए पहले से जारी प्रति सिलेंडर 200 रुपए की सब्सिडी को जोड़ने पर उनके लिए कीमत 703 रुपए होगी। सरकार और उद्योग सूत्रों ने कहा कि सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने अप्रैल-जून तिमाही में बंपर कमाई की और उसके बाद भी यह सिलसिला जारी है। इसके अलावा, घरेलू एलपीजी दरों को जिस कीमत पर तय किया जाता है, वह मार्च 2023 में 732 अमेरिकी डॉलर प्रति टन से घटकर इस साल जुलाई में 385 अमेरिकी डॉलर रह गई। उन्होंने कहा कि अगस्त में दरें बढ़कर 464 अमेरिकी डॉलर प्रति टन हो गई हैं, लेकिन फिर भी तेल कंपनियों के पास एलपीजी की कीमतों में कटौती करने की पर्याप्त गुंजाइश है। तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को एक टेलीविजन चैनल से बातचीत कहा था कि तीन तेल विपणन कंपनियों ने अच्छे कॉरपोरट नागरिक के रूप में कीमतों में कटौती की और अप्रैल-जून तिमाही के बहुत अच्छे मुनाफे का लाभ दिया। उन्होंने हालांकि सरकार के इस निर्णय के लिए सब्सिडी देने के बारे में पूछे गए सवालों का सीधा जवाब नहीं दिया। सूत्रों ने कहा कि कीमत में कटौती तेल कंपनियों के खाते में जाएगी और सरकार ने अब तक उन्हें सब्सिडी देने का संकेत नहीं दिया है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जब मार्चाअप्रैल में सऊदी सीपी (एलपीजी अनुबंध मूल्य) में उछाल आया था, तो तीनों कंपनियों को घाटा हुआ। उन्होंने कहा कि इस नुकसान की भरपाई अभी तक नहीं हुई है। उद्योग के एक सूत्र ने कहा कि यदि कीमत में कटौती करने के लिए बेंचमार्क दर में कमी ही एकमात्र मानदंड था, तो यह कटौती जुलाई में जानी चाहिए थी।

शाहरुख खान ने जवान की रिलीज से पहले वैष्णो देवी के दर्शन किए

जम्मू (भाषा)। सुपरस्टार शाहरुख खान ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म जवान की रिलीज से पहले जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पर्वत पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। एक अधिकारी ने बताया कि शाहरुख (58) मंगलवार देर रात मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने कहा, सुपरस्टार मंगलवार शाम को कटरा आधार शिविर पहुंचे और वे रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर नए ताराकोट मार्ग से मंदिर पहुंचे। उन्होंने पूजा-अर्चना की और उसके तुरंत बाद चले गए। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक छोटे-से वीडियो में मंदिर में अभिनेता को नीले रंग की जैकेट पहने हुए देखा गया और उनका चेहरा पूरी तरह ढंका हुआ था। वीडियो में वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों, कुछ पुलिसकर्मियों और अभिनेता के निजी कर्मियों को भी देखा जा सकता है। यह नौ महीने में दूसरी बार है जब शाहरुख ने वैष्णो देवी के दर्शन किए हैं।

भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए कांग्रेस और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के बीच 2008 के एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का मुद्दा उठाया और सवाल किया कि क्या इसी समझौते की वजह से उन्हें भारत के हितों के खिलाफ काम करने तथा भारतीय सुरक्षा बलों के मनोबल को ठेस पहुंचाने की जरूरत पड़ती है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया का यह बयान राहुल के उस आरोप को दोहराने के कुछ घंटे बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि लद्दाख गतिरोध के शुरुआती हफ्तों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कहना कि चीन ने भारतीय क्षेत्र के किसी भी हिस्से पर कब्जा नहीं किया है, पूरी तरह झूठ है। राहुल ने संवाददाताओं से कहा, पूरा लद्दाख जानता है कि चीन ने हमारी जमीन हड़प ली है।

इस पर पलटवार करते हुए भाटिया ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान चीन ने भारत

● क्या सीसीपी से समझौते के चलते राहुल सुरक्षा बलों के मनोबल को ठेस पहुंचाते हैंः भाजपा

की 43,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक जमीन पर कब्जा कर लिया था। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष से सवाल किया कि क्या वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री को गद्दार मानते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल ने हाल में गद्दार शब्द का इस्तेमाल उन लोगों के लिए किया था, जिन्होंने भारत माता का एक हिस्सा चीन को दे दिया।

भाटिया ने कहा कि राहुल को कांग्रेस और सीसीपी के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के विवरण का खुलासा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा दावा किया जा रहा कि समझौते के अनुसार उन्हें (राहुल) भारत के खिलाफ जासूसी करने और भारतीय सुरक्षा बलों का मनोबल तोड़ने की आवश्यकता है। भाटिया ने सवाल किया कि क्या इस एमओयू के तहत ही उन्हें एक ऐसे प्रधानमंत्री का मजाक उड़ाने की जरूरत पड़ती है, जो हर नागरिक के लिए सुरक्षा कवच है और जिन्होंने विश्व में भारत का मान बढ़ाया है। यह उल्लेख करते हुए कि चीन ने राजीव गांधी फाउंडेशन को भी दान दिया था, भाटिया ने सवाल किया कि क्या यह रिश्वत भारत के खिलाफ उनके बयानों का कारण है? उन्होंने जोर देकर कहा कि मोदी का नेतृत्व रहने के दौरान भारत की एक इंच जमीन पर कब्जा करने की कोई भी हिम्मत नहीं कर सकता। भाटिया ने कहा कि भारत के लोग 2024 के लोकसभा चुनावों में उन्हें फिर से आशीर्वाद देंगे और भाजपा बड़े जनादेश के साथ सत्ता में बनी रहेगी। इससे पहले दिन में, राहुल ने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन पर दावा करने वाला एक मानक मानचित्र चीन द्वारा जारी किए जाने के मुद्दे को बहुत गंभीर करार देते हुए कहा कि पड़ोसी देश ने लद्दाख में पहले ही भारत की जमीन हड़प ली है और प्रधानमंत्री मोदी को इस मुद्दे पर बोलना चाहिए। कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से कहा, मैं अभी-अभी लद्दाख से लौटा हूं और मैं वर्षों से कह रहा हूं कि प्रधानमंत्री ने जो कहा है कि लद्दाख में एक इंच भी जमीन नहीं गंवाई है, वह सरासर झूठ है। पूरा लद्दाख जानता है कि चीन ने हमारी जमीन हड़प ली है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राहुल गांधी की उनके इस दावे के लिए आलोचना की कि चीन ने भारत की जमीन हड़प ली है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आरोप आधारहीन हैं। उन्होंने दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान चीन ने भारत की जमीन कब्जा ली थी। राहुल के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जोशी ने पीटीआई-भाषा से कहा, राहुल गांधी के आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि गांधी को समझना चाहिए कि चीन ने जो भी जमीन हड़पी है, वह जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान हड़पी गई थी। उन्होंने कहा, वे उस क्षेत्र में कुछ गतिविधियां कर रहे हैं जो नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान हड़प ली गई थी।

बाबर व इफ्तिखार के शतक से पाक ने नेपाल को रौंदा

भाषा। मुल्तान

कप्तान बाबर आजम और इफ्तिखार अहमद की शतकीय पारियों और दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 131 गेंद में 214 रन की रिकॉर्ड साझेदारी के बाद गेंदबाजों के प्रभावशाली प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने एशिया कप एकदिवसीय टूर्नामेंट के पहले मैच में बुधवार को यहां नेपाल को 238 रन के बड़े अंतर से पराजित किया।

पाकिस्तान ने ग्रुप ए के इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 342 रन बनाने के बाद नेपाल की पारी को 23.4 ओवर में 104 रन पर समेट दिया। दोनों देशों के बीच यह पहला एकदिवसीय मैच है और पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने नेपाल के गेंदबाजों की अनुभवहीनता का पूरा फायदा उठाया। नेपाल के क्षेत्ररक्षकों ने खराब प्रदर्शन कर पाकिस्तान के बल्लेबाजों को 25 से 30 अधिक रन बनाने का मौका दिया।

बाबर ने 131 गेंद की पारी में 14 चौके और चार छक्के की मदद से 151 रन बनाए जबकि इफ्तिखार ने 71 गेंद की नाबाद पारी में 11 चौके और चार छक्के की मदद से 109 रन बनाए। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 214 रन की साझेदारी पाकिस्तान के लिए नया रिकॉर्ड है। इससे पहले यह रिकॉर्ड यूनूस खान और उमर अकमल (176 रन) के नाम था।

इफ्तिखार का यह पहला एकदिवसीय शतक है तो वही बाबर सबसे कम पारियों में 19 शतक पूरा करने वाले बल्लेबाज बन गए। बाबर ने अपने 19वें शतक तक पहुंचने के लिए 104 मैच और 102 पारी खेली।

इससे पहले यह रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के हासिम अमला के नाम था जो 104 पारी में इस मुकाम पर पहुंचे थे। इस सूची में भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली अब तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। कोहली 124 पारियों मे अपना 19वां एकदिवसीय शतक लगाया था। नेपाल के लिए सोमपाल कामी ने दो जबकि करण केसी और संदीप लामिछाने ने एक-एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल ने शुरूआती दो ओवर में तीन विकेट गंवा दिए। शाहीन शाह अफरीदी ने शुरुआती ओवर में लगातार गेंदों पर कुशल भुर्तेल (आठ) और कप्तान रोहित पौडेल (शून्य) को आउट किया। अगले ओवर में नसीम शाह ने आसिफ शेख (पांच) को चलता कर मैच पर पाकिस्तान का दबदबा बना दिया। इसके बाद आरिफ शेख (26) और सोमपाल (28) ने 78 गेंद में 59 रन की साझेदारी के साथ कुछ संघर्ष किया। हारिस रउफ ने इस साझेदारी को तोड़ा। इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने 31 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। आरिफ और सोमपाल के अलावा गुलशन झा (13) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। फखर जमां ने शानदार कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया।

पाकिस्तान के लिए शादाब खान ने चार जबकि शाहीन और रउफ ने दो-दो विकेट लिए। नसीम और मोहम्मद नवाज को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। सोमपाल और करण ने कसी हुई गेंदबाजी की जिसका फायदा नेपाल को छठे ओवर में मिला। करण की गेंद पर फखर (14) ने विकेटकीपर आसिफ को कैच दे दिया। अगले ओवर में पौडेल के सटीक थ्रो पर इमाम उल हक (पांच) रन आउट होकर पवेलियन लौटे।

इसके बाद बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने संभलकर बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया। पाकिस्तान की सबसे भरोसेमंद जोड़ी क्रीज पर थी और 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 44 रन था। रिजवान ने ललित राजबंशी और संदीप लामिछाने के खिलाफ चौके के साथ हाथ खोला तो वहीं बाबर ने भी लामिछाने की गेंद पर चार रन बटोरे।

स्कोर बोर्ड

पाकिस्तान पारीः फखर जमां का. आसिफ बो. करण 14, इमाम उल हकरन आउट (रोहित पौडेल) 05, बाबर आजम का स्थानापन्न (एस जोरा) बो सोमपाल 151 मोहम्मद रिजवान रन आउट (दीपेंद्र ऐरी) 44, आगा सलमान का भुर्तेल बो लामिछाने 05 इफ्तिखार अहमद नाबाद 109 शादाब खान बो सोमपाल 04 **अतिरिक्त (लेग बाईः** 01, नो बॉलः 02, वाइडः 07) 10 **कुल योगः** (50 ओवर मे छह विकेट पर) 342 रन **विकेट पतन** 1-21, 2-25, 3-111, 4-124, 5-338, 6-342 **गेंदबाजीः** सोमपाल कामी 10-0-85-2, करण केसी 9-0-54-1, गुलशन झा 4-0-35-0, ललित राजबंशी 10-0-48-0, संदीप लामिछाने 10-0-69-1, दीपेंद्र सिंह ऐरी 6-0-40-0, कुशल भुर्तेल 1-0-10-0

नेपाल पारीः कुशल भुर्तेल का रिजवान बो शाहीन 08, आसिफ शेख का इफ्तिखार बो नसीम 05, रोहित पौडेल पगबाधा शाहीन 00, आरिफ शेख बो रउफ 26, सोमपाल कामी का रिजवान बो रउफ 28, गुलशन झा का जमां बो शादाब 13, दीपेंद्र सिंह ऐरी बो नवाज 03, कुशल मल्ला का इफ्तिखार बो शादाब 06, संदीप लामिछाने बो शादाब 00, करण केसी नाबाद 07, ललित राजबंशी पगबाधा शादाब 00 **अतिरिक्त** : (लेगबाईः 04, वाइड : 04) **कुल योगः** (23.4 ओवर मे सभी आउट) 104 रन **विकेट पतनः**1-10, 2-10, 3-14, 4-73, 5-82, 6-90, 7-91, 8-91, 9-104 **गेंदबाजीः** शाहीन शाह अफरीदी 5-0-27-2, नसीम शाह 5-0-17-1, हारिस रउफ5-1-16-2, शादाब खान 6.4-0-27-4, मोहम्मद नवाज 2-0-13-1

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगी पीटी उषा

भाषा। चेन्नई

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) के उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेगी। सीजीएफ ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और खेल समिति के सदस्यों के पदों के लिए बुधवार को उम्मीदवारों की सूची जारी की।

उषा के अलावा कुक आइलैंड्स के ह्यू ग्राहम, बैरी हेंड्रिक्स (दक्षिण अफ्रीका), सैंड्रा ओसबोर्न (बारबाडोस), रिचर्ड पॉवर्स (कनाडा), इयान रीड (स्कॉटलैंड) और डॉ डोनाल्ड स्कैरे (युगांडा) भी उपाध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं।

उषा को पिछले साल दिसंबर में आईओए का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया था। सीजीएफ के अध्यक्ष पद के लिए क्रिस जेनकिंस (वेल्स) और केरेन स्मिथ (न्यूजीलैंड) दो उम्मीदवार मैदान में हैं।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार इस प्रकार हैं - अफ्रीकाः कर्नल बोत्सांग त्शेनेगो (बोत्सवाना)अ अमेरिकाः जूडी सिमंस (बरमूडा)अ एशियाः क्रिस्टोफर चान (सिंगापुर), मैक्सवेल डीसिल्वा (श्रीलंका), डॉ. पी टी उषा (भारत)अ कैरेबियनः एफ्रैम पेन (ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह)अ यूरोपः लुईस मैकी (इंग्लैंड), हैरी मर्फी (जिब्राल्टर), हेलेन फिलिप्स (वेल्स)अ ओशिनियाः क्रेग फिलिप्स (ऑस्ट्रेलिया) ।सीजीएफ की 14 और 15 नवंबर को सिंगापुर में होने वाली आम सभा में चुनाव कराए जाएंगे।

मेक्सिको सिटी के एज्टेका स्टेडियम में एक मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच के दौरान मेक्सिको, अमेरिका के करेन लूना (बाएं), स्पेन के बार्सिलोना के आइचा कैमारा को चुनौती देते हुए।

विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ज्यूरिख डायमंड लीग की अजेय लय को बरकरार रखने उतरेंगे

भाषा। ज्यूरिख

हाल ही में विश्व चैंपियन बने नीरज चोपड़ा गुरुवार को यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीट में नामी खिलाड़ियों के बीच पुरुषों के भाला फेंक प्रतिस्पर्धा में अपनी अजेय लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।

चोपड़ा ने रविवार को बुडापेस्ट में 88.17 मीटर की थ्रो के साथ अपना पहला विश्व चैंपियनशिप खिताब जीता। उन्होंने 2022 सत्र में रजत पदक जीता था। चेक गणराज्य के विश्व रिकॉर्ड धारक जान जेलेजनी और नॉर्वे के एंड्रियास थोरकिल्डसन के बाद भारतीय सुपरस्टार ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप दोनों खिताब जीतने वाले इतिहास में केवल तीसरे भाला फेंक खिलाड़ी बन गए।

जेलेजनी ने 1992, 1996 और 2000 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता जबकि 1993, 1995 और 2001 में विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीता। थोरकिल्ड्सन ने 2008 ओलंपिक और 2009 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। पच्चीस वर्षीय चोपड़ा इस सत्र में अजेय रहे हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप की जीत से पहले दोहा (पांच मई) और लुसाने (30 जून) में दो डायमंड लीग मीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। चोपड़ा विश्व चैंपियन बनने के चार दिन बाद ज्यूरिख में प्रतिस्पर्धा करेंगे तो उनका मुकाबला चेक गणराज्य के जैकब वडलेज (बुडापेस्ट में 86.67 मीटर के साथ कांस्य विजेता), जर्मनी के जूलियन वेबर और ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स जैसे परिचित प्रतिद्वंद्वियों से होगा। बुडापेस्ट में रजत पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम ज्यूरिख में नहीं होंगे। चोपड़ा ने पिछले साल डायमंड लीग फाइनल ट्रॉफी जीती थी। वह मौजूदा सत्र में दो स्पर्धाओं में 16 अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर हैं।

बीमारी के कारण एशिया कप से बाहर बांग्लादेशी विकेट कीपर लिटन दास

ढाका। बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास बीमारी के कारण बुधवार को एशिया कप से बाहर हो गए जिससे श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच से पूर्व उनकी टीम को करारा झटका लगा। दास वाइरल बुखार से उबर नहीं सके जिसकी वजह से श्रीलंका नहीं जा पाए। बांग्लादेश का सामना पहले मैच में श्रीलंका से होना है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने उनकी जगह 30 वर्ष के विकेटकीपर बल्लेबाज अनामुल हक बिजॉय को टीम में शामिल किया है जो बुधवार को टीम से जुड़ेंगे।

बोर्ड की राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष मिन्हाजुल अबेदिन ने कहा , अनामुल ने घरेलू क्रिकेट में रन बनाए हैं और हमने बांग्लादेश टाइगर्स कार्यक्रम में उनका प्रदर्शन देखा है। लिटन के उपलब्ध नहीं होने से उन्हें मौका दिया गया।

एशिया कप में पाकिस्तान है खतरनाक टीम : अश्विन

भाषा। चेन्नई

भारत के शीर्ष स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि एशिया कप में पाकिस्तान को हराना चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे खिलाड़ी उसे और खतरनाक बनाते हैं।

भारत और पाकिस्तान दोनों को खिताब के प्रबल दावेदार बताते हुए अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा , बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान अगर लगातार अच्छी पारियां खेलते रहे तो एशिया कप और विश्व कप में पाकिस्तान बेहद खतरनाक टीम होगी।

पाकिस्तान का सामना पहले मैच में नेपाल से है जबकि दो सितंबर को उसकी टक्कर भारत से होगी।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने पिछले तीनों वनडे जीते हैं। अश्विन का मानना है कि पाकिस्तानी टीम की गहराई उसे एशिया कप और विश्व कप में प्रबल दावेदार बनाती है।

उन्होंने कहा , पाकिस्तान के पास असाधारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। टेप बॉल क्रिकेट की वजह से उनके पास हमेशा बेहतरीन तेज गेंदबाज रहते हैं। उनकी बल्लेबाजी भी नब्बे और 2000 के दशक में अच्छी रही है। लेकिन विभिन्न टी20 लीगों में खेलने से पिछले पांच छह साल में उनकी बल्लेबाजी फिर बेहतर हुई है। पाकिस्तान सुपर लीग के अलावा वे बिग बैश लीग में भी खेल रहे हैं।

अश्विन ने कहा कि टीम को रणनीतिक फायदे के तौर पर एक गेंदबाज को क्रीज से बाहर निकलने वाले बल्लेबाज के आउट करने पर विचार करना चाहिए।

उन्होंने कहा, इनमें से कुछ नैतिक रूप से ऊंचे बनते हुए इस मामले में कहेंगे, हम इस तरह का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते। लेकिन स्मार्ट टीम इस तरह के बयानों का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करेंगी। यह रणनीतिक फायदा है।

उन्होंने कहा, मैंने आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में जब ऐसा किया था तो उसे पांच साल हो गए हैं। आज भी जब कुछ कह रहे हैं कि किसी को भी ऐसा नहीं करना चाहिए। मैं इसे अच्छी तरह से समझ सकता हूं कि वे ऐसा क्यों नहीं करना चाहते हैं। लेकिन मुझे हैरानी होती है कि आप अब भी उसी विचारधारा पर अटके हुए हो।

अश्विन ने कहा, मैंने हाल में इसके बारे में ट्वीट किया था। अभी तक मैंने और दीप्ति शर्मा ने भारत के लिए ऐसा किया है। और यही वजह है कि उसी हिस्से के लोग इसे स्वीकार रहे हैं। क्या हमने इंग्लैंड या आस्ट्रेलिया को अभी तक भारत के खिलाफ ऐसा करते हुए देखा है?

उन्होंने कहा, भारत के एक पत्रकार ने इस पर ट्वीट किया था और उनकी बात सही भी है। अगर विराट कोहली या रोहित शर्मा विश्व कप के मैच के दौरान किसी महत्वपूर्ण चरण पर इस तरह से आउट हो जाएं तो क्या हम फिर भी इसे स्वीकार करेंगे?

अश्विन ने कहा, जब ऐसा होगा, केवल तभी हम जान पाएंगे कि हमने इसे स्वीकार कर लिया है या नहीं। लेकिन हमें इसे स्वीकार करना चाहिए, भले ही यह हमारे साथ हो जाए क्योंकि गलती बल्लेबाज की है और बल्लेबाज कौन है, यह सवाल नहीं होना चाहिए।

भारत-पाक मुकाबले से पहले पंड्या ने कहा, आपके जज्बे और व्यक्तित्व की परीक्षा है

चेन्नई। आल राउंडर हार्दिक पंड्या को लगता है कि एशिया कप 2023 सिर्फ भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला नहीं है और इससे भारतीय टीम के खिलाड़ियों के जज्बे और व्यक्तित्व की परीक्षा होगी। भारत एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत रविवार को पालेकल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। दोनों टीमें अगर फाइनल में पहुंचती हैं तो दोनों के बीच तीन मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। टूर्नामेंट से पहले पंड्या ने भारत-पाक मुकाबले की प्रतिद्वंद्विता और इसमें जुड़ी भावनाओं के बारे में बात की। पंड्या ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसमें मैंने देखा है कि इससे आपके जज्बे और व्यक्तित्व की परख कैसे होती है। और साथ ही यह दिखाता है कि आप पानी में कितनी गहराई तक तैर सकते हो (आप कितने दबाव को झेल सकते हो)। इसलिए मुझे ए सभी चीजें रोमांचित करती हैं। उन्होंने कहा, काफी भावनाएं खेल प्रेमियों से जुड़ी होती हैं। हमारे लिए एक अच्छी टीम से खेलना महत्वपूर्ण है, ऐसी बहुत अच्छी टीम के खिलाफ मुकाबला खेलना जिसने हाल के समय में काफी अच्छा खेल दिखाया हो।

पंड्या ने साथ ही जिक्र किया कि पाकिस्तान जैसी टीम के खिलाफ मुकाबले भावनाओं में बहने के नहीं बल्कि सोच समझकर फैसले करने के बारे में होते हैं।

उन्होंने कहा, हम बाहर की भावनाओं को बाहर ही रखने की कोशिश करते हैं और अच्छा क्रिकेट खेलने पर ध्यान लगाते हैं। हम इसके बारे में ज्यादा भावनात्मक नहीं हो सकते क्योंकि फिर कुछ फैसले लापरवाही भरे हो सकते हैं जिसमें मैं विश्वास नहीं करता। लेकिन साथ ही यह बड़ा टूर्नामेंट है।

एशिया कप वनडे प्रारूप में हो रहा है जो भारत में अक्टूबर-नवंबर में खेले जाने वाले आईसीसी विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल की तरह है। इस प्रारूप के बारे में बात करते हुए पंड्या ने कहा कि परिस्थितियों का अंदाजा लगाने के साथ रणनीतिक मानसिकता इसमें अहम भूमिका निभाती है।

उन्होंने कहा, यह प्रारूप ऐसा है कि आपके पास सोचने के लिए थोड़ा ज्यादा समय रहता है। यह ऐसा प्रारूप है जिसमें आप ढल सकते हो, आपको परिस्थितियों का आदी होना होता है क्योंकि खेल 50 ओवर तक चलता है और अच्छी टीम के खिलाफ खेलने के लिए आपको शत प्रतिशत बढ़िया क्रिकेट खेलना होता है। पंड्या ने कहा, बतौर क्रिकेटर मेरे लिए मेरी मानसिकता सिर्फ इस तथ्य से बदलती है कि मैं वनडे प्रारूप की मांग के अनुसार तैयारी कैसे शुरु करता हूं और अगर तैयारी ठीक होती है तो मैं मैदान में जाकर हालात को पढ़ लूंगा।

प्रज्ञानानंदा का घर पहुंचने पर नायकों की तरह स्वागत

चेन्नई। फिडे विश्व कप में रजत पदक जीतकर फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय शतरंज स्टार आर प्रज्ञानानंदा का स्वदेश पहुंचने पर बुधवार को भव्य स्वागत किया गया। प्रज्ञानानंदा ने इस मौके पर कहा कि उन्हें स्वर्ण पदक चूकने का मलाल है लेकिन रजत जीतना भी शानदार प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि अगली बार वह इसका चैम्पियन बनना चाहेंगे।

प्रज्ञानानंदा को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 30 लाख रुपए और एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जब एक पत्रकार उनसे पूछा कि क्या उन्हें शतरंज विश्व कप फाइनल में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से हारने का कोई अफसोस है। उन्होंने कहा, मुझे कुछ पछतावा है... लेकिन रजत पदक एक शानदार परिणाम है। मेरा ध्यान मुख्य प्रतियोगिता (विश्व कप) जीतने पर है। प्रज्ञानानंदा मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए अलवरपेट स्थित उनके आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन, प्रज्ञानानंदा के माता-पिता के अलावा अधिकारी उपस्थित थे।

विलक्षण प्रतिभा के धनी इस खिलाड़ी ने मुख्यमंत्री को वह रजत पदक दिखाया जो उन्होंने 2023 फिडे विश्व कप में जीता था। स्टालिन ने कहा कि प्रज्ञानानंदा की उपलब्धियों ने तमिलनाडु और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। चेन्नई लौटने पर उन्हें इस प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी से मुलाकात करने की खुशी है। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, मुझे प्रज्ञानानंदा को एक स्मृति चिन्ह और 30 लाख रुपए के इनाम से सम्मानित करने का मौका मिला। यह खेल में युवा प्रतिभाओं को पोषित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रज्ञानानंदा अपनी इस लय को जारी रखे और आने वाली चुनौतियों में भी विजई बनें। स्टालिन से मुलाकात के बाद प्रज्ञानानंदा ने कहा, राज्य सरकार का समर्थन खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम करता है। राज्य में 44वें शतरंज ओलंपियाड के आयोजन से शतरंज को बढ़ावा मिला। मैं मुख्यमंत्री और खेल मंत्री को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। इससे पहले यहां हवाई अड्डे पर प्रदेश के खेल विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उनके प्रशंसक निकास द्वार पर जमा थे और उन्हें फूलों का गुलदस्ता, शॉल और फूलों का मुकुट प्रदान किया। उनके बाहर निकलने पर उन पर फूल बरसाए गए और कलाकारों ने तमिलनाडु के लोकनृत्य प्रस्तुत किए। उन्होंने अपने वाहन के दोनों तरफ खड़े मीडिया से कहा , मैं इस स्वागत से अभिभूत हूं। उनकी मां नागलक्ष्मी भी अपने 18 वर्षीय बेटे के स्वागत से भाव विभोर थी। भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा को बाकू में फिडे विश्व कप फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने हराया। इसके बावजूद उन्होंने अपने प्रदर्शन से करोड़ों देशवासियों का दिल जीत लिया।

इंग्लैंड की महिला क्रिकेटरों को मिलेगी पुरुषों के समान मैच फीस

लंदन। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपने देश की महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को पुरुषों के समान में फीस देने का फैसला किया है। इंग्लैंड में पुरुष और महिला क्रिकेटरों के बीच वेतन के अंतर को खत्म करने की दिशा में कदम उठाने की सिफारिश इंडिपेंडेंट कमीशन फॉर इक्विटी इन क्रिकेट ने अपनी एक रिपोर्ट में की थी। दो महीने पहले प्रकाशित की गई इस रिपोर्ट में इंग्लैंड में पुरुष और महिला क्रिकेटरों के बीच भेदभाव को उजागर किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि इंग्लैंड के पुरुष खिलाड़ियों को सीमित ओवरों के मैच के लिए जितना वेतन मिलता है महिला खिलाड़ियों को उसका केवल 20.6 प्रतिशत वेतन ही मिलता है। ईसीबी ने कहा कि महिला खिलाड़ियों के वेतन में वृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इंग्लैंड की महिला खिलाड़ियों को श्रीलंका के खिलाफ इस सप्ताह से शुरू होने वाली टी-20 श्रृंखला में बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड गाउल्ड ने कहा, हम सभी चाहते हैं कि क्रिकेट महिला खिलाड़ियों की पहली पसंद बने।



न्यूयॉर्क में यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में बेल्जियम की ग्रीट मिनेन के खिलाफ मैच के दौरान प्रतिक्रिया करती वीनस विलियम्स

सीनियर खिलाड़ियों की कमी खलेगी : शाकिब अल हसन

भाषा। पालेकल

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने बुधवार को लिटन दास जैसे अनुभवी खिलाड़ी की अनुपस्थिति पर निराशा व्यक्त की लेकिन कहा कि उनके पास एशिया कप में उनकी कमी को पूरा करने के लिए काफी खिलाड़ी हैं। बांग्लादेश का सामना गुरुवार को यहां छह बार और गत चैम्पियन श्रीलंका से होगा।

लेकिन टीम अनुभवी दास, तमीम इकबाल और इबादत हुसैन के बिना होगी क्योंकि सभी विभिन्न कारणों से बाहर हो गए हैं। दास वायरल बुखार से नहीं उबर सके हैं जबकि इकबाल और हुसैन चोटिल हैं।

शाकिब ने कहा, निश्चित रूप से, इनकी (अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति) कमी खलेगी। अगर आप लिटन के बारे में बात करो तो वह पिछले चार या पांच वर्षों से टीम का हिस्सा रहा है और वह निरंतर बांग्लादेश के लिए अच्छा भी कर रहा है।

उन्होंने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, लेकिन इसका मतलब है कि इससे किसी अन्य खिलाड़ी को मौका मिलेगा और मुझे उम्मीद है कि वे इस मौके का पूरा इस्तेमाल करेंगे।

शाकिब ने उम्मीद जताई कि तौहिद हृदय जैसे युवा खिलाड़ी एशिया कप में अच्छा करेंगे जो 2020 में बांग्लादेश की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे।

शाकिब ने कहा, जहां तक तौहिद का संबंध है तो वह इस साल हमारे लिए वास्तव में अच्छा खेल रहा है। उसने हाल में एलपीएल (लंका प्रीमियर लीग) में हमारे लिए काफी अच्छा किया है और इससे एशिया कप के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

शाकिब ने कहा कि बांग्लादेश की निगाहें आगामी आईसीसी विश्व कप 2023 में अच्छे प्रदर्शन पर लगी होगी लेकिन उनका ध्यान अभी फिलहाल एशिया कप में अच्छा खेलने पर लगा है।

उन्होंने कहा, किसी भी अन्य टीम की तरह हम विश्व कप पर नजरें गड़ाए हैं। एशिया कप काफी बड़ा टूर्नामेंट है और हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। यहां अच्छे प्रदर्शन से हमारा विश्व कप से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा।

डूरंड कप सेमीफाइनलः मोहन बागान के सामने एफसी गोवा की चुनौती

भाषा। कोलकाता

डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खराब शुरुआत के बाद लय हासिल कर चुकी इंडियन सुपर लीग की मौजूदा चैम्पियन मोहन बागान की टीम गुरुवार को सेमीफाइनल में जब एफसी गोवा के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठा कर फाइनल में पहुंचे की होगी।

मोहन बागान की चिर-प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल ने पहले ही नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की कर ली है। मोहन बागान के लिए यह अतिरिक्त प्रेरणा का काम करेगा। टीम अगर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करती है तो उसके पास लीग चरण में ईस्ट बंगाल से मिली हार का बदला चुकता करने का मौका होगा।

गोवा के कोच मानोलो मार्केज के लिए हालांकि अच्छी खबर यह है कि उनके निलंबित खिलाड़ी इस मैच से वापसी करेंगे लेकिन टीम टूर्नामेंट में पहली बार साल्ट लेक स्टेडियम में खेलेगी। उसने इससे पहले अपने भी मुकाबले गुवाहाटी में खेले थे। पहले सेमीफाइनल में घरेलू दर्शकों ने ईस्ट बंगाल के लिए 12वें खिलाड़ी का काम किया था जिससे टीम ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ मैच के ज्यादातर समय में पिछड़ने के बाद आखिरी क्षणों में शानदार वापसी की। मोहन बागान को भी इस मैच में दर्शकों से ऐसी ही उम्मीद होगी।

एफसी गोवा से हालांकि टीम को कड़ी चुनौती मिलेगी जिसने क्वार्टर फाइनल में चेन्नइयिन एफसी जैसी मजबूत टीम को 4-। के बड़े अंतर से हराया था।

गोवा के कोच ने कहा, हम जानते हैं कि हमारा सामना एक बेहद मजबूत टीम से है। इस टीम ने मजबूत खिलाड़ियों के लिए काफी पैसे भी खर्च किए है। उनके पास व्यावहारिक रूप से सर्वश्रेष्ठ युवा भारतीय खिलाड़ियों (अनिरुद्ध) थापा, सहल (अब्दुल समद) है। उन्होंने विदेशी खिलाड़ियों के मामले में भी कुछ बड़े नामों से करार किया है। मोहन बागान का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में उनकी आठ मैचों की जीत का सिलसिला ईस्ट बंगाल के खिलाफ समाप्त हुआ था। टीम में कई बड़े खिलाड़ी है और कोच जुआन फर्नांडो के लिए सबसे बड़ी चुनौती संतुलित टीम चुनने की होगी। मोहन बागान ने क्वार्टर फाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 3-। से शिकस्त दी थी लेकिन कोच फर्नांडो गोवा को कमजोर नहीं आंक रहे है।

उन्होंने कहा, मुंबई की तरह गोवा भी संतुलित टीम है। इस बार टीम पिछले सत्र से अलग है, हर मैच अलग है। मैंने गोवा के सभी मैच देखे हैं, मुझे उनकी टीम के बारे में अच्छी जानकारी है।